# Samyak
An Institute For Civil Services

# करेंट अफेयर्स

## मासिक समसामयिकी

## अक्टूबर 2024













### विशेष आकर्षण

- अंतर्राष्ट्रीय घटनाचक्र
- राष्ट्रीय घटनाचक्र
- राजस्थान घटनाचक्र
- रक्षा/विज्ञान प्रौद्योगिकी
- आर्थिक घटनाचक्र
- खेल जगत

**सभी प्रतियोगी परीक्षाओ के लिए उपयोगी**




# INDEX


| | | पेज नं. |
|---|---|---|
| 1 | राजस्थान परिदृश्य | 1 – 19 |
| 2 | राष्ट्रीय परिदृश्य | 20– 21 |
| 3 | आर्थिक परिदृश्य | 22 – 27 |
| 4 | अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य | 28 – 35 |
| 5 | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 36 – 39 |
| 6 | खेल | 40 –43 |
| 7 | पुरस्कार एवं सम्मान | 44 – 45 |
| 8 | चर्चित व्यक्तित्व | 47 – 50 |
| 9 | चर्चित स्थल | 51 - 53 |
| 10 | महत्त्वपूर्ण तथ्य | 54 - 57 |
| 11 | रिपोर्ट्स एवं इंडेक्स | 58 – 60 |
| 12 | प्रमुख दिवस एवं सप्ताह | 61 - 64 |


# मासिक करेंट अफेयर्स

## अक्टूबर : 2024

**Near Riddhi-Siddhi Circle, Gopalpura Bypass, Jaipur**

# 1- राजस्थान परिदृश्य

## राजस्थान इकोनॉमिक रिवाइवल टास्क फोर्स का गठन

- इसका गठन 14 अक्टूबर 2024 को किया गया।
- उद्देश्य: राजस्थान में वित्त, आर्थिक प्रबंधन, बुनियादी ढांचे, कृषि और विकासात्मक आदि क्षेत्रों के विकास करना।
- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 'राजस्थान इकोनॉमिक रिवाइवल टास्क फोर्स (RERTF) का गठन किया गया है।
- राज्य बजट वर्ष 2024-25 घोषणा की अनुपालना में इस संबंध में आदेश जारी किया गया है।
- टास्क फोर्स की उपाध्यक्ष: उप मुख्यमंत्री (वित्त)
- सदस्य सचिव: सचिव वित्त (बजट)

**टास्क फोर्स के सदस्य (11 सदस्य)**

1. उप मुख्यमंत्री (परिवहन और उच्च शिक्षा)
2. उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री
3. ऊर्जा मंत्री
4. कृषि मंत्री
5. मुख्य सचिव
6. अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त
7. अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा
8. अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन
9. प्रमुख सचिव उद्योग एवं वाणिज्य
10. प्रमुख सचिव कृषि एवं उद्यानिकी
11. सचिव आयोजना

- नामित सदस्य: 5 (वित्त, आर्थिक प्रबंधन, बुनियादी ढांचे, कृषि और विकासात्मक क्षेत्रों से विषय विशेषज्ञ)
- इस टास्क फोर्स का कार्यकाल 31 मार्च, 2028 तक रहेगा।
- इसकी बैठक वर्ष में कम से कम एक बार आयोजित की जाएगी।
- इसका प्रशासनिक विभाग वित्त विभाग रहेगा।
- टास्क फोर्स द्वारा प्रमुख आर्थिक क्षेत्रों की पहचान, नीति निर्माण और कार्यान्वयन, कौशल विकास और शिक्षा, बुनियादी ढांचे का विकास, नवाचार और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा, एमएसएमई और स्टार्टअप को बढ़ावा, पर्यटन और सांस्कृतिक विरासत, हरित विकास को बढ़ावा देने सहित प्रदेश की आर्थिक एवं रोजगार वृद्धि जैसे विषयों के संबंध में अभिशंसा की जाएंगी।

## राजस्थान विधान सभा उपचुनाव-2024 की घोषणा

- राजस्थान विधान सभा में 7 रिक्त सीटों पर उपचुनाव भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 अक्टूबर 2024 को घोषित किया गया।
- इन 7 सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान 13 नवम्बर को होगा तथा मतगणना 23 नवम्बर को होगी।
- राजस्थान में झुंझुनूं, रामगढ़ (अलवर), दौसा, सलूम्बर (उदयपुर) चौरासी (डूंगरपुर), खींवसर (नागौर) और देवली उनियारा (टोंक) विधान सभा सीटों पर उपचुनाव होंगे।
- उपचुनाव की घोषणा के साथ ही संबंधित राजस्व जिलों में आचार संहिता लागू हो गई है।
- आचार संहिता का प्रभाव क्षेत्र सम्पूर्ण दौसा और डूंगरपुर जिले तथा अलवर, झुंझुनू, टोंक, नागौर और सलूम्बर के पुनर्गठित राजस्व जिले रहेंगे।
- राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी: श्री नवीन महाजन
- राजस्थान राज्य चुनाव आयुक्त (राज्य निर्वाचन आयोग): श्री मधुकर गुप्ता
- नोट: राज्य निवाचन आयोग पंचायती राज संस्थानों और नगरीय निकायों के चुनाव करवाता है।
- भारत निर्वाचन आयोग राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, लोकसभा, राज्यसभा, विधसभा, विधान परिषद के चुनाव करवाने के लिए उत्तरदायी है।

## राइजिंग राजस्थान समिट हेतु 5 देश कंट्री पार्टनर बनेंगे

- राइजिंग राजस्थान समिट के साथ डेनमार्क, जापान, दक्षिण कोरिया, टर्की और आस्ट्रेलिया कंट्री पार्टनर के रूप में जुड़ेंगे।
- इन सभी देशों ने राज्य सरकार को इस संदर्भ में सहमति दी गई है।

## राइजिंग राजस्थान पर्यटन प्री -समिट

- राइजिंग राजस्थान समिट में पर्यटन क्षेत्र में 14,000 करोड़ रुपये के 142 निवेश प्रस्तावों के एमओयू हुए है।
- राज्य में राजस्थान पर्यटन विकास बोर्ड का गठन होगा और राजस्थान टूरिज्म इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड कैपेसिटी बिल्डिंग फंड बनाया जाएगा।
- इसके अलावा रिप्स- 2024 में स्टैंडर्ड सर्विसेज पैकेज के तहत इन्सेंटिव हेतु पर्यटन के लिए निवेश की न्यूनतम सीमा 50 करोड़ रुपए से घटाकर 10 करोड़ रुपए कर दी गई है।

## राइजिंग राजस्थान अर्बन सेक्टर प्री-इंवेस्टमेंट समिट

- इसका आयोजन 14 अक्टूबर 2024 को जयपुर में किया गया।
- इसका आयोजन राज्य के नगरीय विकास विभाग द्वारा किया गया।
- इस समिट में निवेशकों द्वारा राज्य सरकार के साथ 76,400 करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।
- नगरीय विकास मंत्री: श्री झाबर सिंह खर्रा

## खान और पेट्रोलियम सेक्टर इन्वेस्टमेंट का राइजिंग राजस्थान प्री समिट

- इसका आयोजन 8 नवम्बर 2024 को जयपुर में किया जाएगा।
- माइंस और पेट्रोलियम सेक्टर के राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट के प्री समिट में 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों के एमओयू हस्ताक्षर होंगे।
- राज्य का माइनिंग सेक्टर निवेश, रोजगार और राजस्व की दृष्टि से तेजी से आगे बढ़ रहा है।
- खान विभाग के प्रमुख शासन सचिव: श्री टी. रविकान्त

**'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024**

- आयोजन: 9-11 दिसम्बर 2024 को जयपुर में।
- इसका उद्घाटन 9 दिसंबर को, प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किया जाएगा।
- इसकी थीम ''REPLETE, RESPONSIBLE, READY'' है।
- लक्ष्य: राजस्थान को अगले 5 वर्षों में 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना तथा 'विकसित राजस्थान' कार्य योजना को आगे बढ़ाना है।
- यह आयोजन राजस्थान सरकार के तत्वाधान में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन (BIP) और राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन (रीको) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।
- इसका नोडल विभाग ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन (BIP) है।
- फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) इस समिट पार्टनर है।
- इस इन्वेस्टमेंट समिट का नॉलेज पार्टनर PWC इंडिया है।

## मुख्यमंत्री की जर्मनी यात्रा

- राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने अपनी यूरोप यात्रा के दौरान जर्मनी को इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का पार्टनर कंट्री बनने के लिए आमंत्रित किया।
- इसके अलावा नीमराणा जापानी निवेश क्षेत्र की तर्ज पर राजस्थान में जर्मन निवेशकों के लिए एक विशेष निवेश क्षेत्र स्थापित करने की भी पेशकश की।
- सीएम ने जर्मनी के बवेरिया राज्य और राजस्थान के बीच एक सिस्टर पार्टनरशिप स्थापित करने का भी प्रस्ताव रखा, जिसमें अक्षय ऊर्जा पर विशेष जोर दिया जाएगा।

## जर्मनी में इन्वेस्टर रोड शो और एमओयू हुए

- मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने अपनी जर्मनी यात्रा के दौरान म्यूनिख में 16 अक्टूबर 2024 को 'राइजिंग राजस्थान' इन्वेस्टर रोड शो में भाग लिया।
- इस इन्वेस्टर रोड शो में राजस्थान सरकार ने अल्बाट्रॉस प्रोजेक्ट्स, फ्लिक्सबस, पार्टेक्स एनवी, वेली टेक्निक्स जीएमबीएच, और इंगो शिमट्ज जैसी कई बड़ी जर्मन कंपनियों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए।
- ये कंपनियां रक्षा मोबिलिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, विकास जैसे क्षेत्रों में काम करती हैं।

## फ्लिक्सबस का राज्य सरकार से एमओयू

- राइजिंग ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जर्मनी में रोड शो के दौरान ट्रेवल टेक कंपनी फ्लिक्सबस ने राजस्थान सरकार से 16 अक्टूबर 2024 को एमओयू किया।
- इसके तहत राज्य सरकार और फ्लिक्सबस बस परिवहन की ढांचागत सुविधाओं को बेहतर बनाएगी।
- फ्लिक्सबस के सीईओ: आंद्रे श्वाम्मलेन

## राजस्थान का यूएई से अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में तीन लाख करोड़ रुपए का एमओयू




- राजस्थान में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में 22 अक्टूबर 2024 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और यूएई के निवेश मंत्री मोहम्मद हसन अल सुवेदी की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।
- इस एमओयू के तहत राज्य में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में तीन लाख करोड़ रुपए का निवेश होगा।
- यह निवेश राजस्थान के पश्चिमी जिलों में 60 गीगावाट क्षमता की सोलर विंड एवं हाईब्रिड परियोजना की स्थापना हेतु किया जाएगा।
- यूएई के निवेश मंत्री मोहम्मद हसन अल सुवेदी और उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव अजिताभ शर्मा ने इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए।
- इसके तहत परियोजनाओं में अक्षय ऊर्जा की आधुनिकतम तकनीक का उपयोग होगा।
- इससे राज्य की ऊर्जा संबंधी जरूरतें पूरी होंगी।
- नोट: केन्द्र सरकार ने देश में 500 गीगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा है।

### 'कैपेसिटी बिल्डिंग फॉर डिजाइन एंड आंत्रप्रिन्योरशिप' प्रोजेक्ट

- राजस्थान में मालवीय नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी, जयपुर को पहली बार 'कैपेसिटी बिल्डिंग फॉर डिजाइन एंड आंत्रप्रिन्योरशिप प्रोजेक्ट दिया गया है।
- इस प्रोजेक्ट की शुरूआत 16 अक्टूबर 2024 को की गई।
- यह प्रोजेक्ट भारत सरकार की मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन ने मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत 5 साल के लिए दिया गया है।
- इस प्रोजेक्ट के पहले चरण में 287 टीचिंग फैकल्टी में से 32 फैकल्टी को शामिल किया गया है।
- उद्देश्य: स्टूडेंट्स और फैकल्टी मेंबर्स को शिक्षा के नए आयामों से जोड़ना, टीचिंग फैकल्टी में ज्ञान कौशल और क्षमताओं का विकास करना।
- इस प्रोजेक्ट पर स्टूडेंट्स और फैकल्टी दोनों मिलकर 'लर्निंग बाय डूइंग' मैथड के साथ काम करेंगे।
- इस प्रक्रिया में फैकल्टी और स्टूडेंट्स के लिए आंत्रप्रिन्योरशिप, इनोवेशन डिजाइन थिंकिंग के कोर्स और मॉड्यूल डवलप किए जाएंगे।

### डवलपमेंट प्रमोशन एंड कंट्रोल रेगुलेशन

- राजस्थान सरकार ने राज्य में डवलपमेंट प्रमोशन एंड कंट्रोल रेगुलेशन 14 अक्टूबर 2024 से लागू कर दिए गए हैं।
- राजस्थान के नगरीय विकास विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।
- इससे लोगों को भू-उपयोग परिवर्तन की लबी प्रक्रिया को समाप्त कर दिया गया है।
- इसके तहत निर्धारित मापदंड के तहत स्थानीय स्तर पर ही स्वीकृति मिल जाएगी।
- इससे शहरों में सामुदायिक सुविधा, शैक्षणिक-चिकित्सा सुविधाओं के लिए भू-रूपांतरण और आवंटन की प्रक्रिया भी आसान होगी।
- शहरों में मास्टर प्लान के क्रियान्वयन, सुनियोजित विकास और आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने में आसानी होगी।
- इस रेगुलेशन के लागू होने से निकाय, विकास प्राधिकरण, नगर विकास न्यास को भी राज्य सरकार के पास प्रकरण भेजने की जरूरत नहीं रहेगी।

### राजस्थान क्लीन एनर्जी पॉलिसी 2024 का ड्राफ्ट

- राजस्थान सरकार अक्षय ऊर्जा (सोलर, विंड, पम्प स्टोरेज) क्षेत्र के लिए अलग-अलग पॉलिसी के स्थान पर एक ही पॉलिसी लाएगी।
- इस हेतु 'राजस्थान क्लीन एनर्जी पॉलिसी 2024' का ड्राफ्ट तैयार किया गया है।
- इसमें अक्षय ऊर्जा (सस्ती बिजली) उत्पादन का लक्ष्य 90,000 हजार मेगावाट से बढ़ाकर 1.25 लाख मेगावाट किया है।
- इसके तहत राज्य में 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक निवेश का लक्ष्य रखा है।
- अक्षय ऊर्जा प्लांट में निवेश करने वाली कंपनी को सस्ती बिजली का कुछ हिस्सा डिस्कॉम्स को सप्लाई करना अनिवार्य होगा।
- इसके तहत 1 मेगावाट सोलर प्लांट/ हाईब्रिड प्रोजेक्ट के लिए 3 हेक्टेयर जमीन के बजाय 2.5 हेक्टेयर जमीन आवंटित की जाएगी।

**नीति के लक्ष्य (मेगावाट में)**

| अक्षय ऊर्जा | वर्तमान | प्रस्तावित |
|---|---|---|
| सोलर | 65000 | 80000 |
| विंड व हाइब्रिड | 15000 | 20000 |

### राजस्थान टेक्सटाइल एंड अपैरल पॉलिसी -2024 का ड्राफ्ट जारी

- राजस्थान में पहली बार कपड़ा उद्योग के लिए अलग से पॉलिसी लागू की जाएगी।
- राजस्थान सरकार ने राजस्थान टेक्सटाइल एंड अपैरल पालिसी-2024 का ड्राफ्ट 4 अक्टूबर 2024 को जारी कर दिया।
- इसमें कपड़ा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए नए प्रावधान किए हैं।
- मुख्य उद्देश्य: वर्ष 2029 तक टेक्सटाइल सेक्टर में 15 हजार करोड़ रुपए का निवेश व दो लाख नए रोजगार पैदा करना है।
- कपड़ा उद्योग को पूर्व में रिप्स-2022 के तहत न्यूनतम 13% कैपिटल सब्सिडी मिलती थीं। जिसे बढ़ाकर न्यूनतम 25% कर दिया है। इससे नए कपड़ा उद्योगों की स्थापना होगी।
- इस नीति की तहत नई कपड़ा यूनिट में सोलर प्लांट पर 50% अनुदान दिया जाएगा।
- इस सेक्टर में कुछ शर्तें पूरी करने पर प्रति श्रमिक प्रतिमाह 3,000 रुपए का अनुदान उद्यमी को मिलेगा।
- सरकार ने कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) को बढ़ावा देने के लिए भी पॉलिसी में प्रावधान किया है।
- यदि टेक्सटाइल से जुड़ी बड़ी मशीनें या ट्रेनिंग यूनिट एक उद्यमी के लगाने की क्षमता से बाहर है, तो कुछ यूनिट मिलकर कॉमन फैसिलिटी सेंटर विकसित कर सकते उसमें भी 50% या 10 करोड़ रु. अनुदान का प्रावधान किया है।
- नए उद्योगों के लिए स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन में 100% छूट मिलेगी।
- **नोट:** राज्य सरकार ने एक जिला- एक उत्पाद के तहत भीलवाड़ा के कपड़ा व रेडिमेड उद्योग को शामिल किया है।

### 'अभी नहीं' अभियान

- राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा 24 अक्टूबर

2024 से बाल-विवाह रोकने के लिए इस अभियान की शुरुआत की गई।

- इसकी थीम – "पहले सपने साकार हो...फिर शादी पर विचार हो" है।
- यह अभियान बाल-विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने तथा बाल विवाह मुक्त शहर व गांवों की परिकल्पना पर आधारित है।
- यह अभियान बाल विवाह मुक्त शहर व गांव की परिकल्पना पर आधारित कैंपेन शुरू किया है।
- इसके तहत गांव के सरपंचों, जिला एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों, वरिष्ठ नागरिकों, पंचों, वार्ड मेंबर, प्रधानाचार्य, पैरालीगल वॉलेंटियर को अभियान से जोड़ा जाएगा।

## 'ह्यूमन राइट्स' पर कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम

- यह प्रोग्राम राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) व राजस्थान पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा।
- ह्यूमन राइट्स से जुड़े विषयों पर पुलिस ऑफिसर्स का दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम 25-26 अक्टूबर 2024 को राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में किया जाएगा।
- इसमें आईजी, डीआईजी व एसपी स्तर के 40 अधिकारी शामिल हुए।
- इसमें अलग- अलग सत्र में मानवाधिकारों से जुड़े समसामयिक मुद्दों पर अधिकारियों को जागरूक किया जाएगा।

## 'सशक्त बारां प्रगति को शक्ति' अभियान

- इसके तहत 16 अक्टूबर से 30 अक्टूबर, 2024 तक बारां जिले में समस्त ब्लॉक स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।
- इस पहल का उद्देश्य दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं के प्रति जागरूक बनाना और उन्हें मुख्यधारा में शामिल करना है।
- इस अभियान के माध्यम से दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भरता, गरिमा और समावेशिता प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।
- इसके अलावा दिव्यांगजनों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए जिले के सरकारी कार्यालयों में रैंप और अन्य सहायक सुविधाओं का निर्माण किया गया है।

## ब्यावर में सूचना का अधिकार के बारे में जागरूकता हेतु संग्रहालय बनेगा

- राजस्थान के ब्यावर में सूचना के अधिकार की जानकारी नई पीढी तक पहुंचाने के लिए नरबदखेडा में संग्रहालय स्थापित किया जाएगा।
- इसका 19 अक्टूबर को शिलान्यास किया जाएगा।
- वर्ष 1996 में शुरू हुए राजस्थान में ब्यावर के चांगगेट से सूचना के अधिकार हेतु देश में पहली बार कानून की मांग की गई थी।
- सूचना का अधिकार कानून मांग की अगुवाई अरुणा रॉय ने की थी।
- राजस्थान में तत्कालीन सीएम भैंरोसिंह शेखावत ने पंचायती राज में आरटीआइ को लागू किया।
- अशोक गहलोत ने सीएम बनने पर आरटीआइ कानून बनाया।
- वर्ष 2003 में वसुंधरा राजे ने केन्द्र में मंत्री रहते देश में आरटीआइ कानून के लिए पहला ड्राफ्ट बनवाया।
- देश में 12 अक्टूबर 2005 में सूचना का अधिकार कानून लागू हुआ।

## गोवर्धन परिक्रमा मार्ग क्षेत्र धार्मिक पर्यटन नगरी के रूप में विकसित होगा

- गोवर्धन परिक्रमा मार्ग के राजस्थान में पड़ने वाले क्षेत्र को धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से विकास किया जाएगा।
- राज्य सरकार इस क्षेत्र को ब्रज क्षेत्र की शिल्प व स्थापत्य कला के एक नए केन्द्र के रूप में विकसित करेगी।
- इस प्रस्तावित प्रोजेक्ट के तहत गोवर्धन परिक्रमा के राजस्थान क्षेत्र को धार्मिक नगरी के रूप में विकसित किया जाएगा।
- यहाँ वैदिक विश्वविद्यालय, वाटर फ्रंट डवलपमेंट, ग्रीन बेल्ट डवलपमेंट, कृष्ण लीलाओं से संबंधित थियेटर, गोशाला तथा यात्रियों के लिए बस टर्मिनल एवं पार्किंग जैसी सुविधाएं विकसित होगी।
- इस प्रोजेक्ट में भगवान कृष्ण की 100 मीटर ऊंची विराट मूर्ति का निर्माण होगा।
- इसमें 84 कोस परिक्रमा मार्ग का विकास तथा कई धार्मिक स्थलों के लिए एक नई टाउनशिप विकसित करने की भी योजना है।
- राज्य सरकार द्वारा अप्सरा कुंड और नवल कुंड के मूल स्वरूप विकसित किया जाएगा।
- यह परियोजना पूरी तरह पर्यावरण अनुकूल होगी तथा इसमें नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) के मापदंडों का पूरी तरह से पालन किया जाएगा।

## विश्व में पहली बार कृत्रिम गर्भाधान से गोडावण का जन्म हुआ

- राजस्थान के जैसलमेर में सुदासरी स्थित ब्रीडिंग सेंटर में आर्टिफिशियल इनसेमिनेशन (कृत्रिम गर्भाधान) से गोडावण का जन्म हुआ है।
- गोडावण को कृत्रिम गर्भाधान से उत्पन्न करने करने वाला भारत विश्व का पहला देश है।
- गोडावण दुनिया के दुर्लभ पक्षियों में शामिल है और राजस्थान का राज्य पक्षी है।
- रामदेवरा स्थित ब्रीडिंग सेंटर में एक नर गोडावण को कृत्रिम मेटिंग के लिए प्रशिक्षित किया गया और उसका स्पर्म मादा गोडावण में इंजेक्ट किया गया।

- गोडावण के कृत्रिम गर्भाधान की तकनीक अबूधाबी के इंटरनेशनल फंड फॉर हुबारा कंजर्वेशन फाउंडेशन से प्रेरित है जहाँ तिलोर पक्षी पर इस तरह का सफल परीक्षण किया गया था।
- इस संदर्भ में भारत के वैज्ञानिकों ने इस तकनीक का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## PKC-ERCP का पहला चरण

- पार्वती-कालीसिंध-चंबल ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट (PKC-ERCP) के पहले चरण में नवनेरा-गलवा-बीसलपुर-ईसरदा लिंक परियोजना के तहत कार्य किया जाएगा।
- इसके तहत 200 किमी लम्बाई में नहर सिस्टम और 2.6 किमी. में टनल तैयार की जाएगी।
- पहले चरण में रामगढ़-महलपुर में बैराज और नवनेरा पंप हाउस बनेगा तथा पानी बीसलपुर-ईसरदा बांध तक पहुंचेगा।
- वर्ष 2028 तक बीसलपुर और ईसरदा बांध तक चंबल का पानी लाने की योजना है।

**PKC-ERCP का महत्व (For RAS Mains 2025)**

- जल संग्रहण क्षेत्र और भू-जल स्तर में वृद्धि होगी।
- कृषि उत्पादन में वृद्धि जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी।
- पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।
- राजस्थान के 10 जिलों (नव गठित 17 जिले) में बाढ़ व सूखे की स्थिति कम होगी।
- उद्योगों को जल की उपलब्धता के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार होगा।

## राजस्थान में वर्ष 2025 से ग्रीन बजट पेश होगा

- उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान में अगले वर्ष से अलग से ग्रीन बजट पेश होगा।
- पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए ऐसा किया जाएगा।
- वन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख): अरिजीत बनर्जी

## 'अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना'

- यह योजना लाभान्वितों का दायरा बढ़ाने और रीलॉन्च की सिफारिश के कारण चर्चा में रही है।
- राजस्थान सरकार द्वारा दलित और आदिवासी विद्यार्थियों के लिए वर्ष 2007 में जमवारामगढ़ (जयपुर) के मूंडला में डॉ. भीमराव अंबेडकर पीठ की स्थापना की थी।
- यह योजना वर्ष 2017 में इस पीठ के माध्यम से राजस्थान में प्रति वर्ष 5 दलित छात्रों के लिए विदेशी विश्वविद्यालयों में शोध करने के लिए शुरू की गई।
- इस योजना के तहत तीन वर्ष में 25 लाख रुपये के अनुदान का प्रावधान है।

**छात्रवृत्ति के लिए पात्रता**

- राजस्थान का मूल निवासी अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र-छात्रा।
- आयु सीमा 35 वर्ष।
- परिवार की वार्षिक आय छह लाख।
- 55% अंकों के साथ अंबेडकर से संबंधित विधि, समाजशास्त्र, लोक प्रशासन, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र व मानव शास्त्र में से किसी एक विषय में स्नातकोत्तर।

## जयपुर 5 सफारी वाला देश का पहला शहर बना




- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 7 अक्टूबर 2024 को नाहरगढ़ जैविक उद्यान जयपुर में टाइगर सफारी उद्घाटन किया।
- जयपुर देश का ऐसा पहला शहर बन गया, जहां पर्यटकों के लिए 5 सफारी हैं। यहाँ 2 लेपर्ड, 1 एलिफेंट और 1 लॉयन सफारी और 1 टाइगर सफारी है।
- यह राजस्थान की यह पहली टाइगर सफारी है, जिसे चिड़ियाघर में शुरू किया गया है।
- राजस्थान में 3 नेशनल पार्क, 26 अभयारण्य, 36 कन्जर्वेशन रिजर्व और 4 बायोलॉजिकल पार्क विकसित किए हैं।
- यह सफारी 4.5 करोड़ की लागत से तैयार की गई है।
- नाहरगढ़ जैविक उद्यान में 30 हैक्टेयर में 8 के आकार में दो ट्रैक तैयार किए गए हैं।
- राजस्थान में 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर वन्य जीव सप्ताह मनाया जा रहा है।
- नोट: जयपुर जिले में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा 2 नए पार्क विकसित किए हैं।
  1. नगर वन - जीरोता
  2. बायो-डायवर्सिटी पार्क - नेवटा
- राजस्थान के नगरीय विकास राज्यमंत्री: श्री झाबर सिंह खर्रा
- राजस्थान के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री: श्री संजय शर्मा
- इस जैविक उद्यान में 2 बाघ शावकों का नामकरण किया गया जिसमें नर शावक का नाम भीम और मादा शावक का नाम स्कंधी रखा है।

- नाहरगढ़ वन्य जीव अभयारण्य 5240 हैक्टेयर में विस्तृत है, जिसमें से 720 हैक्टेयर में नाहरगढ़ जैविक उद्यान विकसित किया गया है।

## राज्य का पहला पम्पड स्टोरेज प्रोजेक्ट

- यह प्रोजेक्ट बारां के शाहाबाद ब्लॉक में स्थापित किया जाएगा।
- इसे ग्रीनको एनर्जी प्रा. लि. द्वारा लगाया जाएगा।
- राजस्थान में ऐसे 17 प्रोजेक्ट स्थापित किए जाएंगे। इनमें 20 हजार मेगा वॉट बिजली बनाने की क्षमता होगी।
- बारां का शाहाबाद ब्लॉक 19 हजार हैक्टेयर में फैला राजस्थान का दुर्लभ जैव विविधता वाला डीप फोरेस्ट है।
- वर्ष 2021 में इसे कंजर्वेशन रिजर्व घोषित किया गया था।

## राजस्थान का पहला क्रोकोडाइल पार्क कोटा में बनेगा

- मगरमच्छों का संरक्षण हेतु कोटा के देवली अरब में वनभूमि पर राजस्थान का का पहला क्रोकोडाइल पार्क बनेगा।
- क्रोकोडाइल पार्क देवली अरब पर स्मृति वन के निकट 2.5 हैक्टेयर भूमि पर विकसित किया जाएगा।
- इस क्रोकोडाइल पार्क में दर्शकों के लिए यहां व्यू प्वॉइंट भी बनाया जाएगा।
- नोट: कोटा में चंबल, चंदलोई, किशोरपुरा तालाब समेत रायपुरा नाले में बड़ी संख्या में मगरमच्छ पाए जाते हैं।

**कोटा के देवली अरब स्मृति वन की विशेषताएं**

- क्षेत्र: 25.38 हैक्टेयर में विस्तृत
- बजट: 13.55 करोड़ रुपए
- 2.5 हैक्टेयर में क्रोकोडाइल पार्क
- 6400 पेड़-पौधे
- 351 मीटर तालाब की पाल
- 1700 मीटर रनवे पाथ

## जयपुर में पर्यटन को प्रोत्साहन हेतु आइकॉनिक डेस्टिनेशन बनेंगे




- जयपुर के परकोटा (विश्व विरासत परकोटा स्थल), जलमहल और आमेर को आइकॉनिक टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जाएगा।
- इन डेस्टिनेशन को 18 माह में 250 करोड़ की लागत से विकसित किया जाएगा।
- केन्द्र सरकार की स्पेशल असिस्टेंट टू स्टेट फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट-डवलपमेंट ऑफ आइकॉनिक टूरिस्ट सेंटर्स टू ग्लोबल स्केल के तहत यह राशि पर्यटन विभाग को मिलेगी।

## राजस्थान का पहला एग्रो प्रोसेसिंग कॉम्प्लेक्स

- राजस्थान का पहला एग्रो प्रोसेसिंग कॉम्पलेक्स जोधपुर में विकसित किया जाएगा।
- यह कॉम्पलेक्स निजी संस्थान द्वारा विकसित किया जाएगा। इस हेतु राज्य के कृषि विभाग के सचिव रंजन विशाल व निजी कंपनी के बीच एमओयू किया गया है।
- इस प्रोजेक्ट के लिए 100 करोड़ का केपिटल इनवेस्ट मेंट व 50करोड़ की वर्किंग केपिटल का निवेश होगा।
- निजी कंपनी द्वारा यह कॉम्पलेक्स जर्मनी टेक्नोलॉजी पर आधारित होगा।
- इसमें राज्य सरकार द्वारा निजी फर्म को भूमि उपलब्ध करवाई जाएगी। जिस पर कंपनी द्वारा वर्ष 2026 तक प्लांट लगाया जाएगा।
- इसमें किसानों से फल, सब्जियाँ और मसाले खरीदकर उनकी ग्रेडिंग की जाएगी इसके बाद उत्पाद के हिस्सों को प्रोसेस कर उपउत्पाद बनाए जाएंगे और इन्हें कोल्ड स्टॉरेज में रखा जाएगा इससे प्रोडेक्ट की क्वालिटी महिनों तक खराब नहीं होगी।
- इन प्रोडेक्ट को पैक करने के लिए पैक हाउस बनाया जाएगा, जहां इनकी विशेष पैकिंग होगी।
- इन सभी कार्यों को पूरा करने के लिए छह अलग-अलग वेयर हाउस स्थापित किए जाएंगे।

## प्रतापगढ़ में महाभारतकालीन शैलचित्र मिले




- प्रतापगढ़ में कांठल के जंगलों में हजारों वर्ष पुराने पांडवों के शैलचित्र शैलचित्र मिले हैं।
- इनकी खोज जिले के पर्यावरणविद् मंगल मेहता ने की हैं।
- इन चित्रों में आगे एक महिला (द्रौपदी) व उसके पीछे 5 पुरुष (पांडव) चल रहे हैं।
- यह चित्र पांडवों के अज्ञातवास को दर्शाता है।
- यहां गुफाओं में शैलचित्र प्राप्त हुए हैं एवं इनके आसपास कई किलोमीटर दूर तक कुछ प्रागैतिहासिक चिन्ह, मूर्तियां, भित्ति चित्र, उपकरण, कप मार्क्स, चारदीवारी युक्त आवास, भूमिगत चेंबर, कुई, बावड़ी, स्टोन एज के मोर्टार ओखली रिंग स्टोन, विचित्र से मिट्टी के पात्र के टुकड़े भी मिले हैं।

## औद्योगिक डवलपमेंट हेतु राजस्थान में 31 औद्योगिक हब विकसित होंगे

- औद्योगिक डवलपमेंट हेतु राजस्थान सरकार द्वारा 31 नए औद्योगिक हब विकसित किए जाएंगे।
- इन क्षेत्रों में 7,000 से अधिक नई इंडस्ट्री विकसित की जाएगी। इस हेतु लगभग 12 हजार एकड़ जमीन चिन्हित की गई है।
- इनमें पेट्रो जोन के अलावा मेडीटेक मेडिकल डिवाइस पार्क, ग्लोबल टेक्नोलॉजी एंड एप्लीकेशन सेंटर जैसे बड़े जोन विकसित किए जाएंगे।
- इसके अलावा नए औद्योगिक क्षेत्रों में ऑटोमोबाइल, हैवी इंजीनियरिंग, फार्मास्यूटिकल, टैक्सटाइल, गारमेंट, रिन्यूएबल एनर्जी प्रोडक्ट, ई-वेस्ट, प्लास्टिक वेस्ट, फार्मा-एपीआई, डिफेंस मेन्युफेक्चरिंग सहित अन्य प्रोडक्ट की इंडस्ट्री लगेगी।
- इससे राजस्थान में निवेश व रोजगार में वृद्धि होगी।

| | |
|---|---|
| **जयपुर** | • **कुंजीबिहारीपुरा, जयपुर:** ऑटोमोबाइल, हैवी इंजीनियरिंग, फर्नीचर, गारमेंट, इलेक्ट्रिकल।<br>• **बिचून, जयपुर:** रिन्यूएबल प्रोडक्ट, सोलर मॉड्यूल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, स्टोनबेस।<br>• **हुक्कन निमोड़िया, जयपुर:** गारमेंट, एपरेल पार्क, फुटवियर।<br>• **अमृत ग्लोबल टेक्नोलॉजी एंड एप्लीकेशन सेंटर, जयपुर:** फिनटेक एंड फाइनेंशियल सर्विस, आईटी, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, मशीन लर्निंग, बिजनेस इंक्यूबेशन, प्लगप्ले।-<br>• **इंटीग्रेटेड रिसोर्स रिकवरी पार्क, जयपुर:** रिसाइक्लिंग, वेस्ट टू वेल्थ, ईवेस्ट-, प्लास्टिक वेस्ट, बैटरी, व्हीकल स्क्रेपिंग, मेटल। |
| **जोधपुर** | • **बोरानाड़ा एक्सटेंशन, जोधपुर:** फर्नीचर, हैंडीक्राफ्ट, इलेक्ट्रिकइलेक्ट्रॉनिक्स-, टैक्सटाइल, एग्रोफूड।<br>• **केरू, जोधपुर:** स्टील, फर्नीचर, एग्रो प्रोसेसिंग, स्टोन।<br>• **कांकाणी, जोधपुर:** रिन्यूएबल एनर्जी प्रोडक्ट, सोलर मॉड्यूल, स्टील, टैक्सटाइल, हैवी इंजीनियरिंग।<br>• **मेडीटेक मेडिकल डिवाइस पार्क, जोधपुर:** मेडिकल इंजीनियरिंग इंस्ट्रूमेंट, सर्जिकल उपकरण, हॉस्पिटल फर्नीचर, टेक्नीकल टैक्सटाइल मेडिकल प्रोडक्ट, मास्क उत्पाद। |
| **बालोतरा** | • **पेट्रो जोन, बालोतरा:** प्लास्टिक, टेक्नीकल टैक्सटाइल, फार्माएपीआई-, केमिकल, रबर एवं पीयू बेस इंडस्ट्री। |
| **अलवर** | • **सालरपुर, भिवाड़ी:** ऑटोमोबाइल, हैवी इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकलइलेक्ट्रॉनिक्स-, एफएमसीजी औद्योगिक इकाई की संभावना। |
| **चित्तौडगढ़** | • **सोनियाना:** ग्लास एवं सेरेमिक, टैक्सटाइलमेंटगार-, स्टोन। |
| **कोटा** | • **गुंदी फतेहपुरिया:** स्टोन, एग्रो प्रोसेसिंग, इंजीनियरिंग। |
| **बीकानेर** | • **गजनेर:** सेरेमिक, मिनरल्स, एग्रो, वूल प्रोसेसिंग। |




## वीरगाथा प्रोजेक्ट

- यह राजस्थान के शिक्षा विभाग द्वारा शुरू की गई पहल है।
- यह प्रोजेक्ट देशभक्ति की भावना जगाने के लिए 17 अक्टूबर 2024 से राज्य के स्कूलों में शुरू होगा।
- इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शौर्य पुरस्कार प्राप्त वीरों की वीरता एवं बहादुरी की जानकारी देना है।
- ऐसे महापुरुषों की जीवनियों का प्रसार कर विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना जागृत करना है।
- प्रोजेक्ट के तहत चित्रकला, कविता, निबंध जैसी गतिविधियों में विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।
- इसमें राष्ट्रीय स्तर पर 100 विजेताओं का चयन किया जाएगा।
- सर्वश्रेष्ठ को राष्ट्रीय स्तर पर रक्षा मंत्रालय एवं केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

### ऑपरेशन वज्र प्रहार

- यह जयपुर रेंज के पुलिस प्रशासन की पहल है।
- इसके तहत क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु वांछित अपराधियों को पकड़ने और निरुद्ध करने के लिए अभियान चलाया गया।
- यह जयपुर रेंज के सभी जिलों में संचालित किया गया।
- जयपुर रेंज आईजी: अजयपाल लांबा
- राजस्थान पुलिस महानिदेशक: उत्कल रंजन साहू

### ऑपरेशन गरिमा

- यह जयपुर पुलिस द्वारा शुरू किया गया है।
- यह महिलाओं को सुरक्षा और कानून संबंधी जानकारी देने के लिए 15 दिन का अभियान है।
- ऑपरेशन गरिमा की शुरुआत 1 अक्टूबर 2024 को जागरूकता रैली के साथ की गई।
- यह अभियान 1 से 15 अक्टूबर तक चलेगा।
- इसके तहत महिला गरिमा हेल्पलाइन 1090 पर मिल रही शिकायतों के संबंध में प्रभावी मॉनिटरिंग होगी।

### अतुल्य अलवर अभियान

- अलवर जिला प्रशासन द्वारा जिले को स्वच्छ बनाने के लिए नवाचार करते हुए ' अतुल्य अलवर' अभियान शुरु किया गया है।
- इसके तहत स्वच्छता संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।
- अतुल्य अलवर स्वच्छता अभियान के सफल क्रियान्वयन और सुचारू संचालन के लिए वार्ड-वार पर्यवेक्षण अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।
- यह अभियान तीन चरणों में संचालित किया जाएगा।
- कचरा संवेदनशील बिंदु निर्धारित कर वहां वृक्षारोपण एवं सेल्फी पॉइंट बनाए जाएंगे।
- इस अभियान का उद्देश्य अलवर शहर को कचरा मुक्त, क्लीन शहर, प्लास्टिक फ्री, वाटर प्लस और ओडीएफ प्लस शहर के रूप में स्थापित करना है।

### 'सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़ा

- यह अभियान राजस्थान सरकार के निर्देश पर 5 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक चलाया गया।
- इसके तहत 1000 थानों में 3.51 लाख महिला व छात्राओं को गांव-गुवाड़, नुक्कड़- मौहल्लों और प्रमुख स्थानों पर महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।
- राजस्थान के सभी थानों से जुड़ी सक्रिय सुरक्षा सखियों के माध्यम से महिलाओं को जागरूक किया गया।
- इस हेतु राज्य सरकार द्वारा सभी जिलों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए थे।

### आपरेशन कवच

- क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (RTO) द्वारा राज्य में 8 अक्टूबर 2024 से अवैध वाहनों के खिलाफ ऑपरेशन कवच का शुरू किया गया।

### गांधी वाटिका

- राज्य के कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा गांधी वाटिका ( गांधी दर्शन म्यूजियम) का संचालन 2 अक्टूबर 2024 को (गांधी जयंती) शुरू किया गया।
- यह म्यूजियम जयपुर के सेंट्रल पार्क में स्थित है।
- इसका संचालन 'कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा किया जाएगा की ओर नव निर्मित गांधी वाटिका (गांधी दर्शन म्यूजियम) का संचालन शुरू होगा।
- इसमें पर्यटकों के लिए गांधी वाटिका में गांधी जी के बचपन, उनकी जीवन यात्रा, दक्षिण अफ्रीका यात्रा, सत्याग्रह, भारत छोड़ो आंदोलन, चौरी- चोरा आंदोलन इत्यादि को दर्शाया गया है।

### महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशल साइंसेस संस्थान

- यह जयपुर में स्थित है।
- यह संस्थान 21 अक्टूबर 2024 से शुरु किया गया।
- यह एक स्वायत्तशासी संस्थान के रूप में गवर्नेंस और संबंधित क्षेत्रों में अध्यापन, अनुसंधान और प्रशिक्षण प्रदान करेगा।
- यहां गवर्नेंस और सोशल साइंसेज से जुड़े विषयों के साथ-साथ गांधी दर्शन का भी अध्ययन किया जाएगा।
- इसके नए सिलेबस में क्लाइमेट चेंज, स्टेट पॉलिसी, इकोनॉमिक्स, सोशलॉजी और पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और डिग्री जैसे कोर्स भी उपलब्ध होंगे।
- इस संस्थान का अधिनियम विधानसभा से पारित हो चुका है।
- कुलसचिव, महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशल साइंसेज: सोमित्र नाथ झा

### जयपुर फुट निर्माण केंद्र मलावी में स्थापित होगा

- दक्षिण पूर्वी अफ्रीकी देश मलावी में भारत सरकार के सहयोग से मलावी के द्विव्यांगों के पुनर्वास के लिए एक स्थायी जयपुर फुट निर्माण केन्द्र स्थापित किया जाएगा।
- हाल ही में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने मलावी यात्रा के दौरान जयपुर फुट निर्माण केंद्र स्थापना की घोषणा की है।
- इस हेतु भारत सरकार और भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (BMVSS) जयपुर मलावी के केन्द्र को मशीनें, अन्य उपकरण और 1000 से 1500 फुट उपलब्ध कराएगा।

### अजमेर में डबल डेकर इलेक्ट्रिक क्रूज शुरू

- अजमेर के आनासागर झील में डबल डेकर इलेक्ट्रिक क्रूज का 4 अक्टूबर 2024 को उद्घाटन किया गया।
- इस क्रूज में 75-75 सीटें पहले व दूसरे तल पर हैं तथा रूफ टॉप रेस्त्रां भी है।
- इसमें तरह-तरह के देशी-विदेशी फूड ऑन पेमेंट यात्रियों को सर्व किए जाएंगे।

### 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार

- केंद्र सरकार द्वारा 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कारों की घोषणा 14 अक्टूबर को की गई।
- इसके तहत 9 श्रेणियों में संयुक्त विजेताओं सहित 38 विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।
- इनमें सर्वश्रेष्ठ राज्य, सर्वश्रेष्ठ जिला, सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत, सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय, सर्वश्रेष्ठ स्कूल या कॉलेज, सर्वश्रेष्ठ उद्योग, सर्वश्रेष्ठ जल उपयोगकर्ता संघ, सर्वश्रेष्ठ संस्थान (स्कूल या कॉलेज के अलावा) और सर्वश्रेष्ठ नागरिक समाज शामिल हैं।

**वर्ष 2023 के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्य**

1. ओडिशा
2. उत्तर प्रदेश
3. गुजरात और पुडुचेरी (संयुक्त रूप से)

**जल संरक्षण व जल प्रबंधन के लिए सर्वश्रेष्ठ जिले**

- उत्तरी जोन से - गांदरबल (जम्मू-कश्मीर) व बांदा (उत्तर प्रदेश)
- दक्षिणी जोन से - विशाखापट्टनम (आंध्र प्रदेश)
- पूर्वी जोन से – बालांगीर (ओडिशा)
- पश्चिमी जोन से – इंदौर (मध्य प्रदेश)
- नॉर्थ ईस्ट जोन से – ढालई (त्रिपुरा)

**शैक्षिक संस्थानों में जल प्रबंधन में सर्वश्रेष्ठ स्कूल**

1. गवर्नमेंट अपर प्राइमरी स्कूल (सीकर, राजस्थान)

   **नोट:** राजस्थान के बिड़ला इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी झुंझुनू को विशेष उल्लेख (Special Mention) के साथ सर्वश्रेष्ठ संस्थान (स्कूल/कॉलेज के अलावा) में नामित किया गया है।

### जयपुर के आशा महिला दुग्ध उत्पादक संघ को 'डेयरी नवाचार पुरुस्कार'

- हाल ही में पेरिस में आयोजित IDF वर्ल्ड डेयरी समिट में जयपुर के आशा महिला दुग्ध उत्पादक संघ को 'डेयरी नवाचार पुरुस्कार' से सम्मानित किया गया है।
- दूध के संधारणीय प्रसंस्करण की पहल के लिए संघ को यह पुरस्कार दिया गया।

### राजस्थान नारी शक्ति रत्न-2024

- राजस्थान के राज्यपाल द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए 21 महिलाओं को 14 अक्टूबर 2024 को राजस्थान नारी शक्ति रत्न-2024 से सम्मानित किया गया।
- यह सम्मान राज्य में महिला सुरक्षा मंच द्वारा दिया जाता है।
- यह सम्मान राज्य में महिला सुरक्षा, शिक्षा, चिकित्सा, पर्यावरण, फैशन, ज्वैलरी, आन्त्रप्रन्योर आदि क्षेत्रों में महिलाओं के उत्कृष्ट कार्य हेतु दिया गया।
- महिला सुरक्षा मंच की अध्यक्ष: बबीता शर्मा

### जयपुर को स्पोर्ट्स हब बनाने हेतु एमओयू

- राजस्थान में खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए जयपुर शहर को एक स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित किया जाएगा।
- इस हेतु लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट मैदान में 18 अक्टूबर 2024 को राजस्थान सरकार और राजस्थान रॉयल्स क्रिकेट टीम की मालिकाना कंपनी रॉयल मल्टीस्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ एमओयू पर भी हस्ताक्षर किया गया।
- इसमें स्टेडियम, खेल प्रशिक्षण केंद्र, खेल चिकित्सा और खेल सुविधाएं विकसित की जाएंगी।
- नोट: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राइजिंग राजस्थान में ब्रिटिश कंपनियों को आमंत्रित करने के लिए उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और लंदन में इन्वेस्टर रोड शो में भाग लिया।

### राजस्थान सरकार और आरईसी लिमिटेड के बीच एमओयू

- केंद्रीय बिजली मंत्रालय के तहत आने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी आरईसी लिमिटेड बिजली परियोजनाओं के लिए राजस्थान सरकार को छह साल में 3 लाख करोड़ रुपए का ऋण देगी।
- इसके लिए कंपनी ने राज्य सरकार के साथ 1 अक्टूबर 2024 को एमओयू किया।
- यह ऋण बिजली और गैर-बिजली बुनियादी ढांचा दोनों क्षेत्रों की परियोजनाओं के लिए होगा।
- वर्ष 2030 तक कंपनी प्रतिवर्ष 50,000 करोड़ रुपए का ऋण उपलब्ध कराएगी।
- इस ऋण से प्रदेश में बिजली के बुनियादी ढांचे में सुधार और बिजली परियोजनाओं की स्थापना की जाएगी।

### हिंदुस्तान जिंक से आईआईटी मद्रास का एमओयू

- देश में जिंक आधारित बैटरी को बढ़ावा देने के मकसद से हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास, आईआईटी मद्रास के साथ 9 अक्टूबर 2024 को एमओयू किया।
- इसके तहत एक किलोवॉट इलेक्ट्रिकली रिचार्जेबल जिंक एयर बैटरी प्रोटोटाइप विकसित की जाएगी।
- यह भागीदारी जिंक आधारित बैटरी प्रौद्योगिकियों के विकास में महत्वपूर्ण होगी।

- वर्तमान में लिथियम आयन बैटरी चलन में है। लेकिन इसकी उच्च लागत सीमित संसाधन उपलब्धता और सुरक्षा संबंधी चिंताएं बड़ी चुनौती हैं।
- जिंक आधारित विकल्प से समाधान इन चुनौतियों का समाधान हो सकता है।
- यह पार्टनरशिप जिंक-एयर बैटरी प्रौद्योगिकी पर अनुसंधान को आगे बढाएगी।

## वेडिंग टूरिज्म हेतु राजस्थान सरकार से एमओयू

- राइजिंग राजस्थान टूरिज्म समिट- 2024 का उद्घाटन सत्र 8 अक्टूबर 2024 को जयपुर में आयोजित किया गया।
- इसका आयोजन राजस्थान सरकार ने फिक्की के साथ साझेदारी में किया था।
- समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी थे।
- इसमें 'संदीप एंड फैमिली एलएलपी' ने राजस्थान सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।
- यह एमओयू हिल्टन के लग्जरी ब्रांड, सिग्निया बाय हिल्टन के साथ एक आगामी परियोजना पर आधारित है, जिसका उद्देश्य राजस्थान में 300 की लक्जरी होटल विकसित करना है।
- इसका उद्देश्य राज्य को देश में एक प्रमुख विवाह स्थल के रूप में स्थापित करना है।

## RTDC और हुडको में 415 करोड़ का ऋण समझौता

- RTDC और हुडको के बीच 7 अक्टूबर 2024 को 415 करोड़ रुपए का ऋण करार किया गया।
- इसके तहत हुडको से 9.12% की ब्याज दर पर 415 करोड़ रुपये के दीर्घकालीन ऋण दिए जाएगा।
- इसका उद्देश्य राजस्थान में पर्यटन विकास प्रोत्साहन देना है।
- इसके तहत तीर्थ स्थलों, स्मारकों का जीर्णोद्धार करना तथा ने पर्यटन स्थलों का विकास किया जाएगा।
- इस एमओयू पर RTDC की एमडी सुषमा अरोड़ा और हुडको के क्षेत्रीय प्रमुख सुधीर भटनागर ने हस्ताक्षर किए।

## मशीनरी व तकनीक को अपग्रेड करने हेतु टाटा समूह से एमओयू

- राजस्थान के पॉलिटेक्निक कॉलेज और ITI केंद्रों में मशीनरी व अन्य तकनीक को अपग्रेड करने के लिए टाटा समूह से एमओयू किया गया है।
- इसके तहत राजस्थान के के 48 पॉलिटेक्निक कॉलेज और 150 ITI केंद्रों का तकनीकी संचालन टाटा करेगा।
- टाटा समूह द्वारा नई मशीनरी के साथ एक्सपर्ट की टीम के द्वारा विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीक और कौशल से प्रशिक्षित किया जाएगा।

## जयपुर रग्स व हैप्पीनेस फाउंडेशन के बीच एमओयू

- मानसिक स्वास्थ्य पोषण हेतु बेहतर काम करने को लेकर जयपुर रग्स और हैप्पीनेस फाउंडेशन के बीच 11 अक्टूबर 2024 को एमओयू हुआ।
- इसके तहत जयपुर रग्स देश में मानसिक स्वास्थ्य पोषण हेतु फाउंडेशन के साथ मिलकर काम करेगी।
- इस क्रम में हैप्पीनेस फाउंडेशन और जयपुर रग्स मिलकर जयपुर रग्स इंस्टीट्यूट का संचालन करेंगे, जो कि मानसिक स्वास्थ्य पोषण हेतु उत्कृष्टता केंद्र के रूप में काम करेगा।
- इसके तहत कर्मचारियों को बेहतर मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

## RCDF द्वारा डेयरी सेक्टर में निवेश हेतु कंपनियों से एमओयू

- राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (RCDF) ने राजस्थान राज्य में डेयरी सेक्टर में निवेश के लिए विभिन्न कंपनियों से 24 अक्टूबर 2024 को 500 करोड़ रुपए के एमओयू किए।
- RCDF के मारुति सुजुकी इण्डिया, सीपा सोलर कम्पनी और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड आणंद (गुजरात) के साथ एमओयू किए गए।
- इसके अलावा सौर उर्जा के लिए सीपा सोलर कम्पनी से और बटर कोल्ड स्टोर के लिए जयपुर डेयरी से एमओयू किए गए।
- राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) और मारुति सुजुकी इंडिया के सहयोग से 10 हजार से अधिक फ्लेक्सी बायोगैस संयंत्र स्थापित किए जाएंगे।

## चांदबावड़ी से भानगढ़ किले तक हेलिकॉप्टर सेवा शुरू होगी

- चांद बावड़ी राजस्थान के दौसा ज़िले के आभानेरी गांव में स्थित है।
- चांदबावड़ी वर्ष 2024 में देश के टॉप ऐतिहासिक स्मारकों में पांचवें स्थान पर रही है।
- पर्यटन विभाग द्वारा वर्ष 2025 में आभानेरी चांदबावड़ी से अलवर जिले के भानगढ़ तक हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की जाएगी।
- इसके अलावा चांद बावड़ी में नाइट टूरिज्म भी शुरू किया जाएगा।

## DRDO रक्षा प्रयोगशाला जोधपुर ने सैन्य हथियारों और वाहनों हेतु कैमोफ्लेज टेक्नोलॉजी विकसित की

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की जोधपुर स्थित रक्षा प्रयोगशाला ने आर्मी के हथियारों और वाहनों के लिए कैमोफ्लेज टेक्नोलॉजी विकसित की है।
- इसमें विशेष तरह का पेंट और स्टीकर तैयार किए गए हैं।
- आर्टिलरी गन, टैंक, मिसाइल सिस्टम जैसे बड़े हथियारों पर कोटिंग और स्टीकर लगाने से दुश्मन का सैटेलाइट और ड्रोन व एयरक्राफ्ट के कैमरे हथियारों को ट्रेस नहीं कर पाएंगे।

- रक्षा प्रयोगशाला ने इसका परीक्षण जैसलमेर स्थित पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में टी-90 टैंक पर किया।
- टी-90 टैंक पर विशेष एल्गोरिदम की कोटिंग और स्टीकर लगाया गया।
- रक्षा प्रयोगशाला ने विशेष एल्गोरिदम की सहायता से पांच सैन्य रंग शेड में बहु-स्पेक्ट्रल छलावरण स्टीकर तैयार किए हैं।
- इसमें रेत की तरह, वनस्पति के रंग, भूरे रंग, सफेद रंग और एक अन्य रंग का स्टीकर है।

## IIT जोधपुर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व डाटा साइंस में डिग्री प्रोग्राम शुरू

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) जोधपुर ने यूचरेंस यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (A.I.) और डेटा साइंस में चार वर्षीय डिग्री प्रोग्राम शुरू किया है।
- इसमें 12वीं पास छात्र-छात्राएं प्रवेश ले सकेंगे तथा प्रवेश स्क्रीनिंग टेस्ट के आधार पर होगा।
- इसमें जेईई प्रवेश परीक्षा अथवा गेट के अंक की जरूरत नहीं होगी। यह लेक्सिबल डिग्री होगी।
- यह स्टेकेबल डिग्री मॉडल पैटर्न पर शुरू किया गया है।

**इसमें** –

- 1 साल तक जुड़े रहने पर - सर्टिफिकेट
- 2 साल तक जुड़े रहने पर - डिप्लोमा
- 3 साल तक अध्ययन करने पर - बीएससी की डिग्री
- चार साल पूरा करने पर - बैचलर ऑफ साइंस (बीएस) की डिग्री
- नोट: आइआइटी जोधपुर में केंद्र सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब बनाया गया है।

## IIT जोधपुर: जनरेटिव एआई, सृजन केंद्र की स्थापना

- इंडियाएआई (IndiaAI) और मेटा ने आईआईटी जोधपुर में जनरेटिव एआई, सृजन (Center for Generative AI, Srijan) केंद्र की स्थापना की घोषणा की।
- इस साझेदारी का उद्देश्य स्वदेशी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विकास, एआई में कौशल विकास को बढ़ावा देने और तकनीकी संप्रभुता सुनिश्चित करने के भारत के एआई मिशन में योगदान देना है।
- मेटा इस जनरेटिव एआई, सृजन केंद्र (GenAI CoE) की स्थापना का समर्थन करेगा।
- GenAI CoE का उद्देश्य जिम्मेदार और नैतिक एआई प्रौद्योगिकियों के विकास को बढ़ावा देना है।

## जापान और दक्षिण कोरिया की कंपनियाँ राजस्थान एआइ आधारित तकनीकी प्रशिक्षण देंगी

- जापान और दक्षिण कोरिया की 3 कंपनियों द्वारा राजस्थान के युवाओं को तकनीक फ्रेंडली कौशल विकास और एआइ आधारित तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।
- इसमें टोक्यो का वाफूकाई हॉस्पिटल एंड होम केयर ग्रुप, यामाशिता कंपनी और सिओल टेक्नीकल हाई स्कूल ग्रुप शामिल है।

| वाफूकाई हॉस्पिटल एंड होम केयर (जापान ,टोक्यो) | यामाशिता कंपनी (जापान) | सिओल टेक्निकलहाई स्कूल ग्रुप दक्षिण)कोरिया( |
|---|---|---|
| • यह राजस्थान के युवाओं को जापानी भाषा सिखाने और कौशल विकास के लिए शिक्षण संस्थान शुरू करेगी।<br>• यह कंपनी राज्य में निवेश के अलावा कुशल युवाओं को जापान में नौकरी भी प्रदान करेगी। | • यह कंपनी उद्योग स्थापित करने के साथ ही इंजीनियर और टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट भेजेगीजो तकनीक के संदर्भ में प्रशिक्षित , करेगी।<br>• ऐसे प्रशिक्षित युवाओं को राजस्थान सरकार के साथ मिलकर सर्टिफिकेट दिया जाएगा तथा उन्हें रोजगार में प्राथमिकता दी जाएगी। | • यह राजस्थान के चयनित स्कूलों व टीचर्स के लिए एआई आधारित टेक्नोनॉजी पर काम करेगी।<br>• यह बच्चों को टेक्नो फ्रेंडली बनाने हेतु एआई आधारित लर्निंग को बढ़ाएगी। |

## आयुष औषधि स्टोर तहसील स्तर पर खुलेंगे

- केन्द्र सरकार आयुष दवाओं को आमजन तक उपलब्ध करवाने के लिए तहसील स्तर पर आयुष औषधि स्टोर खुलेगी।
- इन स्टोर में हर्बल और पारंपरिक दवाओं की उपलब्धता रहेगी।
- नोट: आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री आरोग्य योजना के तहत आयुर्वेदिक पैकेज को शामिल किया जाएगा।

## डॉ कृष्णा .पूनिया एथलीट कमीशन की सदस्य बनीं

- ओलिंपियन और पद्मश्री डॉ. कृष्णा पूनिया को एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की 5 सदस्यीय एथलीट कमीशन का निर्विरोध सदस्य चुना गया।
- इसमें राजस्थान की डॉ. पूनिया के अलावा कर्नाटक की अंजू बॉबी जॉर्ज, पंजाब के बहादुर सिंह, पश्चिम बंगाल की ज्योर्तिमोइ सिकंदर और केरल की एमडी वलसम्मा अन्य सदस्य हैं।

## विनोद गोस्वामी

- राजस्थान के शिल्पकार विनोद गोस्वामी ने सुप्रीम कोर्ट में 'न्याय की देवी' की नई प्रतिमा बनाई है।
- नोट: हाल ही सुप्रीम कोर्ट में 'न्याय की देवी' की नई प्रतिमा स्थापित की गई है।
- इस नई प्रतिमा में देवी की आंख पर बंधी पट्टी हटा दी गई है।
- इस प्रतिमा के माध्यम से कई वर्षों पुरानी प्रथा में बदलाव किया गया है। अब न्याय की देवी की आंखों से पट्टी और हाथ में तलवार हटा दी गई है।
- न्याय की देवी को गाउन के बजाय भारतीय परिधान, साड़ी पहनाई गई है और हाथ में संविधान थमाया गया है।

## डॉ. श्याम अग्रवाल

- डॉ. श्याम अग्रवाल को राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का उपाध्यक्ष बनाया गया है।
- डॉ. अग्रवाल ने राज्य में उद्योग क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए है।
- इससे पहले यह इंस्टिट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ़ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके है।
- यह प्रोफेशनल संस्था के सबसे कम उम्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने वाले पहले व्यक्ति है।
- राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष: केएल जैन

## प्रो. दयानन्द भार्गव

- प्रखर चिंतक एवं वेद विज्ञानवेत्ता प्रो. दयानन्द भार्गव(89) का 22 अक्टूबर 2024 को निधन हो गया।
- यह संस्कृत साहित्य में विशेष योगदान के लिए राष्ट्रपति सम्मान से अलंकृत किए गए थे।
- प्रो. दयानंद को राजस्थान सरकार द्वारा संस्कृत साधना शिखर सम्मान भी दिया गया था।
- यह जोधपुर यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर और डीन रहे है।

## बनवारी लाल शर्मा

- राजस्थान के पूर्व मंत्री बनवारी लाल शर्मा का 22 अक्टूबर 2024 को निधन हो गया।
- बनवारी लाल शर्मा का जन्म 8 मार्च 1938 को पचगांव धौलपुर में हुआ था।
- बनवारी लाल वर्ष 1967 में पहली बार धौलपुर से विधायक चुने गए थे तथा 1967 से 2008 तक 5 बार विधायक रहे।
- बनवारी लाल शर्मा राजस्थान सरकार में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे थे।
- बनवारी लाल शर्मा राजस्थान कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे है।

## डॉ. ज्ञानप्रकाश पिलानिया

- ज्ञानप्रकाश पिलानिया का 13 अक्टूबर 2024 को निधन हो गया।
- यह राजस्थान के पुलिस महानिदेशक और राज्य सभा सांसद रह चुके है।
- वर्ष 2004 में राजस्थान से भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि के रूप में राज्यसभा सदस्य निर्वाचित हुए और वर्ष 2008 में उन्हें दूसरी बार राज्यसभा सदस्य चुना गया। वे 1955 के बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी थे तथा अगस्त 1988 से दिसबर 1989 तक राजस्थान के पुलिस महानिदेशक रहे।
- यह राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य भी रह चुके है।
- राजस्थान में जाट समाज को आरक्षण दिलाने में उनकी प्रमुख भूमिका रही।
- डॉ. ज्ञान प्रकाश पिलानिया राज्य के श्रीगंगानगर जिले से थे।
- प्रमुख पुस्तकें: 'एनलाइटन ग्वार्नमेंट इन मॉडर्न इंडिया', 'हेरिटेज ऑफ सवाई जयसिंह'।

## डॉ. जयश्री पेड़ीवाल

- डॉ. जयश्री पेड़ीवाल को इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (ICC), राजस्थान की चेयरपर्सन बनी है।
- इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के राजस्थान राज्य कार्यालय का उद्घाटन 7 अक्टूबर 2024 को किया गया।
- वर्तमान में इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमेय प्रभु है।

## राजस्थान के संभागों में बालिका सैनिक स्कूल खुलेंगे 9

- राजस्थान में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने हेतु राज्य के 9 संभागों में बालिका सैनिक स्कूल खोले जाएंगे।
- ये स्कूल अजमेर, कोटा, जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, पाली, भरतपुर, चूरू और उदयपर में शुरू किए जाएंगे।

## राजस्थान के अस्पतालों में पहली बार नया क्यू मैनेजमेंट सिस्टम लागू होगा

- राजस्थान के अस्पतालों में लंबी कतार और दूर-दराज के जिलों से आने वाले रोगियों के लिए अप्वाइंटमेंट में सुविधा प्रदान करने हेतु क्यू मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया जाएगा।
- इस सिस्टम की शुरूआत मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों से की जाएगी।

## मोबाइल पशु चिकित्सा एवं कॉल सेंटर

- राजस्थान राज्य पशुधन प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान जयपुर में आयोजित मोबाइल वेटरिनरी इकाइयों के लिए कॉल सेटर के लोकार्पण किया गया।
- मोबाइल पशु चिकित्सा एवं कॉल सेंटर पशुधन और पशुपालकों के लिए शुरू की गई है।

- कॉल सेंटर की सुविधा शुरू होने से घर पर ही पशुओं का इलाज मिलना शुरू हो जाएगा, जिससे उनके समय और धन दोनों की बचत होगी।
- उद्देश्य: कॉल सेंटर का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित कर पशुधन और पशुपालकों को अधिकतम लाभ पहुंचाना।
- पशुपालन, गोपालन, डेयरी और देवस्थान मंत्री: श्री राम कुमावत
- राज्य मंत्री, पशुपालन, गोपालन, मत्स्य एवं गृह विभाग: श्री जवाहर सिंह बेढम

## स्वतंत्र पत्रकारों के अधिस्वीकरण की पात्रता में छूट की अधिसूचना जारी

- राजस्थान में में पत्रकार कल्याण और उनके सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्धता के तहत 9 अक्टूबर 2024 को राज्य सरकार द्वारा स्वतंत्र पत्रकारों को अधिस्वीकरण की पात्रता में छूट दिए जाने की अधिसूचना जारी कर दी गई।
- राजस्थान प्रेस प्रतिनिधि अधिस्वीकरण नियम 1995 (संशोधित) नियम 2024 के अनुसार अब स्वतंत्र पत्रकारों के अधिस्वीकरण की आयु सीमा एवं अनुभव में छूट देते हुए न्यूनतम पात्रता आयु 45 वर्ष तथा अनुभव 15 वर्ष निर्धारित किया गया है।
- संशोधन से पूर्व न्यूनतम आयु सीमा 50 वर्ष तथा अनुभव पात्रता 25 वर्ष निर्धारित थी। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा पहले ही बजट में पत्रकार कल्याण को ध्यान में रखकर बजट घोषणा 2024- 25 में अधिस्वीकरण नियमों में स्वतंत्र पत्रकारों के लिए पात्रता में शिथिलता प्रदान की गई है।

## सघन गुण नियंत्रण अभियान

- यह अभियान राज्य के कृषि विभाग द्वारा 10 अक्टूबर 2024 को चलाया गया।
- इसके तहत कृषि आदान निर्माता, विक्रेता, खुदरा व्यापारियों के अनियमितता, काला बाजारी और जमाखोरी करने वालों पर कार्यवाही की गई।
- इसमें किसानों को गुणवत्ता युक्त कृषि आदान एवं कीटनाशक उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं।

## 43वीं 'इंडिया इंटरनेशनल व्यापार मेला (India International Trade Fair)-2024

- थीम: विकीसित भारत@2047
- आयोजन: प्रगति मैदान नई दिल्ली में।
- कब: नवंबर 14-27, 2024
- इसमें राइजिंग राजस्थान इनवेस्टमेंट समिट के प्रमोशन और लघु उद्योगों को protsahan हेतु राजस्थान लघु उद्योग निगम लिमिटेड द्वारा 'राजस्थान मंडपम' स्थापित किया जाएगा।

## आबू रोड में वैश्विक शिखर सम्मेलन



- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 4 अक्टूबर 2024 को आबू रोड के ब्रह्मकुमारीज संस्थान के शांतिवन में वैश्विक शिखर सम्मेलन का शुभारंभ किया।
- यह सम्मेलन "आध्यात्मिकता द्वारा स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज" विषय पर आयोजित किया गया था।
- ब्रह्माकुमारी संस्थान की मुख्य प्रशासिका: राजयोगिनी जयंती दीदी

## साउथ एशिया एनर्जी फोरम

- इसका आयोजन 22-24 अक्टूबर 2024 को राजस्थान के जयपुर में किया जा रहा है।
- आयोजनकर्ता: यूनाइटेड स्टेटस एजेंसी फोर इंटरनेशनल डवलपमेंट (USAID)
- USAID द्वारा तीन नई पहल लो-कार्बन कम्फर्ट एंड कूलिंग कलेक्टिव, शहरों के पर्यावरण अनुकूल विकास पर अमरीका दक्षिण एशिया मेयरल और क्लीन एनर्जी इन्वेस्टमेंट फैसिलिटेशन प्लेटफॉर्म की घोषणा की गई।
- नोट: भारत में स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 200 गीगावाट से अधिक हो गई है और राजस्थान 29.85 गीगावाट का सर्वाधिक योगदान दे रहा है।
- वर्ष 2030 तक भारत की ऊर्जा जरूरतों का 50 प्रतिशत हिस्सा नवीकरणीय ऊर्जा से पूरा करने और कार्बन उत्सर्जन को एक अरब टन कम करने का लक्ष्य रखा गया है।

## 'आदि गौरव सम्मान' समारोह

- बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम में 'आदि गौरव सम्मान' समारोह 4 अक्टूबर 2024 को आयोजित किया गया।
- इसमें भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भाग लिया। इस समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद थे।
- इसमें राष्ट्रपति ने जनजाति विकास में उत्कृष्ट योगदान पर विभिन्न लोगों व संस्थाओं को आदिरत्न, आदिसेवा और आदिग्रामोत्थान गौरव से सम्मानित किया।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मानगढ़ धूणी क्षेत्र के विकास के लिए 5 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की घोषणा की।

### मारवाड़ समारोह

- यह 16-17 अक्टूबर, 2024 को जोधपुर में किया गया।
- यह पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन, जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ।
- इसका उद्देश्य स्थानीय कला एवं संस्कृति का प्रदर्शन और पर्यटन को प्रोत्साहन देना है।

### 27वां लोकरंग महोत्सव

- यह महोत्सव जयपुर के जवाहर कला केंद्र में 18 अक्टूबर से आयोजित किया गया।
- इस 11 दिवसीय उत्सव में कई राज्यों की लोक संस्कृति को प्रदर्शित किया गया।
- इसमें शिल्पग्राम में लगने वाले राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में विभिन्न राज्यों के दस्तकार हस्तशिल्प उत्पादों की स्टॉल्स लगाएंगे।
- लोकरंग लोक जगत में प्रचलित कलाओं के संरक्षण करने और उन्हे मंच प्रदान करता है।

### स्वयंसिद्धा हस्तशिल्प प्रदर्शनी -2024

- आयोजन: लघु उद्योग भारती महिला संगठन, जयपुर द्वारा।
- कब: 4 से 6 अक्टूबर 2024 तक
- कहाँ: जवाहर कला केन्द्र, जयपुर।
- इस प्रदर्शनी में 6 राज्यों की स्वयं स्वयंसिद्धा हस्तशिल्प के उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं।
- इसमें प्रसिद्ध शिल्पकार, कुटीर उद्योग एवं महिला उद्योगों के उत्पादनों की स्टॉल लगाई गई हैं।

### अमृता हाट बाजार

- महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 4 अक्टूबर 2024 को जवाहर कला केंद्र में राज्य स्तरीय अमृता हाट बाजार शुरू हुआ।
- इसमें विभिन्न जिलों की 80 महिला स्वयं सहायता समूहों और महिलाओं की ओर से बनाए गए उत्पादों की 123 स्टॉल्स लगाई गई है।
- इस प्रदर्शनी का उद्देश्य राजस्थान की विभिन्न हस्त कलाओं को मंच प्रदान कर प्रोत्साहन देना है।

### सीए की नेशनल कॉन्फ्रेंस 'प्रज्ञोत्सव'

- राजस्थान में 15 व 16 अक्टूबर को जयपुर में सीए सदस्यों के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस 'प्रज्ञोत्सव सिंथसाइजिंग द प्रोफेशन' का आयोजन किया गया।
- आयोजन: भारतीय सीए संस्थान की जयपुर शाखा द्वारा।
- उद्घाटन: उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़।

### फोरेंसिक विशेषज्ञों की राज्यस्तरीय कॉन्फ्रेंस

- राजस्थान एकेडमी ऑफ फोरेंसिक मेडिसिन की दो दिवसीय कान्फ्रेंस का उद्घाटन 18 अक्टूबर 2024 को कोटा में हुआ।
- इसमें पीड़ितों को न्याय और दोषी को सजा दिलाने में फोरेंसिक के महत्व और नवीन तकनीकों के उपयोग पर चर्चा की गई।
- फोरेंसिक मेडिसिन के राजस्थान के अध्यक्ष: डॉ. शिव रतन कोचर

### नैटकॉन-2024 नेशनल कॉन्फ्रेंस

- आयोजन: 18-20 अक्टूबर 2024 को।
- स्थान: राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में।
- आयोजनकर्ता: ट्यूबरकुलोसिस एसोसिएशन ऑफ इंडिया।
- इस कॉन्फ्रेंस में बेसिक और एडवांस्ड ब्रोंकोस्कोपी, ईबस, पल्मोनरी फंक्शन टेस्टिंग, नॉन इनवेसिव वेंटिलेशन, ट्यूबरकुलोसिस वर्कशॉप, स्लीप थैरेपी और मेडिकल प्लूरोस्कोपी पर कार्यशाला आयोजित की गई।
- ट्यूबरकुलोसिस एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष: वी.एम. कटोच।
- इसमें नई व उन्नत तकनीकों का उपयोग करके टीबी और फेफड़ों की अन्य बीमारियों के इलाज में सुधार पर व्यापक चर्चा की गई।

### राजस्थान लोकायुक्त की वार्षिक रिपोर्ट

- हाल ही में राजस्थान विधानसभा में लोकायुक्त की वार्षिक रिपोर्ट पेश की गई।
- इसमें क्षेत्राधिकार के विस्तार और अधिक स्वायत्तता देने की सिफारिश की गई है।
- राजस्थान के वर्तमान लोकायुक्त न्यायमूर्ति श्री प्रताप कृष्णन लोहरा है।
- इसका मुख्यालय जयपुर में है।

**सिफारिशें**

- लोकायुक्त को अनुशंसा करने वाली संस्था के बजाय स्वतंत्र रूप से कार्य करने के लिए सक्षम बनाया जाए। इसके लिए अधिकार क्षेत्र का दायरा बढ़ाना होगा, वहीं स्वायत्तता देनी होगी।
- लोकसेवक द्वारा शिकायत करने का प्रावधान शामिल हो।
- लोकायुक्त सर्च एंड सीजर के लिए वारंट जारी करने का अधिकार मिले।
- केरल की तरह लोकायुक्त निषेधाज्ञा जारी कर सकें।
- लोकायुक्त संस्था को वित्तीय स्वायत्तता मिले।

**निम्नलिखित को लोकयुक्त के दायरे में लाने की सिफारिश की गई:**

- सरपंच एवं उप सरपंच
- सहकारी समितियों व नगर निगम के महापौर-उप महापौर
- शहरी निकायों के पार्षद
- विश्वविद्यालयों के कुलपति, रजिस्ट्रार व अन्य स्टाफ
- सरकार द्वारा वित्त पोषित एनजीओ के पदाधिकारी

**राजस्थान लोकायुक्त**

- वर्ष 1973 में राजस्थान लोकायुक्त तथा उप लोकायुक्त अध्यादेश पारित हुआ, जो 3 फरवरी, 1973 से राजस्थान में प्रभावी हुआ।
- इसे 26 मार्च, 1973 को महामहिम राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त अर्थात यह अधिनियम राज्य में लागू हुआ।
- राजस्थान में 28 अगस्त 1973 को प्रथम लोकायुक्त श्री आई डी दुआ की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की गई।
- श्री के पी यू मेनन को 5 जून 1973 को प्रथम उपलोकायुक्त बनाया गया।
- नोट: पाँच वर्ष से अधिक पुराने मामले की शिकायत लोकयुक्त से नहीं की जा सकती।
- सर्वप्रथम वर्ष 1970 में उड़ीसा में लोकपाल के संदर्भ में कानून बना, लेकिन वहां लोकायुक्त की स्थापना 1983 में जाकर हुई।
- महाराष्ट्र 1971 में लोकायुक्त अधिनियम पारित कर लोकायुक्त की नियुक्ति करने वाला देश का पहला राज्य बना।

**वार्षिक प्रतिवेदन:**

- लोकयुक्त अपना वार्षिक प्रतिवेदन राज्यपाल को प्रस्तुत करते हैं।
- राज्यपाल लोकायुक्त से प्राप्त विशेष प्रतिवेदन को राज्य विधानसभा के पटल पर प्रस्तुत करवाते हैं।

## वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025

- जारीकर्ता: द टाइम्स हायर एजुकेशन द्वारा 9 अक्टूबर 2024 को जारी।
- इसमें विश्व स्तर पर ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी को पहली रैंक दी गई है।
- इस सूची में कोई भारतीय संस्थान टॉप-100 में जगह नहीं बना सके।
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (IIS) बेंगलुरु भारतीय संस्थानों में पहले स्थान पर रहा।
- इस संस्थान की रैंक 251-300 बैंड में है। (पिछले साल 201 से 250 की रैंक बैंड में था।)
- राजस्थान के संस्थानों ने 601 से 800 की रैंक बैंड में स्थान बनाया है।
- बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (बिट्स पिलानी), MNIT जयपुर
- रैंकिंग 5 मीटर्स को ध्यान में रखकर की गई है। इसमें पहले नंबर पर टीचिंग, दूसरे पर रिसर्च एन्वायरमेंट, रिसर्च क्वालिटी इंडस्ट्री और इंटरनेशनल आउटलुक शामिल है।
- इस सूची में भारत के 22 संस्थानों की जगह दी गई है।

## UDISE रिपोर्ट 2021-22

- यह रिपोर्ट केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी की गई।
- सांख्यिकी मंत्रालय ने वर्ष 2018-19 से लेकर वर्ष 2021-22 की रिपोर्ट जारी की है। इसमें महिला शिक्षकों की राष्ट्रीय औसत संख्या 41.59 प्रतिशत है।
- इसके अनुसार रिपोर्ट में राजस्थान के प्राथमिक स्कूल में 100 पुरुष शिक्षकों पर 86 महिला शिक्षक हैं, जबकि राष्ट्रीय औसत 100 पुरुष शिक्षक पर 126 हैं।
- देश के 28 राज्यों सबसे ज्यादा महिला शिक्षक तमिलनाडु में हैं, जहां 100 पुरुष शिक्षकों पर 577 महिला शिक्षक हैं।
- सांख्यिकी मंत्रालय की रिपोर्ट वुमेन एंड 2023 के अनुसार उच्चस्तर शिक्षा में राजस्थान में 36.47 प्रतिशत महिला शिक्षक हैं।
- उच्चतर शिक्षा में महिला प्रोफेसर के संदर्भ में केरल पहले स्थान पर है, जहां सर्वाधिक 61.33 प्रतिशत महिला शिक्षक हैं।
- दक्षिण के राज्यों में प्राथमिक शिक्षा में महिला शिक्षकों की संख्या पुरुषों के मुकाबले बहुत ज्यादा है। जबकि ज्यादातर हिंदीभाषी राज्यों में यह संख्या कम है।
- हिंदी भाषी राज्यों में सबसे बेहतर स्थिति हरियाणा की है।
- वुमेन एंड मैन इन 2023 रिपोर्ट के अनुसार 28 राज्यों में सिर्फ राजस्थान और उत्तर प्रदेश में उच्चतर शिक्षा में महिला शिक्षक (प्रोफेसर) की संख्या में कमी आई है।
- वर्ष 2018-19 में जहां राजस्थान में कुल प्रोफेसरों में 36.71% महिलाएं थीं, वहीं वर्ष 2021-22 में 36.47% रह गई।


## देश के 25 पर्यटन शहरों की सूची

- यह सूची ऑनलाइन ट्रैवल पोर्ट थ्रिलोफिलिया ने नवंबर में सैर करने के लिए देश के 25 बेहतरीन शहरों हेतु जारी की गई है।
- इनमें राजस्थान से 5 शहर शामिल है।
- इस सूची में जैसलमेर दूसरे नंबर पर है। जबकि पुष्कर 5वें, उदयपुर 7वें, भरतपुर 12वें और जोधपुर 25वें स्थान पर है।

## 'स्टेट फाइनेंसेसः अ रिस्क एनालिसिस' रिपोर्ट

- यह रिपोर्ट भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी की गई।
- इसके अनुसार राज्यों के वित्तीय प्रबंधन और कर्ज की राशि के प्रभावों का आकलन किया गया है।
- इसमें भारत राज्यों के वित्तीय प्रबंधन पर चिंता जाहिर की गई है।
- वर्ष 2026-27 तक वित्तीय कुप्रबंधन का शिकार राज्य सरकारों पर अपनी जीएसडीपी का 30% से ज्यादा कर्ज हो जाएगा।
- इन राज्यों में पश्चिम बंगाल, राजस्थान, केरल, आंध्र प्रदेश, उत्तराखंड, तमिलनाडु, बिहार, हरियाणा व पंजाब शामिल हैं।
- 2026-27 तक अनुमानित कर्ज बोझ

| क्र. सं. | राज्य | कर्ज (राज्य की जीएसडीपी के सापेक्ष) |
|---|---|---|
| 1. | पंजाब | 47% |
| 2. | राजस्थान | 39% |
| 3. | केरल | 38% |
| 4. | प. बंगाल | 37% |
| 5. | आंध्र प्रदेश | 34% |





## राष्ट्रीय पोषण माह- 2024 में ICDS को 4र्वी रैंक मिली

- राष्ट्रीय पोषण माह- 2024 के लिए जनांदोलन डैश बोर्ड में राजस्थान के महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत समेकित बाल विकास सेवाएं निदेशालय (ICDS) को राष्ट्रीय स्तर पर 4वीं रैंक प्राप्त हुई है। जनांदोलन डेशबोर्ड के अनुसार प्रविष्ठियां करने में राजस्थान में चूरू को प्रथम रैंक, टोंक को द्वितीय तथा हनुमानगढ़ को तृतीय रैंक प्राप्त हुई है।
- राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों की प्रविष्टियों में राष्ट्रीय स्तर पर महाराष्ट्र को प्रथम, बिहार को द्वितीय तथा छत्तीसगढ़ को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है।

## राजस्थान में उच्च शिक्षण संस्थानों में महिलाओं की स्थिति

- राज्य सरकार की ओर से विधानसभा में पेश आंकड़ों के अनुसार उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों की तुलना में छात्राओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है।
- इसके अलावा राजस्थान में विश्वविद्यालय स्तर के संस्थानों में शीर्ष पदों पर महिलाएं पीछे हैं।
- राज्य सरकार की ओर से प्रदेश में संचालित 34 विश्वविद्यालयों में से 7 में ही महिला कुलपति हैं।
- इन विश्वविद्यालयों व उनसे संबद्ध महाविद्यालयों में छात्राओं की संख्या छात्रों के मुकाबले अधिक है।
- वर्तमान शिक्षण सत्र में उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रति 100 छात्रों के मुकाबले 120 छात्राएं हैं।




## म्यूचुअल फंड में निवेश में राजस्थान 10वाँ सबसे बड़ा राज्य बना

- म्यूचुअल फंड योजनाओं में निवेश के संदर्भ में राजस्थान देश का 10वाँ सबसे बड़ा राज्य बन गया है।
- राजस्थान का म्यूचुअल फंड एसेट अंडर मैनजेमेंट (AUM) 1.28 लाख करोड़ रुपए हो गया है।
- पिछले 5 वर्षो में राजस्थान का इक्विटी AUM 36% चक्रवृद्धि की दर से बढ़ा है।
- जून, 2024 तक कुल 51.5 हजार करोड़ रुपए के AUM के साथ जयपुर की राजस्थान के कुल AUM में 45% हिस्सेदारी थी।
- जयपुर का म्यूचुअल फंड AUM 51,519 करोड़ रुपए है, जो देश के कुल म्यूचुअल फंड AUM का 0.84% है।

## देश के आयुर्वेद कॉलेजों की रैंकिंग जारी

- जारीकर्ता: नेशनल कमीशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन (NCISM) नई दिल्ली।
- देश में पहली बार आयुर्वेदिक कॉलेजों की रैंकिंग जारी की गई है।
- यह रैंकिंग सत्र 2024- 25 हेतु जारी की गई।

**शीर्ष 3 संस्थान**

1. राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (NIA) जयपुर (ग्रेड-A)
2. SDM कॉलेज ऑफ आयुर्वेद उड्डुपी (कर्नाटक)
3. वैद्यरत्नम पीएस वॉरियर आयुर्वेद कॉलेज कोटक्कल (केरल)

- NCISM ने देश के 221 आयुर्वेद मेडिकल कॉलेजों को रेटिंग ग्रेड व रैंक प्रदान की है। इसमें 55-55 कॉलेजों A व B और 111 कॉलेजों को C ग्रेड मिली है।

**राजस्थान के अन्य संस्थान**

- शेखावाटी आयुर्वेद कॉलेज पिलानी (77वीं रैंक और B ग्रेड)
- आयुर्वेद कॉलेज श्रीगंगानगर (158वीं रैंक और C ग्रेड)
- आयुर्वेद कॉलेज जोधपुर को (181वीं रैंक और C ग्रेड)
- आयुर्वेद कॉलेज उदयपुर (185वीं रैंक और C ग्रेड)
- श्री शिर्डी साईंबाबा आयुर्वेद कॉलेज रेनवाल (191वीं रैंक और C ग्रेड)

## 4G / 5G की स्पीड में जयपुर देश में चौथे स्थान पर

- 4G / 5G की उपलब्धता, इंटरनेट गुणवत्ता और स्पीड में श्रीनगर देश की शीर्ष स्मार्ट सिटी है।
- यह विश्लेषण निजी एनालिटिक्स एजेंसी ओपनसिग्नल द्वारा किया गया।
- इसके तहत देश के टॉप-50 शहरों का इंडेक्स तैयार किया गया है।
- इसमें देश की 100 स्मार्ट सिटी सहित प्रमुख शहरों की डिजिटल रेडिनेस और मोबाइल इंफ्रास्ट्रक्चर का आकलन किया गया।
- इसमें 4G या 5G की इंटरनेट स्पीड, उपलब्धता और गुणवत्ता में जयपुर चौथे नंबर पर, जबकि दिल्ली 13वें और मुंबई 28वें पर है।

## अस्थमा और सीओपीडी से होने वाली सबसे ज्यादा मौतें राजस्थान में दर्ज

- हाल ही एमन इंडियन चेस्ट सोसाइटी द्वारा सीजनल वेव ऑफ रेस्पिरेटरी डिजीज (स्वॉर्ड) सर्वे किया था, जिसमें देश के 290 केंद्रों से श्वसन रोगियों का अध्ययन किया गया।
- इसके अनुसार सीओपीडी और अस्थमा से राजस्थान में सबसे अधिक मौत होती हैं।
- वैश्विक स्तर पर अस्थमा और सीओपीडी के 17% मरीज भारत में है।

## खेल विभाग द्वारा सिंगल विंडो सिस्टम और 3 पोर्टल लॉन्च

- राजस्थान के युवाओं और खिलाड़ियों की सुविधा के लिए युवा मामले एवं खेल विभाग द्वारा 28 अक्टूबर 2024 को 3 पोर्टल लॉन्च किए गए हैं।
- उद्देश्य: युवाओं व खिलाड़ियों से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां एक ही जगह इकट्ठा करना है।
- ये तीनों पोर्टल SSO राजस्थान और यूथ बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
- राजस्थान के युवा मामले एवं खेल विभाग ने खिलाड़ियों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया है।

**खेल विभाग के 3 पोर्टल**

**1. 'युवा महोत्सव' हेतु युवाओं का रजिस्ट्रेशन पोर्टल**

- यह युवा महोत्सव के लिए रजिस्ट्रेशन युवा महोत्सव के लिए ब्लॉक, जिला, संभाग स्तर हेतु है।

**2. राजस्थान यूथ आईकॉन अवॉर्ड का रजिस्ट्रेशन पोर्टल**

- यह राज्य स्तर पर आवेदन करने के लिए राजस्थान यूथ आईकॉन अवॉर्ड का रजिस्ट्रेशन पोर्टल है।

**3. 'डिजिटल रिपॉजिटरी पोर्टल'**

- इसमें खिलाड़ियों के स्पोर्ट्स प्रमाण पत्र के लिए 'डिजिटल रिपॉजिटरी पोर्टल भी मिलेगा।
- यह पोर्टल खिलाड़ियों को उनके सभी खेल प्रमाण पत्रों को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने की सुविधा प्रदान करता है, जिससे उन्हें भौतिक प्रमाण पत्रों की सुरक्षा की परेशानी नहीं उठानी होगी।

## 19वीं ऑल इंडिया हनुमान सिंह महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता

- इसका आयोजन 16-18 अक्टूबर 2024 तक जयपुर के सवाई मानसिंह इनडोर स्टेडियम में किया गया।
- यह चैंपियनशिप हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया की ओर से राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ व हनुमान सिंह फाउंडेशन द्वारा आयोजित की गई।
- इसमें हिमाचल प्रदेश ने भारतीय रेलवे को हराकर हैण्डबॉल चैंपियनशिप का खिताब जीता।
- इस चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश पहले, भारतीय रेलवे दूसरे तथा हरियाणा व मोरसिंगी हैंडबॉल नर्सरी संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही।
- प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी: भावना शर्मा (हिमाचल प्रदेश)
- सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर: नीना शील (भारतीय रेलवे)।

## विवान कपूर ने रजत और अनंतजीत सिंह नरूका ने कांस्य पदक जीता

- ISSF वर्ल्ड कप हाल ही में भारत में दिल्ली में आयोजित किया गया।
- भारतीय निशानेबाज विवान कपूर ने ISSF वर्ल्ड कप फाइनल में पुरुष ट्रैप इवेंट में रजत पदक जीता। विवान ने फाइनल में 44 शॉट जमाए।
- अनंत जीत सिंह नरूका ने पुरुष स्कीट में कांस्य पदक जीता। नरूका ने फाइनल में 43 शॉट जमाए।
- नोट: विवान कपूर और अनंतजीत सिंह नरूका राजस्थान से है।
- इस वर्ल्ड कप में भारत ने कुल 4 पदक जीते।

## पेरिस पैरालंपिक में राजस्थान के पदक विजेताओं का सम्मान

- दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान द्वारा पेरिस पैरालंपिक में राजस्थान के पदक विजेताओं को सम्मानित किया गया।

**पेरिस पैरालंपिक में राजस्थान के पदक विजेता**

1. अवनि लेखरा (स्वर्ण पदक) (निशानेबाजी)
2. मोना अग्रवाल (कांस्य पदक) (निशानेबाजी)
3. सुंदर सिंह गुर्जर (कांस्य पदक) (भाला फेंक)

- द्रोणाचार्य अवार्डी एथलेटिक कोच महावीर सैनी को भी सम्मानित किया गया।
- नोट: पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के वर्तमान अध्यक्ष: श्री देवेंद्र झाझड़िया (राजस्थान से पहले व्यक्ति) है।

## राष्ट्रीय सब जूनियर, जूनियर, सीनियर वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता

- इसका आयोजन हिमाचल प्रदेश के नगरोटा में किया गया।
- इसमें राजस्थान ने 4 पदक जीते। इनमें दो स्वर्ण, एक रजत एवं एक कांस्य पदक शामिल है।
- हरचरण सिंह (सीनियर वर्ग) ने 109 किलो वर्ग में 2 स्वर्ण पदक जीते।
- हरिओम शर्मा ने सब जूनियर 96 किलोग्राम में रजत पदक जीता।
- अजय शर्मा ने सब जूनियर 73 किलो वर्ग में कांस्य पदक जीता।

## 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय खेलकूद टेबल टेनिस प्रतियोगिता

- आयोजन: लेह लद्दाख में।
- इस प्रतियोगिता में राजस्थान ने 19 वर्ष वर्ग में पहली बार रजत पदक जीता।

- सुहानी बांठिया, समायरा शर्मा, प्रांशी मिश्रा, मौलिशा थानवी तथा दृष्टि गुप्ता रजत विजेता टीम में शामिल थीं।
- इसके फाइनल में दिल्ली से राजस्थान को हरा दिया।
- प्रशिक्षक एवं चीफ डे मिशन: हेमलता रावल
- मैनेजर : दमयंती राठौर।

## अंतरराष्ट्रीय पेटांक डबल्स राजस्थान के दो खिलाड़ी शामिल

- मलेशिया में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय पेटांक डबल्स प्रतियोगिता में भारतीय टीम में राजस्थान के दो खिलाड़ी अमित कुमार शर्मा और हर्षवर्धन सिंह को शामिल किया है।
- अमित कुमार शर्मा को उपकप्तान बनाया गया है।
- इस प्रतियोगिता में देशभर के 12 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

## 8वीं राजस्थान राज्य पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप

- आयोजन: सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर।
- इसमें S10 50 मीटर वूमेन फ्री स्टाइल स्पर्धा में सीता देवी ने स्वर्ण, मंजू देवी ने रजत और कमला कंवर ने कांस्य पदक जीता।
- S9 50 मी. बैकस्ट्रोक में किरण टांक ने स्वर्ण, रामधनी मीना ने रजत और कुंती देवी ने कांस्य पदक जीता।
- S9 100 मी. बैक स्ट्रोक विक्रम सिंह गुर्जर ने स्वर्ण, जगदीश चंद ने रजत और कानाराम प्रजापत ने कांस्य पदक जीता।

## इंडियन सॉफ्ट हॉकी लीग

- इसका आयोजन राजस्थान के जयपुर में किया जाएगा।

## रिचा सिंह

- थाईलैंड के चियांगमई में आयोजित मिनी गोल्फ एशियन ओपन चैंपियनशिप के लिए राजस्थान की रिचा सिंह का चयन भारतीय टीम में किया गया है।
- रिचा भरतपुर के जघीना गांव की है।
- रिचा इससे पहले स्वीडन में आयोजित मिनीगोल्फ वर्ल्ड चैम्पियनशिप में भी भाग ले चुकी हैं।
- इसके अलावा रिचा गोवा में आयोजित 37वें नेशनल गेम्स में मिनीगोल्फ सिंगल इवेंट में ब्रॉन्ज जीत चुकी हैं।

## उमेश चौधरी

- उमेश चौधरी ने साउथ अमरीका के लिमा पेरू में हुई आइएसएसएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है।

## पिकलबॉल नेशनल चैंपियनशिप

- पिकलबॉल की नेशनल चैंपियनशिप 6-8 दिसंबर 2024 तक जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित की जाएगी।
- इससे पहले 15-17 नवम्बर 2024 तक उदयपुर में स्टेट चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी।
- राजस्थान में वर्ष 2016 में इस चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था।
- इस चैंपियनशिप में सब जूनियर, जूनियर और सीनियर के मैच खेले जाएंगे।
- राजस्थान पिकलबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष: करण सिंह
- पिकलबॉल: यह टेनिस बैडमिंटन और टीटी का मिक्स खेल है।
- पिकलबॉल को राजस्थान में शुरू करने का श्रेय क्रीड़ा परिषद के खेल अधिकारी करण सिंह को हैं।

## 8वीं हेपकिडो नेशनल चैंपियनशिप

- इसका आयोजन नई दिल्ली में किया गया।
- इसमें राजस्थान टीम ओवरऑल सेकंड रनर-अप रही।
- इसमें राजस्थान से 40 खिलाड़ियों ने भाग लिया, इसमें 11 गोल्ड, 16 सिल्वर, 20 कांस्य पदक सहित 47 मेडल जीते।

## अमित कटारिया ने वुशू में कांस्य पदक जीता

- जार्जिया इंटरनेशनल वुशू प्रतियोगिता हेतु भारतीय वुशू टीम में राजस्थान के वुशू खिलाड़ी अमित कटारिया ने 90 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक जीता है।
- इसका आयोजन बुटामी, जोर्जिया में किया गया।
- राजस्थान वुशू संघ के अध्यक्ष: हीरानंद कटारिया

## दीपक हुड्डा

- दिग्गज ऑलराउंडर दीपक हुड्डा को रणजी ट्रॉफी हेतु राजस्थान क्रिकेट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है।
- दीपक मूल रूप से हरियाणा के रोहतक जिले से है।
- इन्होंने 2014 में आईसीसी अंडर-19 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।
- वर्तमान में यह इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलते है।

## 33वीं नेशनल बेंच प्रेस चैंपियनशिप

- इसका आयोजन गोवा में किया गया।
- इसमें के राजस्थान के दो खिलाड़ियों सत्येंद्र सिंह राठौड़ और रिया कंवर शेखावत ने स्वर्ण पदक जीते।
- सत्येंद्र ने 105 किलो भार वर्ग में 205 किलो की बेंच प्रेस व रिया ने यूथ कैटेगरी की 76 किलो भार वर्ग में 80 किलो की बेंच प्रेस से स्वर्ण पदक जीता है।

## 24वीं राष्ट्रीय पैरा तैराकी चैंपियनशिप

- इसका आयोजन गोवा के पणजी में किया गया।
- इस चैंपियनशिप में राजस्थान टीम तीसरे स्थान पर रही।
- राजस्थान ने 25 स्वर्ण, 22 रजत और 16 कांस्य पदक सहित कुल 63 पदक जीते।
- इस चैंपियनशिप में राजस्थान से 68 खिलाड़ियों ने जूनियर, सब जूनियर और सीनियर कैटेगरी में भाग लिया था।

## नेशनल सब जूनियर और जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप

- इसका आयोजन पश्चिम बंगाल के कोलकाता में किया गया।
- इसमें राजस्थान ने 4 कांस्य पदक जीते।
  1. दिव्यांशी जैन (अंडर-13 बालिका वर्ग)
  2. याशी जैन (अंडर-17 बालिका वर्ग)
  3. अवलोकित सिंह ((अंडर-19 बालक वर्ग)
  4. सुभाष चौधरी (अंडर-17 बालक वर्ग)

## दीक्षान्त लोहिया

- 43वीं नोर्थ जोन शूटिंग चैम्पियनशिप में राजस्थान के दीक्षान्त लोहिया ने क्ले पिजन ट्रेप जूनियर व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा में रजत पदक प्राप्त किया।
- 43वीं नोर्थ जोन शूटिंग चैम्पियनशिप दिल्ली में आयोजित की गई थी।

## 43वीं नॉर्थ जोन शूटिंग चैंपियनशिप

- आयोजन: दिल्ली में।
- राजस्थान के पदक विजेता
- राजस्थान के अंशुल चौधरी ने 50 मीटर फ्री पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता।
- जूनियर मैन केटेगिरी डबल ट्रैप में अधिराज सिंह ने भी स्वर्ण पदक जीता।
- मिलन भारद्वाज ने 50 मीटर फ्री पिस्टल में रजत पदक जीता।
- हर्षवर्धन सिंह कविया ने स्कीट प्रतिस्पर्धा कांस्य पदक जीता।

# 2. राष्ट्रीय परिदृश्य (राजव्यवस्था एवं शासन)

## नागरिकता अधिनियम की धारा 6A की संवैधानिक वैधता बनी रहेगी:सुप्रीम कोर्ट

- सर्वोच्च न्यायालय ने 17 अक्टूबर 2024 को 4:1 के बहुमत से नागरिकता अधिनियम की धारा 6A की वैधता को बरकरार रखा।
- यह धारा असम में अप्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने से संबंधित है।
- धारा 6A को असम एकॉर्ड के बाद 1985 में जोड़ा गया था।

**मुख्य बिन्दु:**


- धारा 6A के अनुसार 1 जनवरी 1966 से पहले बांग्लादेश से आए भारतीय मूल के लोगों को भारत का नागरिक माना जाएगा।
- 1 जनवरी 1966 से 25 मार्च 1971 के बीच आए भारतीय मूल के व्यक्तियों को पंजीकरण कराना होगा, और 10 साल के निवास के बाद ही उन्हें नागरिकता दी जाएगी।
- 25 मार्च, 1971 की कट-ऑफ तिथि के बाद आए लोगों को अवैध अप्रवासी माना जाएगा।
- इस प्रावधान को असम के कुछ स्वदेशी समूहों ने चुनौती दी थी, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने इसे संवैधानिक ठहराया।


## हरियाणा सरकार ने अनुसूचित जातियों का उप-वर्गीकरण लागू किया

- हरियाणा सरकार ने घोषणा की कि राज्य सरकार अनुसूचित जातियों (एससी) के उप-वर्गीकरण पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू करेगी।
- अनुसूचित जातियों (एससी) के उप-वर्गीकरण को लागू करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है।
- विधानसभा चुनाव से पहले और अनुसूचित जातियों के उप-वर्गीकरण पर सुप्रीम कोर्ट के 1 अगस्त के फैसले के बाद हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग की रिपोर्ट को मंजूरी दी गई थी।
- इस आयोग ने राज्य सरकार की नौकरियों में 'वंचित अनुसूचित जातियों' के लिए 10% उप-कोटा की सिफारिश की।
- वर्ष 2020 में, हरियाणा सरकार द्वारा सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में 20% कोटे के भीतर 'वंचित अनुसूचित जातियों' के लिए उप-कोटा बढ़ाकर **50% करने के लिए एक विधेयक** पेश किया गया था।
- इस विधेयक ने 36 अनुसूचित जातियों की **'वंचित अनुसूचित जातियों'** के रूप में पहचान की है।

## हरियाणा और जम्मू और कश्मीर विधानसभा चुनाव के परिणाम

- हाल ही में संपन्न हरियाणा और जम्मू और कश्मीर विधानसभा चुनाव के परिणाम 8 अक्तूबर को घोषित कर दिए गए।




- भाजपा ने तीसरी बार हरियाणा में ऐतिहासिक जीत हासिल की और राज्य में लगातार तीसरी बार सरकार बनाई।
- जम्मू एवं कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाने के बाद पहली बार चुनाव हुए।
- नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की।

## जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन हटाने के लिए अधिसूचना जारी

- केंद्र सरकार द्वारा 13 अक्टूबर 2024 को **जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन हटा दिया गया।**
- जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन 2018 में तत्कालीन राष्ट्रपति **रामनाथ कोविंद** द्वारा लगाया गया था।
- **भारत के संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति शासन** लगाया जाता है।
- संसद ने **5-6 अगस्त, 2019** को जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 पारित किया।
- इसके तहत संविधान के अनुच्छेद **370** (विशेष दर्जा) को भी निरस्त कर दिया गया।

## सुप्रीम कोर्ट में न्याय की देवी ('लेडी ऑफ जस्टिस') की नई मूर्ति

- सुप्रीम कोर्ट में न्याय की देवी ('लेडी ऑफ जस्टिस') की नई मूर्ति स्थापित की गई है।
- इस मूर्ति की आंखों से पट्टी हटा दी गई है, और उसके हाथ में तलवार की जगह संविधान की किताब दी गई है।
- यह मूर्ति सुप्रीम कोर्ट के जजों की लाइब्रेरी में लगाई गई है।

- यह परिवर्तन ब्रिटिश काल की विरासत को पीछे छोड़ने और गुलामी की मानसिकता से मुक्ति पाने हेतु किया गया है।




| पुरानी मूर्ति | नई मूर्ति |
|---|---|
| ○ पुरानी मूर्ति की आंख पर पट्टी यह दर्शाती थी कि कानून की नजर में सब बराबर हैं और यह कानून के अंधे होने का संकेत देती थी।<br>○ पुरानी मूर्ति के हाथ में तलवार अथॉरिटी और अन्याय को सजा देने की शक्ति का प्रतीक थी। | ○ नई मूर्ति का उद्देश्य यह संदेश देना है कि देश में कानून अंधा नहीं है और यह सजा का प्रतीक नहीं है।<br>○ नई मूर्ति के हाथ में संविधान यह संदेश देता है कि न्याय संविधान के अनुसार दिया जाता है। |

- लेडी ऑफ जस्टिस की मूर्ति के दाएं हाथ में तराजू बरकरार रखा गया है, क्योंकि यह समाज में संतुलन का प्रतीक है।
- 'लेडी ऑफ जस्टिस' रोमन माइथोलॉजी की न्याय की देवी 'जस्टीशिया' हैं।

## औद्योगिक शराब को विनियमित करने का अधिकार राज्यों के पास बना रहेगा: सुप्रीम कोर्ट

- 9 न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 8:1 के बहुमत से औद्योगिक शराब को विनियमित करने के राज्यों के अधिकार को बरकरार रखा।
- सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने कहा कि संविधान की सातवीं अनुसूची में राज्य सूची की प्रविष्टि 8 में 'मादक शराब' शब्द के दायरे में औद्योगिक शराब भी शामिल होगी।
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रविष्टि 8 में 'मादक शराब' शब्द की यथासंभव व्यापक परिभाषा होनी चाहिए।
- **प्रविष्टि 8**:
    - यह प्रविष्टि राज्यों को मादक शराब के उत्पादन, निर्माण, कब्जे, परिवहन, खरीद और बिक्री को विनियमित करने की शक्ति देती है।

# 3. आर्थिक परिदृश्य

## मौद्रिक नीति समिति का पुनर्गठन

- केंद्र सरकार ने 1 अक्टूबर 2024 को **प्रोफेसर राम सिंह**, अर्थशास्त्री **सौगत भट्टाचार्य** और **डॉ. नागेश कुमार** को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की मौद्रिक नीति समिति (Monetary Policy Committee: MPC) के **नए सदस्य** के रूप में नियुक्त किया।
- प्रोफेसर राम सिंह **दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के निदेशक** हैं।
- डॉ. नागेश कुमार **औद्योगिक विकास अध्ययन संस्थान के निदेशक और मुख्य कार्यकारी** हैं।
- **सौगत भट्टाचार्य** एक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं।
- RBI अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, मौद्रिक नीति समिति (MPC) में **छह सदस्य** होते हैं:
  - आरबीआई द्वारा नियुक्त तीन सदस्य (आरबीआई गवर्नर सहित, जो पदेन अध्यक्ष हैं)
  - केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त तीन सदस्य
- **भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45ZB द्वारा प्रदत्त शक्तियों** का प्रयोग करते हुए, केंद्र सरकार मौद्रिक नीति समिति का गठन करती है।
- केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त मौद्रिक नीति समिति के बाहरी सदस्य **4 साल की अवधि** के लिए या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, पद धारण करते हैं।
- आरबीआई के गवर्नर **मौद्रिक नीति समिति के पदेन अध्यक्ष** होते हैं।
- मौद्रिक नीति के प्रभारी **आरबीआई के उप-गवर्नर** भी समिति के पदेन सदस्य हैं।
- **केंद्रीय बोर्ड द्वारा नामित आरबीआई का एक अधिकारी** भी समिति का पदेन सदस्य है।

## आकांक्षी जिलों के लिए पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का जिला संस्करण

- केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अक्टूबर 2024 में नई दिल्ली में **27 आकांक्षी जिलों के लिए पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का जिला संस्करण लॉन्च** किया।
- पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का जिला संस्करण बुनियादी ढांचे की योजना के लिए एक सुपर इंटेलिजेंट टूल है और अगले 18 महीनों में देश भर के 750 से अधिक जिलों को कवर करेगा।
- पीएम गति शक्ति पहल की घोषणा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 75वें स्वतंत्रता दिवस पर की थी।
  - यह योजना 13 अक्टूबर, 2021 को लॉन्च की गई थी, जिसका उद्देश्य मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी प्रदान करना है।

| पीएम गति शक्ति के सात इंजन | पीएम गति शक्ति के छह सिद्धांत |
|---|---|
| 1. सड़कें | 1. एकीकृत विकास |
| 2. रेलवे | 2. मल्टीमॉडल इंफ्रास्ट्रक्चर |
| 3. हवाई अड्डे | 3. लास्ट माइल कनेक्टिविटी |
| 4. बंदरगाह | 4. त्वरित भूमि अधिग्रहण |
| 5. मास ट्रांसपोर्ट | 5. न्यूनतम मंजूरी |
| 6. जलमार्ग | 6. कम पारिस्थितिक प्रभाव |
| 7. लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर | |

- यह पहल राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत अनेक मंत्रालयों की योजनाओं को एक साथ लाती है, जैसे भारतमाला, सागरमाला, अंतर्देशीय जलमार्ग, और उड़ान योजना आदि।

## प्रधान मंत्री इंटर्नशिप योजना का पायलट प्रोजेक्ट लॉन्च

- केंद्र सरकार ने 3 अक्टूबर 2024 को प्रधान मंत्री इंटर्नशिप योजना का पायलट प्रोजेक्ट लॉन्च किया।
- इस योजना का उद्देश्य पांच वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है।
- पायलट प्रोजेक्ट की कुल लागत ₹ 800 करोड़ होगी और इसे गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तराखंड और तेलंगाना के 7 जिलों में पायलट आधार पर शुरू किया जाएगा।
- इसमें इंटर्नशिप की अवधि 12 महीने होगी और इस दौरान उम्मीदवारों को ₹ 5000 मासिक मानदेय मिलेगा।

**मानदेय का वितरण:**

- ₹500 कंपनियां अपने CSR फंड से देंगी।
- शेष ₹4500 सरकार द्वारा प्रदान किया जाएगा।

**पात्रता:**

- 21 से 24 वर्ष की आयु के युवा जो फुल-टाइम जॉब या फुल-टाइम शिक्षा में नहीं हैं, वे इस योजना के तहत पात्र होंगे।

## विपणन वर्ष 2025-26 के लिए रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि

- आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) ने 16 अक्टूबर 2024 को विपणन सत्र 2025-26 के लिए रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) में वृद्धि की मंजूरी दी।

**MSP वृद्धि विवरण:**

- गेहूं का MSP ₹150 बढ़ाकर ₹ 2425 प्रति क्विंटल
- जौं का MSP ₹130 बढ़ाकर ₹ 1980 प्रति क्विंटल

**विपणन वर्ष 2025-26 के लिए रबी फसलों का MSP:**

- **गेहूं**: ₹ 2425 प्रति क्विंटल (₹ 150 वृद्धि)
- **जौ**: ₹ 1980 प्रति क्विंटल (₹ 130 वृद्धि)
- **सरसों**: ₹ 5950 प्रति क्विंटल (₹ 300 वृद्धि)
- **चना**: ₹ 5650 प्रति क्विंटल (₹ 210 वृद्धि)

- **कुसुम**: ₹ 5940 प्रति क्विंटल (₹ 140 वृद्धि)
- **मसूर दाल**: ₹ 6700 प्रति क्विंटल (₹ 275 वृद्धि)

**न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP: Minimum Support Price)**

- MSP वह कीमत है जिस पर सरकार किसानों से अनाज खरीदती है। यह सरकार द्वारा निर्धारित एक न्यूनतम मूल्य होता है।
- MSP की घोषणा कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (CACP) की संस्तुति पर वर्ष में दो बार (रबी और खरीफ) की जाती है।
- नोट: कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (CACP) की सिफारिशें केंद्र सरकार के लिए बाध्यकारी नहीं है।
- वर्तमान में MSP में 23 फसलें शामिल होती हैं, जिसमें 7 अनाज, 5 दालें, 7 तिलहन, और 4 व्यावसायिक फसलें शामिल हैं।

## जल ही अमृत कार्यक्रम

- केंद्र सरकार ने हाल ही में 'जल ही अमृत' कार्यक्रम को मंजूरी दी है।
- यह कार्यक्रम अमृत (अटल कायाकल्प और शहरी परिवर्तन मिशन) 2.0 मिशन के तहत राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा जल के कुशल उपयोग को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है।
- **संबंधित मंत्रालय:** केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों का मंत्रालय।
- **उद्देश्य:** शहरी क्षेत्रों में उपचारित अपशिष्ट जल की गुणवत्ता में सुधार करना और उपचारित जल के पुनर्चक्रण को बढ़ावा देना।
- **लक्ष्य:** शहरों के बीच प्रतिस्पर्धा के लिए एक मंच तैयार करना ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उपचारित जल पर्यावरण मानकों को निरंतर पूरा करे और सहकर्मियों के सीखने की क्षमता का विकास हो।

**प्रमुख प्रावधान:**

- **स्वच्छ जल क्रेडिट प्रणाली:** इसका उद्देश्य शहरों के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना, क्षमता विकसित करना और सर्वोत्तम गुणवत्ता का उपचारित जल प्राप्त करना है।
- **स्टार रेटिंग:** अपशिष्ट जल संयंत्रों को स्टार-रेटिंग (3 से 5 स्टार) के रूप में प्रमाणित किया जाएगा, जो 6 माह के लिए मान्य होगी।
- **प्रदर्शन-आधारित प्रोत्साहन:** स्टार रेटिंग/स्वच्छ जल क्रेडिट के आधार पर शहरों और अपशिष्ट जल संयंत्रों को प्रोत्साहन मिलेगा।

**अमृत 2.0 योजना**

- यह जून 2015 में शुरू हुए अमृत मिशन का अगला चरण है, जो हर घर जल और सीवरेज कनेक्शन पहुँच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया।
- **प्रारंभ तिथि:** 1 अक्टूबर, 2021
- **समयावधि:** 5 वर्ष (वित्तीय वर्ष 2021-22 से वित्तीय वर्ष 2025-26 तक)
- **संबंधित मंत्रालय:** केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों का मंत्रालय।
- **उद्देश्य:** वैधानिक शहरों में सभी घरों में नल जल आपूर्ति और 500 शहरों में सीवरेज/सेप्टेज प्रबंधन की कवरेज को सार्वभौमिक बनाना।

## क्रूज़ भारत मिशन

केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल ने 'क्रूज़ भारत मिशन' लॉन्च किया।

- **समयावधि:** 1 अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2029 तक, 3 चरणों में लागू।
- **उद्देश्य:** देश में क्रूज़ पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा देना।
- **लक्ष्य:** अगले 5 वर्षों में क्रूज़ यात्री यातायात को दोगुना करना।
- **चरण 1 (01 अक्टूबर 2024 से 30 सितंबर 2025):** इसमें अध्ययन, मास्टर प्लानिंग, और पड़ोसी देशों के साथ क्रूज़ गठबंधन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DAJGUA)

- इस अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2024 को हजारीबाग, झारखंड से किया।
- **कुल परिव्यय:** 79,156 करोड़ रुपये (केंद्रीय हिस्सा: 56,333 करोड़ रुपये, राज्य का हिस्सा: 22,823 करोड़ रुपये)।
- **लक्ष्य:** 30 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 63,843 गांवों में फैले 549 जिलों और 2,911 ब्लॉकों के 5 करोड़ से अधिक आदिवासियों को लाभ पहुंचाना।
- **उद्देश्य:** 17 मंत्रालयों द्वारा 25 उपायों के माध्यम से सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, और आजीविका में कमियों को दूर करना और आदिवासी समुदायों का सतत विकास सुनिश्चित करना।

## हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) को महारत्न कंपनी का दर्जा

- **हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL)** को 12 अक्टूबर 2024 को महारत्न का दर्जा दिया गया।
- यह मंजूरी केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा दी गई।
- HAL भारत सरकार से यह दर्जा प्राप्त करने वाला 14वां केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम (CPSE) बना है।
- इससे HAL की परिचालन स्वायत्तता और वित्तीय क्षमताएं बढ़ गई हैं। अब HAL बिना सरकारी मंजूरी के अपने शुद्ध मूल्य का 15% परियोजनाओं में और ₹5,000 करोड़ तक विदेशी उपक्रमों में निवेश कर सकता है।

**महारत्न स्थिति के लिए मानदंड**

- महारत्न दर्जे के लिए CPSE को पहले नवरत्न दर्जा प्राप्त होना चाहिए और इसके लिए सख्त वित्तीय मानदंडों को पूरा करना

आवश्यक है, जिसमें शामिल हैं:

- औसत वार्षिक टर्नओवरर : 25,000 करोड़ से अधिक।
- औसत वार्षिक शुद्ध मूल्यर : 15,000 करोड़ से अधिक।
- औसत वार्षिक शुद्ध लाभ: पिछले तीन वर्षों में ₹ 5,000 करोड़ से अधिक।

## भारत की महारत्न कंपनियाँ

| क्र. | कंपनी का नाम |
|---|---|
| 1 | भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (BHEL) |
| 2 | भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BPCL) |
| 3 | गैस इंडिया लिमिटेड (GAIL) |
| 4 | कोल इंडिया लिमिटेड (CIL) |
| 5 | हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (HPCL) |
| 6 | स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (SAIL) |
| 7 | राष्ट्रीय तापीय बिजली निगम (NTPC) |
| 8 | ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लिमिटेड (REC) |
| 9 | पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (PFC) |
| 10 | पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (POWERGRID) |
| 11 | भारतीय ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL) |
| 12 | ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ONGC) |
| 13 | ऑयल इंडिया लिमिटेड (OIL) |
| 14 | **हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL)** |

## राष्ट्रीय खाद्य तेल और तिलहन मिशन (NMEO-Oilseeds)

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 3 अक्टूबर 2024 को राष्ट्रीय खाद्य तेल और तिलहन मिशन (National Mission on Edible Oils and Oilseeds: NMEO-Oilseeds) को मंजूरी दी है।
- अवधि: वर्ष 2024-25 से 2030-31 तक
- बजट: **10,103 करोड़ रुपये**
- **लक्ष्य:** अगले सात वर्षों में भारत को तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना।
    - तिलहन उत्पादन को 2022-23 के **39 मिलियन मीट्रिक टन** से बढ़ाकर 2030-31 तक **69.7 मिलियन मीट्रिक टन** करना।
    - इसका लक्ष्य 2030-31 तक घरेलू खाद्य तेल उत्पादन को **25.45 मिलियन मीट्रिक टन** तक बढ़ाना है, जिससे घरेलू आवश्यकता का 72% पूरा होगा।
- **शामिल फसलें:** रेपसीड सरसों, मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी और तिल जैसी प्रमुख तिलहन फसलों का उत्पादन बढ़ाना।
- **द्वितीयक स्रोत:** कपास के बीज, चावल की भूसी और ट्री-बटर ऑयल जैसे द्वितीयक स्रोतों से संग्रह और निष्कर्षण दक्षता बढ़ाना।

## PMECRG और MAHA- EV मिशन

- हाल ही में स्थापित **अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन** (ANRF) द्वारा दो पहल शुरू की हैं:

1. प्रधानमंत्री प्रारंभिक कैरियर अनुसंधान अनुदान **(PMECRG)**
2. उच्च प्रभाव वाले क्षेत्रों में उन्नति के लिए मिशन - इलेक्ट्रिक वाहन

## प्रधानमंत्री प्रारंभिक कैरियर अनुसंधान अनुदान (PMECRG)

- इसे प्रारंभिक कैरियर शोधकर्ताओं का समर्थन करने और वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए एएनआरएफ के तहत शुरू किया गया।
- **उद्देश्य:** उच्च गुणवत्ता वाले अभिनव अनुसंधान को बढ़ावा देना, तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देना और विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भारत के वैश्विक नेतृत्व में योगदान देना।

**विशेषताएँ:**

- शोध में आसानी के लिए लचीला बजट।
- युवा शोधकर्ताओं को पोषित करने पर ध्यान केंद्रित करना।
- अभूतपूर्व खोजों और अनुसंधान उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करना।
- प्रारंभिक कैरियर शोधकर्ताओं का समर्थन करके भारत को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अग्रणी के रूप में स्थापित करना।

## उच्च प्रभाव वाले क्षेत्रों में उन्नति के लिए मिशन - इलेक्ट्रिक वाहन (MAHA-EV) मिशन

- यह ANRF की MAHA योजना का हिस्सा है।
- इसे महत्वपूर्ण वैज्ञानिक चुनौतियों का समाधान करने और आत्मनिर्भर भारत जैसी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ संरेखित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- **उद्देश्य:** घरेलू EV तकनीक विकसित करना, आयात निर्भरता को कम करना और भारत को EV घटक विकास के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना।

**विशेषताएँ:**

- तीन महत्वपूर्ण कार्यक्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना:
    - EV बैटरी और सेल
    - पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनें और ड्राइव (PEMD)
    - EV चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर।
- यह बहु-संस्थागत सहयोग को प्रोत्साहित करता है।

- भारत के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में बदलाव का समर्थन करता है और EV क्षेत्र में घरेलू नवाचार को बढ़ावा देता है।
- प्रतिस्पर्धा को बढ़ाता है और 2047 तक विकसित भारत को प्राप्त करने के भारत के लक्ष्य के साथ संरेखित करता है।

**अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (ANRF)**

- इसकी स्थापना वर्ष 2024 में की गई।
- केंद्र सरकार 'ANRF अधिनियम, 2023' के माध्यम से इसकी स्थापना की गई।
- इसकी पहली गवर्निंग बोर्ड मीटिंग प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई।
- मंत्रालय: विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय।
- **उद्देश्य:** अकादमिक अनुसंधान और औद्योगिक अनुप्रयोगों के समन्वय बढ़ाना और अनुसंधान एवं विकास को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ जोड़ना।

**कार्य:**

- समावेशी विकास, वैज्ञानिक प्रगति और नवाचार को बढ़ावा देना।
- उद्योग-संरेखित अनुवादात्मक अनुसंधान को सुगम बनाना।
- प्रमुख क्षेत्रों में भारत की क्षमता निर्माण और वैश्विक स्थिति का समर्थन करना।

## भारतजेन (BharatGen)

- भारतजेन (BharatGen) दुनिया का पहला सरकारी वित्तपोषित बहुभाषी और मल्टीमॉडल जनरेटिव एआई मॉडल है।
- इसका उद्देश्य भारतीय भाषाओं में उच्च गुणवत्ता वाले कंटेंट का निर्माण करना और एआई तकनीक को सुलभ बनाना है।
- **उद्देश्य:** भारतीय भाषाओं में जनरेटिव एआई तकनीक विकसित करना और सार्वजनिक सेवाओं की आपूर्ति में क्रांतिकारी बदलाव लाना तथा सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक समानता के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए AI मॉडल्स का विकास करना।

**मुख्य विशेषताएँ:**

- **बहुभाषी और मल्टीमॉडल मॉडल्स:** कई भारतीय भाषाओं में टेक्स्ट, स्पीच, और इमेज/ऑडियो कंटेंट।
- यह मॉडल भारतीय भाषाओं और सांस्कृतिक संदर्भों पर आधारित डेटा सेट्स पर प्रशिक्षित है।
- यह ओपन-सोर्स परियोजना है, जो शोधकर्ताओं और डेवलपर्स के लिए सुलभ है।
- इसके माध्यम से AI अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए **AI अनुसंधान का इकोसिस्टम बनेगा।**

**क्रियान्वयन और समय सीमा:**

- क्रियान्वयन: इस परियोजना का क्रियान्वयन **IIT बंबई** द्वारा किया जा रहा है, जिसमें **IIIT हैदराबाद, IIT मंडी, IIT कानपुर, IIM इंदौर** सहित अन्य संस्थान सहयोगी हैं।
- **समय सीमा:** 2026 तक AI मॉडल्स को व्यापक रूप से विकसित और लागू करना है।

**जनरेटिव एआई (Generative AI)**

- यह एक प्रकार की कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) है, जो मौजूदा डेटा से नए और अद्वितीय कंटेंट (जैसे टेक्स्ट, इमेज, म्यूजिक, वीडियो, आदि) उत्पन्न करती है।
- यह एआई मॉडल ऐसे एल्गोरिद्म पर आधारित होते हैं, जो विशाल मात्रा में डेटा को सीखकर पैटर्न और संरचनाएं पहचानते हैं और फिर उसी प्रकार का नया कंटेंट बना सकते हैं।

**जनरेटिव एआई का उदाहरण:**

- **टेक्स्ट जेनरेशन:** AI मॉडल, जो स्वत: लेख, कविताएँ या उत्तर लिख सकते हैं।
- **इमेज जेनरेशन:** AI का उपयोग कर नई तस्वीरें, कला या डिज़ाइन बनाना।
- **स्पीच और वॉयस जेनरेशन:** वर्चुअल असिस्टेंट्स जो इंसानों जैसी आवाज़ में बोल सकते हैं।

## हमसफर नीति

- केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 7 अक्टूबर 2024 को नई दिल्ली में शुभारंभ किया।
- **उद्देश्य:** राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर **विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करना।**
- यह नीति राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा को आसान, सुरक्षित और आनंददायक बनाने के लिए शुरू की गई है।
- इसमें स्वच्छता और पारिस्थितिकी को ध्यान में रखकर रणनीति बनाई गई है।
    - इसमें सौर ऊर्जा, कचरा पुनर्चक्रण, मृदा संरक्षण और जल संरक्षण पर भी ध्यान दिया गया है।
    - **राजमार्ग यात्रा ऐप** के जरिए यात्री संबंधित सेवाओं की जानकारी तुरंत प्राप्त कर सकते हैं।

## समर्थ (वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना)

- इस योजना की अवधि को मार्च 2026 तक बढ़ा दिया गया है।
- **उद्देश्य:** वस्त्र-संबंधी कौशल में 3 लाख लोगों को प्रशिक्षित करना और वस्त्र उद्योग में रोजगार सृजन को प्रोत्साहन देना।
- **बजट:** 495 करोड़ रुपये।
- **मुख्य बिंदु:**
    - कताई और बुनाई को छोड़कर वस्त्र की पूरी मूल्य श्रृंखला शामिल है।
    - प्रशिक्षण कार्यक्रम और पाठ्यक्रम को उभरती हुई तकनीक और बाजार की जरूरतों के अनुसार युक्तिसंगत किया गया है।
    - इस योजना के अंतर्गत 3.27 लाख उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया है।

## प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में ऋण सीमा बढाई गई

- इस योजना में ऋण सीमा 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 20 लाख रुपए की गई है। यह नई सीमा 24 अक्टूबर, 2024 को प्रभावी हुई।
- **नोट:** वित्त मंत्री ने 23 जुलाई, 2024 को केंद्रीय बजट 2024-25 के दौरान ऋण सीमा को बढ़ाकर 20 लाख रुपए करने की घोषणा की।
- इस घोषणा में **एक नई ऋण श्रेणी, तरुण प्लस शामिल की गई है,** जो विशेष रूप से उन लोगों के लिए है जिन्होंने पहले तरुण श्रेणी के तहत ऋण लिया है और उसे सफलतापूर्वक चुकाया है।
- इसके अतिरिक्त, **माइक्रो यूनिट्स के लिए क्रेडिट गारंटी फंड (CGFMU)** इन बढ़े हुए ऋणों के लिए गारंटी कवरेज प्रदान करेगा, जो भारत में एक मजबूत उद्यमशीलता इको-सिस्टम को पोषित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

### मुद्रा ऋण की श्रेणियाँ

- पीएमएमवाई के अंतर्गत सदस्य ऋणदाता संस्थानों द्वारा 20 लाख रुपये तक के जमानत मुक्त ऋण दिए जाते हैं।
- यह ऋण विनिर्माण, व्यापार तथा सेवा क्षेत्रों और कृषि में आय सृजन के लिए दिए जाते हैं।
- मुद्रा ऋण अब चार श्रेणियों **के तहत** प्रदान किए जाएंगे-

1. **शिशु: 50,000/- रुपये** तक के ऋण मिलते हैं
2. **किशोर: 50,000/- रुपये से 5 लाख रुपये तक के** ऋण मिलते है
3. **तरुण: 5 लाख रुपये से 10 लाख रुपये तक का** ऋण शामिल है
4. **तरुण प्लस: 10 लाख रुपये से 20 लाख रुपये तक के** ऋण मिलते हैं

**मुद्रा योजना**

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 8 अप्रैल, 2015 को शुरू की गई।
- MUDRA यानी **माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट एंड रिफाइनेंस एजेंसी** लिमिटेड
- यह एजेंसी भारत सरकार द्वारा पीएमएमवाई के तहत माइक्रो यूनिट उद्यमों के विकास और पुनर्वित्तपोषण के लिए स्थापित एक वित्तीय संस्था है।
- **उद्देश्य:** सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचितों को वित्तीय समावेशन और सहायता प्रदान करना है।

## आयुष्मान वय वंदना कार्ड लॉन्च

- प्रधानमंत्री ने 29 अक्टूबर 2024 को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB PM-JAY) के तहत **आयुष्मान वय वंदना कार्ड** लॉन्च किए।
- इसका उद्देश्य **70 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी लोगों को स्वास्थ्य-देखभाल कवरेज प्रदान करना** है, चाहे उनकी आय और आर्थिक स्थिति कैसी भी हो।
- इसके तहत 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के सदस्यों के लिए प्रति परिवार **5 लाख रुपये का वार्षिक स्वास्थ्य कवर** प्रदान किया जाएगा।
  - एक ही घर में कई बुजुर्ग व्यक्ति होने पर, कवर को उनके बीच साझा किया जाएगा।
- इस हेतु लाभार्थियों को AB PM-JAY पोर्टल या **आयुष्मान ऐप** के माध्यम से पंजीकरण करना होगा, भले ही उनके पास पहले से ही आयुष्मान कार्ड हो।
- योजना में **4.5 करोड़ परिवारों के लगभग 6 करोड़ लोग** शामिल होंगे।
- इसमें कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) के तहत बीमित व्यक्ति **ESIC और आयुष्मान भारत, दोनों के कवरेज** के लिए पात्र होंगे, क्योंकि ESIC के तहत प्रीमियम का भुगतान सरकार के बजाय नियोक्ता और कर्मचारी करते हैं।

## धन्वंतरि जयंती पर 13,000 करोड़ रुपये की स्वास्थ्य सेवा परियोजनाओं का शुभारंभ

- पीएम मोदी ने आयुष्मान भारत योजना के तहत कई प्रमुख पहलों की घोषणा की।
- **प्रमुख उद्घाटन और घोषणाएँ:**
  - आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत **पांच राज्यों में 21 क्रिटिकल केयर ब्लॉक** की आधारशिला।
    - 5 राज्य: हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मणिपुर, तमिलनाडु और **राजस्थान**।
  - **यू-विन पोर्टल**: गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण रिकॉर्ड को सुव्यवस्थित करने के लिए।
  - भुवनेश्वर में एक **केंद्रीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला** का उद्घाटन।
  - दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच का विस्तार करने के लिए, 11 तृतीयक देखभाल संस्थानों में ड्रोन सेवाओं का शुभारंभ किया। ये हैं एम्स ऋषिकेश (उत्तराखंड), एम्स बीबीनगर (तेलंगाना), एम्स गुवाहाटी (असम), एम्स भोपाल (मध्य प्रदेश), एम्स जोधपुर (राजस्थान), एम्स पटना (बिहार), एम्स बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश), एम्स रायबरेली (उत्तर प्रदेश, एम्स रायपुर (छत्तीसगढ़), आरआईएमएस इंफाल (मणिपुर) और एम्स मंगलगिरी (आंध्र प्रदेश)।
  - ओडिशा और छत्तीसगढ़ में **योग और प्राकृतिक चिकित्सा के दो केंद्रीय अनुसंधान संस्थानों** की स्थापना।
  - **देश का प्रकृति परीक्षण अभियान**: नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान।

## महामारी निधि परियोजना

- केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने "महामारी की तैयारी और प्रतिक्रिया के लिए भारत में पशु स्वास्थ्य सुरक्षा सुदृढ़ीकरण" पर महामारी निधि परियोजना (Pandemic Fund Project) शुरू की।
- **उद्देश्य:** भारत की पशु स्वास्थ्य प्रणालियों को बेहतर बनाना है, जिससे भविष्य में महामारियों के खिलाफ देश की सुरक्षा मजबूत हो सके।
- यह G20 महामारी निधि द्वारा वित्त पोषित $25 मिलियन की पहल है।
- यह पहल जानवरों से मनुष्यों में फैलने वाली जूनोटिक बीमारियों के जोखिम को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।
- इसे एशियाई विकास बैंक (ADB), खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO), और विश्व बैंक की साझेदारी में लागू किया जाएगा।

## राष्ट्रीय विद्युत योजना (ट्रांसमिशन)

- **लॉन्च:** 14 अक्टूबर 2024 को।
- यह योजना केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (CEA) द्वारा विभिन्न हितधारकों के साथ परामर्श के बाद तैयार की गई है।
- उद्देश्य: अक्षय ऊर्जा के ट्रांसमिशन को सक्षम करना और इस क्षेत्र में आवश्यक भंडारण प्रणालियों को ध्यान में रखना है।
- **लक्ष्य:** वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता स्थापित करना और 2032 तक इसे बढ़ाकर 600 गीगावाट से अधिक करना।
- इसके तहत देश में 47 गीगावाट की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियां और 31 गीगावाट के पंप भंडारण संयंत्र, जिन्हें नवीकरणीय ऊर्जा के साथ विकसित किया जाएगा।
- इसमें तटीय स्थानों पर ग्रीन हाइड्रोजन/ग्रीन अमोनिया विनिर्माण केंद्रों तक बिजली पहुंचाने के लिए ट्रांसमिशन सिस्टम की भी योजना बनाई गई है।
- राष्ट्रीय विद्युत योजना के तहत 2022-23 से 2031-32 तक 10 वर्ष की अवधि के दौरान 1,91,000 सर्किट किलोमीटर (ckm) ट्रांसमिशन लाइनें और 1270 गीगावोल्ट-एम्पीयर (GVA) परिवर्तन क्षमता (220 केवी और उससे अधिक वोल्टेज स्तर पर) जोड़ने की योजना है।
- अंतर-क्षेत्रीय ट्रांसमिशन क्षमता को वर्तमान 119 गीगावाट से बढ़ाकर वर्ष 2027 तक 143 गीगावाट तथा वर्ष 2032 तक 168 गीगावाट करने की योजना है।
- ट्रांसमिशन योजना में नेपाल, भूटान, म्यांमार, बांग्लादेश और श्रीलंका के साथ सीमा-पार इंटरकनेक्शन के साथ-साथ सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात आदि के साथ संभावित इंटरकनेक्शन को भी शामिल किया गया है।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 700 बिलियन डॉलर हुआ

- भारत विदेशी मुद्रा भंडार में 700 बिलियन अमेरिकी डॉलर को पार करने वाली दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है।
- **सर्वाधिक विदेशी मुद्रा भंडार वाली अर्थव्यवस्थाएं**
    1. चीन - 3,626 बिलियन डॉलर
    2. जापान - 1,272 बिलियन डॉलर
    3. स्विट्ज़रलैंड - 890 बिलियन डॉलर
    4. भारत - 704.89 बिलियन डॉलर
- भारत का विदेशी मुद्रा भंडार, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा संरक्षित और प्रबंधित है।
- भंडार में विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियाँ, विशेष आहरण अधिकार (SDR), और स्वर्ण भंडार शामिल हैं।

## भारत में आयकरदाताओं की संख्या 10 करोड़ से अधिक हुई

- केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) के नवीनतम टाइम सीरीज डेटा के अनुसार भारत में आयकरदाताओं की संख्या 10 करोड़ से अधिक हो गई है।
- आकलन वर्ष 2013-14 के अंत में करदाताओं की संख्या 5.26 करोड़ थी, जो 2023-24 के अंत तक बढ़कर 10.41 करोड़ हो गई, जो लगभग **98 प्रतिशत की वृद्धि** है।
- यह वृद्धि अर्थव्यवस्था के औपचारिकीकरण और टैक्स बेस के विस्तार के कारण है।
- **करदाता:**
    - आयकर विभाग एक करदाता को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में परिभाषित करता है जिसने संबंधित आकलन वर्ष (Assessment Year: AY) के लिए आयकर रिटर्न दाखिल किया हो।
    - इसके अलावा, वे व्यक्ति जिनके लिए वित्तीय वर्ष में स्रोत पर कर (TDS) काटा गया है, पर उन्होंने आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया है, उन्हें भी करदाता माना जाता है।

# 4. अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## 21वाँ आसियान-भारत शिखर सम्मेलन, 2024

- **आयोजन स्थल :** वियनतियाने (लाओ पी.डी.आर.)
- **आयोजन तिथि** : 10 October, 2024
- **अध्यक्षता :** लाओस द्वारा
- **सदस्य** : भारत सहित आसियान समूह के सभी 10 देश (ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, वियतनाम)
- दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ का संक्षिप्त रूप आसियान (ASEAN) है।
- प्रधानमंत्री मोदी ने 10-11 अक्तूबर, 2024 को लाओस की दो दिवसीय यात्रा की।
- इस दौरान वह 21वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में शामिल हुए।
- **उद्देश्य :** भारत की एक्ट-ईस्ट नीति के एक दशक पूरे होने पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा आसियान नेताओं के साथ मिलकर आसियान-भारत व्यापक रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा और सहयोग की भविष्य की दिशा तय करना।
    - पहला भारत-आसियान शिखर सम्मेलन वर्ष 2002 में कंबोडिया की राजधानी नामपेन्ह में हुआ था।

## प्रधानमंत्री मोदी की 10 सूत्री योजना की घोषणा

1. वर्ष 2025 को आसियान-भारत पर्यटन वर्ष के रूप में मनाना (भारत द्वारा 5 मिलियन डॉलर उपलब्ध कराना)।
2. युवा शिखर सम्मेलन, स्टार्ट-अप महोत्सव, हैकाथॉन, संगीत महोत्सव, आसियान-भारत थिंक टैंक नेटवर्क और दिल्ली डायलॉग सहित कई केंद्रित गतिविधियों के माध्यम से एक्ट-ईस्ट नीति के एक दशक का उत्सव मनाना।
3. आसियान-भारत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विकास निधि के तहत आसियान-भारत महिला वैज्ञानिक सम्मेलन आयोजित करना।
4. नालंदा विश्वविद्यालय में छात्रवृत्ति की संख्या दोगुनी करना और भारत में कृषि विश्वविद्यालयों में आसियान छात्रों के लिए नई छात्रवृत्ति का प्रावधान।
5. वर्ष 2025 तक आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते की समीक्षा।
6. आपदा लचीलापन बढ़ाना (भारत द्वारा 5 मिलियन डॉलर उपलब्ध)।
7. स्वास्थ्य की दिशा में स्वास्थ्य मंत्रियों का एक नया ट्रैक शुरू करना।
8. डिजिटल एवं साइबर नीति मजबूत करने की दिशा में आसियान-भारत साइबर नीति वार्ता का एक नियमित तंत्र शुरू करना।
9. ग्रीन हाइड्रोजन पर कार्यशाला।
10. जलवायु पुनरुत्थान की दिशा में 'एक वृक्ष माँ के नाम' अभियान में शामिल होने के लिए आसियान नेताओं को आमंत्रित करना।

- इस सम्मेलन में सभी नेताओं ने एक **नई आसियान-भारत कार्य योजना (2026-2030) बनाने पर सहमति** व्यक्त की गई।

**आसियान (ASEAN)**

- **आसियान (ASEAN)** का पूरा नाम **Association of Southeast Asian Nations** (दक्षिण पूर्व एशियाई देशों का संघ) है।
- **स्थापना:** 8 अगस्त 1967 को बैंकॉक में।
- **संस्थापक सदस्य:** इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, और थाईलैंड।
- भारत 2002 में आसियान का शिखर सम्मेलन-स्तरीय भागीदार बना।
- **उद्देश्य:**
    - आर्थिक विकास और समृद्धि को बढ़ावा देना।
    - क्षेत्र में शांति और स्थिरता कायम करना।

**सदस्य देश:**

इसमें दक्षिण पूर्व एशिया के 10 देश शामिल हैं:

| | |
|---|---|
| 1. इंडोनेशिया | 2. थाईलैंड |
| 3. ब्रुनेई | 4. लाओ पीडीआर |
| 5. म्यांमार | 6. कंबोडिया |
| 7. मलेशिया | 8. फिलीपींस |
| 9. वियतनाम | 10. सिंगापुर |

## भारत और आसियान देशों के बीच पहली ट्रैक-वन साइबर नीति वार्ता सिंगापुर में

भारत और आसियान देशों के बीच पहली **ट्रैक-वन साइबर नीति वार्ता** 16 अक्टूबर, 2024 को सिंगापुर में हुई।

- **मुख्य बिंदु:**
    - इस वार्ता के दौरान **साइबर हमलों की स्थिति**, **राष्ट्रीय साइबर नीति**, **जोखिम मूल्यांकन** और **संयुक्त राष्ट्र में सूचना-संचार प्रौद्योगिकी** के क्षेत्र में हाल की गतिविधियों पर चर्चा हुई।

## 19वाँ पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन, 2024

- यह सम्मेलन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक वार्ता के लिये एक प्रमुख मंच है।
- **आयोजन स्थल :** वियनतियाने, लाओ पी.डी.आर.
- **आयोजन तिथि :** 11 अक्तूबर, 2024
- **उद्देश्य :** पूर्वी एशिया में शांति, स्थिरता एवं आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देना।
- **अध्यक्षता :** लाओस द्वारा

- **सदस्य :** कुल 18 सदस्य देश
    - 10 आसियान देश (ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड तथा वियतनाम)
    - 8 अन्य देश (ऑस्ट्रेलिया, चीन, भारत, जापान, न्यूजीलैंड, कोरिया गणराज्य, रूस, तथा अमेरिका)
- **प्रथम सम्मेलन :** इस सम्मेलन का पहली बार आयोजन 14 दिसंबर, 2005 में मलेशिया (क्वालालंपुर) में हुआ था।
- प्रधानमंत्री ने भारत के हिंद-प्रशांत विजन और क्वाड सहयोग में हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय वास्तुकला में आसियान की केंद्रीय भूमिका पर जोर दिया।
- हिंद-प्रशांत क्षेत्र को विस्तारवाद पर आधारित दृष्टिकोण के बजाए विकास आधारित दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।
- पूर्वी एशिया के देशों को नालंदा विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले उच्च शिक्षा प्रमुखों के सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया गया है।

## भारत-लाओस द्विपक्षीय वार्ता

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लाओस के प्रधानमंत्री सोनेक्साय सिपानदोन ने 11 अक्टूबर को विएंतियान में द्विपक्षीय वार्ता की।

**3 त्वरित प्रभाव परियोजनाओं के क्षेत्र में समझौता**

- दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों की उपस्थिति में रक्षा, प्रसारण, सीमा शुल्क सहयोग एवं मेकांग-गंगा सहयोग के तहत तीन त्वरित प्रभाव परियोजनाओं (क्यू.आई.पी.) के क्षेत्र में समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया।
    - क्यू.आई.पी. लाओ रामायण की विरासत का संरक्षण, रामायण से संबंधित भित्तिचित्रों के साथ वाट फ्रा किउ बौद्ध मंदिर के जीर्णोद्धार और चम्पासक प्रांत में रामायण पर आधारित छाया कठपुतली को समर्थन देने से संबंधित है।
    - तीनों क्यू.आई.पी. में से प्रत्येक को लगभग 50,000 अमेरिकी डॉलर की भारत सरकार की अनुदान सहायता प्राप्त है।
    - लाओस में पोषण सुधार के लिए भारत 10 लाख डॉलर की अनुदान सहायता भी देगा।

## 23वीं शंघाई सहयोग संगठन-शासनाध्यक्ष परिषद (SCO-CHG) बैठक

- **आयोजन तिथि :** 15-16 अक्टूबर 2024
- **आयोजन स्थल :** इस्लामाबाद, पाकिस्तान
- **उद्देश्य:** SCO-CHG बैठक का फोकस संगठन के व्यापार और आर्थिक एजेंडे पर होता है।
- भारत की ओर से **विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर** ने भाग लिया। 2015 में सुषमा स्वराज की यात्रा के बाद यह किसी भारतीय मंत्री की पहली पाकिस्तान यात्रा थी।
- संयुक्त विज्ञप्ति में **चीन की बेल्ट एंड रोड पहल (BRI)** का समर्थन नहीं किया गया।
- **भारत ने चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (CPEC)** का विरोध किया, क्योंकि यह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से होकर गुजरता है, जिसे भारत अपना अभिन्न अंग मानता है।
- **SCO शासनाध्यक्षों की परिषद** की अगली बैठक 2025 में रूस में आयोजित होगी।

**शंघाई सहयोग संगठन (SCO)**

- **स्थापना:** जून 2001 में 'शंघाई फाइव' (1996 में रूस, चीन, कज़ाखस्तान, किर्गिज़स्तान, और ताजिकिस्तान द्वारा गठित)
- **वर्तमान सदस्य:** 8 देश – कज़ाखस्तान, चीन, रूस, ताजिकिस्तान, उज़्बेकिस्तान, किर्गिस्तान, भारत, पाकिस्तान, ईरान, और बेलारूस।
- भारत और पाकिस्तान **वर्ष 2017 में** SCO के पूर्ण सदस्य बने।
- **मुख्यालय:** बीजिंग, चीन
- **SCO की आधिकारिक भाषाएँ:** रूसी और चीनी।
- **मुख्य निकाय:**
    - **SCO राष्ट्राध्यक्ष परिषद** (शिखर स्तर की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था)।
- **रोटेशन प्रणाली:** अध्यक्षता रूसी वर्णमाला के अनुसार सदस्य देशों के बीच बारी-बारी से बदलती है।

## 16वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2024

- **आयोजन:** 22-24 अक्टूबर 2024 को रूस के कज़ान में।
- **थीम :** 'न्यायसंगत वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को सुदृढ़ करना' (Strengthening Multilateralism For Just Global Development And Security)
- **मुख्य मुद्दे:** बहुपक्षवाद को मजबूत करना, आतंकवाद का मुकाबला करना, आर्थिक विकास को बढ़ावा देना और वैश्विक दक्षिण की चिंताओं को दूर करना।
- वर्ष 2025 में 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन ब्राजील में किया जाएगा।
- **नए भागीदार देश:** 13 देशों को ब्रिक्स का भागीदार देश बनाया गया, यद्यपि वे पूर्ण सदस्य नहीं हैं। ये देश हैं:
    - **अफ्रीका:** अल्जीरिया, युगांडा, नाइजीरिया
    - **यूरोप:** बेलारूस, तुर्किये
    - **लैटिन अमेरिका:** बोलीविया, क्यूबा
    - **एशिया:** इंडोनेशिया, कजाकिस्तान, मलेशिया, थाईलैंड, उज्बेकिस्तान, वियतनाम
- इस सम्मेलन के अंत में **'कज़ान घोषणापत्र वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करना'** शीर्षक से एक संयुक्त घोषणा जारी की गई।

## पहली ब्रिक्स आउटरीच/ब्रिक्स प्लस संवाद

- **तिथि**: 24 अक्टूबर 2024 को 16वीं ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान पहली बार **ब्रिक्स प्लस/आउटरीच संवाद** आयोजित हुआ।
- इस बैठक की मेजबानी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने की।
- **ब्रिक्स आउटरीच** उन देशों को संदर्भित करता है जो ब्रिक्स के सदस्य नहीं हैं लेकिन भविष्य में इसमें शामिल होने के इच्छुक हैं।
- **विषय**: 'ब्रिक्स और ग्लोबल साउथ: एक साथ मिलकर एक बेहतर दुनिया का निर्माण'।
- **प्रतिनिधित्व**: एशिया, अफ्रीका, और लैटिन अमेरिका के 36 देशों ने भाग लिया।

**ब्रिक्स (BRICS)**

- ब्रिक्स (BRICS) विश्व की अग्रणी उभरती अर्थव्यवस्थाओं का समूह है, जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।
- 'ब्रिक' (BRIC) शब्द का प्रयोग पहली बार **गोल्डमैन सैश** (Goldman Sachs) के चेयरमैन **जिम ओ'नील** ने 2001 में किया था। इसका तात्पर्य ब्राजील, रूस, भारत, और चीन से था।
- वर्ष 2009 में BRIC की स्थापना हुई।
- 2010 में दक्षिण अफ्रीका के शामिल होने के बाद इसे BRICS के नाम से जाना गया।
- वर्तमान सदस्य संख्या: 10 देश
- **2024 में नए सदस्य**: मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (1 जनवरी 2024 को शामिल)।

**ब्रिक प्लस (BRICS Plus)**

- ब्रिक प्लस में मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के नए जोड़े गए सदस्य शामिल हैं।
- **मुख्यालय**: शंघाई, चीन।
- **महत्व**:
    - वैश्विक आबादी का 45% इन देशों में निवास करता है।
    - वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 30% का योगदान।
    - वैश्विक व्यापार में 17% हिस्सेदारी।

**ब्रिक्स बैंक (न्यू डेवलपमेंट बैंक - NDB)**

- **स्थापना**: छठे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन (फ़ोर्टालेज़ा, ब्राज़ील, 2014) में।
- **प्रारंभिक पूंजी**: 100 अरब डॉलर, सभी सदस्य देशों की समान हिस्सेदारी।
- **मुख्यालय**: शंघाई, चीन।
- **प्रथम अध्यक्ष**: भारत के **केवी कामथ** ।
- **क्षेत्रीय केंद्र**: दक्षिण अफ्रीका के जोहांसबर्ग में।

## भारत और जर्मनी के बीच 7वां अंतर सरकारी परामर्श (IGC)

- आयोजन: 25 अक्टूबर 2024 को नई दिल्ली में।
- सह-अध्यक्षता: हाल ही भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़।
- इस सम्मेलन का विषय – "नवाचार, गतिशीलता और स्थिरता के साथ एक साथ बढ़ना" था।
- जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ 24-26 अक्टूबर तक भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर थे, जो उनकी 2021 में चांसलर बनने के बाद तीसरी यात्रा है।

**प्रमुख घोषणाएं और समझौते**

- जर्मनी ने कुशल भारतीय कामगारों के लिए वार्षिक वीज़ा संख्या 20,000 से बढ़ाकर 90,000 करने की घोषणा की है।
- दोनों देशों के नेताओं ने आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने के लिए भारत को एक प्रमुख साझेदार के रूप में स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की।
- स्वच्छ ऊर्जा और सतत विकास के लिए दोनों ही देशों द्वारा हरित हाइड्रोजन रोडमैप पर समझौता किया गया।
- दोनों देशों ने वर्गीकृत सूचनाओं के आदान-प्रदान पर समझौता किया और आपराधिक मामलों में कानूनी सहायता संधि पर हस्ताक्षर किए।

**अंतर सरकारी परामर्श (IGC)**

- भारत और जर्मनी के बीच अंतर सरकारी परामर्श 2011 में स्थापित किया गया था।
- इस प्रक्रिया के अंतर्गत, दोनों देशों के मंत्री अपने – अपने क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हैं और आपसी चर्चा से उत्पन्न परिणामों को अपने – अपने देश के नेताओं, चांसलर और प्रधानमंत्री के समक्ष प्रस्तुत करते हैं।

**जर्मन बिजनेस का 18वां एशिया-प्रशांत सम्मेलन :**

- आयोजन: 24-26 अक्टूबर 2024 तक नई दिल्ली में।
- उद्घाटन: भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ द्वारा।
- यह सम्मेलन प्रति 2 वर्षों के बाद एशिया – प्रशांत क्षेत्र में आयोजित किया जाता है।
- यह जर्मनी और एशिया-प्रशांत के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के अवसर तलाशने के लिए जर्मन व्यापारिक नेताओं, अधिकारियों और राजनीतिक प्रतिनिधियों को एक साथ एक मंच पर लाता है।

## मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की भारत यात्रा

- मालदीव के राष्ट्रपति **मोहम्मद मुइज्जू** 6-10 अक्टूबर, 2024 तक भारत की यात्रा पर थे। यह उनकी पहली द्विपक्षीय भारत यात्रा थी।

- **मुख्य बिंदु:**
  - दोनों नेताओं ने मालदीव में भारत द्वारा वित्तपोषित कई परियोजनाओं का शुभारंभ किया।
  - मालदीव में **रुपे कार्ड** का शुभारंभ किया गया, जो **नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI)** द्वारा विकसित किया गया है।
  - भारतीय रिजर्व बैंक ने मालदीव को $400 मिलियन की मुद्रा विनिमय सुविधा प्रदान की।
  - भारत, मालदीव को **थिलाफुशी द्वीप** पर एक आधुनिक वाणिज्यिक बंदरगाह विकसित करने में मदद करेगा।
  - भारत, मालदीव के **अड्डू शहर** में एक नया वाणिज्य दूतावास स्थापित करेगा, और मालदीव बेंगलुरु में अपना वाणिज्य दूतावास खोलेगा।
  - इसके अलावा भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने मालदीव मौद्रिक प्राधिकरण (MMA) के साथ SAARC मुद्रा स्वैप फ्रेमवर्क 2024-27 के तहत करेंसी स्वैप समझौता किया।
    - मालदीव मौद्रिक प्राधिकरण को **यूएस डॉलर/यूरो स्वैप विंडो** के तहत 400 मिलियन डॉलर और **INR स्वैप विंडो** के तहत 30 बिलियन रुपये की वित्तीय सहायता मिलेगी।
    - यह समझौता **18 जून, 2027** तक वैध रहेगा।
- **करेंसी स्वैप समझौता:**
  - करेंसी स्वैप दो देशों के बीच एक समझौता होता है जहां एक देश दूसरे देश को एक निश्चित मुद्रा में ऋण देता है और पुनर्भुगतान एक अलग मुद्रा में होता है।
  - ऐसे समझौते पर ली जाने वाली ब्याज दर आमतौर पर विदेशी बाजार में उपलब्ध ब्याज दर से कम होती है।

## ब्रिटेन ने मॉरीशस को चागोस द्वीप समूह सौंपेगा

- ब्रिटेन ने हिंद महासागर में स्थित **चागोस द्वीपों** की संप्रभुता मॉरीशस को सौंपने के लिए 3 अक्टूबर, 2024 को एक ऐतिहासिक समझौते की घोषणा की।
- **मुख्य बिंदु:**
  - चागोस द्वीपसमूह, ब्रिटेन के **ब्रिटिश हिंद महासागर क्षेत्र (BIOT)** का हिस्सा है, और 1965 से मॉरीशस से अलग था।
  - हालांकि ब्रिटेन, चागोस द्वीपसमूह के सबसे बड़े द्वीप **डिएगो गार्सिया** पर संयुक्त यूके-अमेरिका सैन्य अड्डे को बनाए रखेगा।
  - चागोस द्वीप, **60 वर्ग किलोमीटर** के क्षेत्र में फैला हुआ है और यह **मॉरीशस** से 2,200 किलोमीटर और भारत के तिरुवनंतपुरम से 1,700 किलोमीटर दूर स्थित है।
  - 18वीं शताब्दी से यह मॉरीशस का हिस्सा था, लेकिन 1965 में ब्रिटेन ने मॉरीशस की स्वतंत्रता के बावजूद इसे अपने पास रखा।
  - मॉरीशस ने द्वीपसमूह के दावे के लिए इसे **अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय** तक पहुंचाया और 2019 में अदालत ने मॉरीशस के पक्ष में फैसला सुनाया।
  - संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने भी इसके समर्थन में एक प्रस्ताव पारित किया।
- भारत ने **चागोस द्वीपसमूह** को मॉरीशस को लौटाने में **मध्यस्थ** की भूमिका निभाई।
- भारत ने मॉरीशस के दावे का समर्थन किया और ब्रिटेन व मॉरीशस के बीच बातचीत में मध्यस्थता की।

### डिएगो गार्सिया सैन्य अड्डा

- **यूके-यूएस द्वारा संयुक्त रूप से उपयोग:** यह सैन्य अड्डा **हिंद महासागर, फारस की खाड़ी**, और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में **रक्षा और खुफिया अभियानों** के लिए महत्वपूर्ण है।

## ब्रिटेन कोयला आधारित बिजली उत्पादन को समाप्त करने वाला G7 समूह का पहला देश बना

- ब्रिटेन 30 सितंबर, 2024 को इंग्लैंड के मिडलैंड्स में स्थित अपने अंतिम कोयला जल विद्युत संयंत्र, **यूनिपर के रैटक्लिफ-ऑन-सोअर (Ratcliffe-on-Soar)** को बंद करके **कोयला आधारित बिजली उत्पादन को समाप्त करने वाला पहला G7 देश** बन गया।
- **मुख्य बिंदु:**
  - 2015 में ब्रिटेन ने अपने **जलवायु लक्ष्यों** तक पहुँचने के लिए अगले दशक के भीतर कोयला संयंत्रों को बंद करने की योजना बनाई थी।
  - 2015 में ब्रिटेन की लगभग **30% बिजली कोयले** से आती थी, लेकिन 2023 में यह घटकर **1%** रह गई।
  - ब्रिटेन का लक्ष्य **2050 तक नेट जीरो उत्सर्जन** तक पहुंचना है और **2030 तक बिजली क्षेत्र को डीकार्बोनाइज** करने की योजना है।

## भारत को अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता हब में शामिल होने को मंजूरी

- भारत के केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 3 अक्टूबर 2024 को भारत को **अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता हब (International Energy Efficiency Hub)** में शामिल होने के लिए आवश्यक आशय पत्र पर हस्ताक्षर करने की मंजूरी दी है।
- **मुख्य बिंदु:**
  - यह हब **वैश्विक सहयोग** को बढ़ावा देने और **ऊर्जा दक्षता** को बढ़ाने के लिए समर्पित है।
  - यह निर्णय **भारत की सतत विकास** के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करता है और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के उसके प्रयासों के अनुरूप है।

- यह भारत को कम कार्बन वाली अर्थव्यवस्था बनने में मदद करेगा और ऊर्जा-कुशल प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देगा।

**अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता हब**

- यह हब **ऊर्जा दक्षता को प्रोत्साहन** देने के लिए एक वैश्विक मंच है।
- 2017 में जर्मनी द्वारा **जी 20 शिखर सम्मेलन (हैम्बर्ग)** में ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए इसका प्रस्ताव रखा गया।
- 2021 में **पेरिस** में अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) सचिवालय में इसे औपचारिक रूप से स्थापित किया गया।
- वर्तमान में 16 सदस्य देश हैं: अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, डेनमार्क, यूरोपीय आयोग, फ्रांस, जर्मनी, जापान, दक्षिण कोरिया, लक्जमबर्ग, रूस, सऊदी अरब, संयुक्त राज्य अमेरिका, और यूनाइटेड किंगडम।

## भारत ने ग्लोबल बायोफ्यूल अलायन्स के साथ होस्ट कंट्री एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए

- भारत ने **वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन (Global Biofuels Alliance)** के साथ **मेजबान देश समझौते (Host Country Agreement: HCA)** पर हस्ताक्षर किए।
- इसके तहत भारत में GBA सचिवालय को आधिकारिक रूप से स्थापित किया जा सकेगा।
- GBA को **संयुक्त राष्ट्र (विशेषाधिकार और प्रतिरक्षा) अधिनियम 1947** के तहत विशेषाधिकार और कानूनी दर्जा मिलेगा, जो इसके कार्यों के सुचारू संचालन की सुविधा प्रदान करेगा।

**ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस**

- **स्थापना:** 9 सितंबर, 2023 को।
- **G20 प्रेसीडेंसी** के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री और अर्जेंटीना, बांग्लादेश, ब्राजील, इटली, मॉरीशस, सिंगापुर, यूएई और यूएसए सहित आठ अन्य देशों के नेताओं द्वारा की गई।
- **उद्देश्य:**
  - बायो फ्यूल फीडस्टॉक की उपलब्धता बढ़ाना।
  - अनुकूल **पॉलिसी फ्रेमवर्क** विकसित करना।
  - **बायोमास आपूर्ति श्रृंखला** में सुधार करना।
- इसकी सदस्यता बढ़कर **27 देश** और **12 अंतर्राष्ट्रीय संगठन** तक पहुंच गई है।

## भारत ने कनाडा से उच्चायुक्त और अन्य राजनयिकों को वापस बुलाया

- भारत और कनाडा के बीच हालिया तनाव बढ़ने के बाद, भारत ने अपने उच्चायुक्त और अन्य राजनयिकों को कनाडा से वापस बुला लिया है।
- भारत ने **ट्रूडो सरकार** पर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहने का आरोप लगाया है।
- भारत ने **छह कनाडाई राजनयिकों** को निष्कासित कर दिया है और उन्हें 19 अक्टूबर तक भारत छोड़ने को कहा।
- 2023 में खालिस्तानी आतंकवादी **हरदीप सिंह निज्जर** की हत्या के बाद, कनाडा द्वारा भारतीय उच्चायुक्त को "पर्सन ऑफ इंटेरेस्ट" नामित करने के कारण दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ गया।

## भारत 'अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नियामक फोरम (IMDRF)' का संबद्ध सदस्य बना

- एक संबद्ध सदस्य के रूप में, भारत **IMDRF के खुले सत्रों** में भाग लेगा, जहां वह अन्य नियामकों के साथ **तकनीकी विषयों पर सूचना का आदान-प्रदान** करेगा।
- भारत अपने **चिकित्सा उपकरण नियामक फ्रेमवर्क** के लिए IMDRF डाक्यूमेंट्स का उपयोग करेगा।
- IMDRF में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोपीय संघ, जापान, ब्राजील, रूस, चीन, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया और **विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)** शामिल हैं।

## स्विट्ज़रलैंड यूरोपीय वायु रक्षा पहल स्काई शील्ड में शामिल हुआ

- स्विट्ज़रलैंड ने **यूरोपीय स्काई शील्ड पहल (ESSI)** में शामिल होने का फैसला किया है।
- जो जर्मनी के नेतृत्व में यूरोप की हवाई सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी।
- **मुख्य बिंदु:**
  - स्विट्ज़रलैंड, एक **तटस्थ देश**, ने **यूक्रेन पर रूस के आक्रमण** के बाद अपनी नीति में बदलाव किया।
  - **ESSI** का उद्देश्य यूरोप को **हवाई हमलों** से सुरक्षित रखना और इसकी **वायु और मिसाइल रक्षा प्रणाली** को संयुक्त रूप से खरीदना है।
  - **2022 में जर्मनी** द्वारा लॉन्च की गई ESSI का उद्देश्य महाद्वीप को हवाई हमलों के प्रति **कम संवेदनशील** बनाना है।
  - **ब्रिटेन, तुर्की** सहित 21 देशों ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

## स्पेनिश प्रधानमंत्री की भारत यात्रा:

- **पेड्रो सांचेज़** ने 2018 में प्रधानमंत्री बनने के बाद अपनी पहली आधिकारिक भारत यात्रा की।
- पिछले **18 वर्षों में भारत का दौरा करने वाले पहले स्पेनिश प्रधानमंत्री** बने।
- इससे पहले 2006 में, स्पेनिश प्रधानमंत्री **जोस लुइस रोड्रिग्ज़ ज़ापाटेरो** ने भारत का दौरा किया था।

**वडोदरा (गुजरात) में C-295 सैन्य विमान के निर्माण**

- पेड्रो सांचेज़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 28 अक्टूबर,

2024 को **वडोदरा (गुजरात) में C-295 सैन्य विमान** के निर्माण के लिए टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया।

- यह सैन्य विमान बनाने वाली **भारत की पहली निजी क्षेत्र की फाइनल असेंबली लाइन फैसिलिटी** है, जहां **C295 विमान** का निर्माण किया जाएगा।
- यह कॉम्प्लेक्स **टाटा एडवांस्ड सिस्टम लिमिटेड** और **एयरबस डिफेंस एंड स्पेस, स्पेन** का एक संयुक्त उद्यम है।
- **टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड** द्वारा वडोदरा में 40 विमान बनाए जाएंगे, और स्पेन स्थित **एयरबस** सीधे 16 विमान वितरित करेगी।
- इस परियोजना के तहत कुल **56 सी-295 सैन्य विमान** तैयार किए जाएंगे, जिनमें से पहला मेड-इन-इंडिया विमान **सितंबर 2026 तक** तैयार हो जाएगा।
- **C295 विमान** एक **मध्यम आकार का सामरिक परिवहन एयरक्राफ्ट** है, जो स्पेनिश एयरोस्पेस कंपनी CASA द्वारा डिज़ाइन किया गया था।
- इसका उपयोग **चिकित्सा आपात, आपदा प्रतिक्रिया** और **समुद्री गश्ती** ड्यूटी के लिए भी किया जा सकता है।

### भारत और स्पेन के बीच हुए समझौते

- **रेल परिवहन** में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए **समझौता ज्ञापन (एमओयू)**।
- **सीमा शुल्क मामलों** में सहयोग और पारस्परिक सहायता का समझौता।
- **2024-2028** के लिए सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम।
- **वाणिज्य दूतावास स्थापना**: स्पेन बेंगलुरु में और भारत बार्सिलोना, स्पेन में अपना वाणिज्य दूतावास स्थापित करेगा।
- **फास्ट ट्रैक तंत्र**: स्पेन में भारतीय निवेश और भारत में स्पेनिश निवेश को सुगम बनाने के लिए।
  - भारत में यह तंत्र **केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय** के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के तहत और स्पेन में **अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और निवेश महानिदेशालय** के तहत होगा।
- **ऑडियो विजुअल सह-उत्पादन** समझौते के तहत एक **संयुक्त आयोग** का गठन।
- **वर्ष 2026 को भारत-स्पेन संस्कृति, पर्यटन और एआई वर्ष** के रूप में मनाना।
- स्पेन के प्रधानमंत्री ने 29 अक्टूबर 2024 को **मुंबई में** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री **नितिन गडकरी** के साथ **भारत-स्पेन व्यापार शिखर सम्मेलन** में भाग लिया।
  - व्यापार शिखर सम्मेलन का आयोजन डीपीआईआईटी, सीआईआई (भारतीय उद्योग परिसंघ) और **स्पेनिश व्यापार और निवेश निकाय, आईसीईएक्स** द्वारा किया गया था।

## ब्राजील बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) में शामिल नहीं होगा

- **ब्राजील** ने **चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI)** में शामिल नहीं होने की घोषणा की है।
- भारत के बाद, ब्राजील **दूसरा ब्रिक्स देश** है जिसने इस पहल में शामिल होने से इनकार किया है।
- ब्राजील वैकल्पिक तरीकों से चीनी निवेशकों के साथ सहयोग करेगा।
- भारत ने चीन के **बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI)** का **विरोध करने वाला पहला देश** बनकर इसकी पहल में शामिल होने से मना किया था।
- बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव को **2013 में चीन** ने एक वैश्विक बुनियादी ढांचा विकास रणनीति के रूप में शुरू किया था।

## अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया का डिजिटल अवसंरचना विकास पहल फ्रेमवर्क (डिजी फ्रेमवर्क)

- संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान, और दक्षिण कोरिया ने भारत में **डिजिटल बुनियादी ढांचे** को समर्थन देने के लिए भारतीय निजी क्षेत्र के साथ एक **नए ढांचे** की घोषणा की।
- इस फ्रेमवर्क में **अमेरिकी अंतर्राष्ट्रीय विकास वित्त निगम, जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बैंक (JBIC)**, और **कोरिया के आयात-निर्यात बैंक (कोरिया एक्ज़िमबैंक)** शामिल हैं।
- **लक्ष्य**: साझा प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने के लिए भारत के साथ साझेदारी में **5G, ओपन आरएएन, पनडुब्बी केबल, ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क, डेटा सेंटर, स्मार्ट सिटी, ई-कॉमर्स, एआई**, और **क्वांटम प्रौद्योगिकी** जैसी परियोजनाओं का समर्थन करना।

### भारत में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (DPI)

- भारत ने **इंडिया स्टैक** के माध्यम से तीन मुख्य आधारभूत **DPI** का निर्माण किया है:
  - **डिजिटल पहचान** (आधार)
  - **वास्तविक समय तीव्र भुगतान** (यूपीआई)
  - **डेटा साझाकरण वास्तुकला** (डेटा सशक्तिकरण और संरक्षण वास्तुकला)

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अल्जीरिया, मॉरिटानिया और मलावी की यात्रा

- राष्ट्रपति **द्रौपदी मुर्मू** ने 13-19 अक्तूबर 2024 तक तीन अफ्रीकी देशों - अल्जीरिया, मॉरिटानिया, और मलावी की यात्रा की।
- इन तीन देशों की आधिकारिक यात्रा करने वाली पहली भारतीय राष्ट्रपति हैं।

### अल्जीरिया

- यात्रा के पहले चरण में, 13 अक्तूबर को राष्ट्रपति मुर्मू **अल्जीयर्स** (अल्जीरिया की राजधानी) पहुँचीं।
- उन्होंने **एल मौरादिया पैलेस** में **अल्जीरिया के राष्ट्रपति अब्देलमदजीद तेब्बौने** के साथ मुलाकात की और द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की।

- **सम्मान**: **सिदी अब्देल्ला विज्ञान और प्रौद्योगिकी पोल विश्वविद्यालय** ने उन्हें **राजनीति विज्ञान में मानद डॉक्टरेट** की उपाधि से सम्मानित किया।

**मॉरिटानिया**

- **यात्रा के दूसरे चरण** में राष्ट्रपति मुर्मू ने **मॉरिटानिया** की यात्रा की।
- **मॉरिटानिया के राष्ट्रपति मोहम्मद ऑल्द ग़ज़ुआनी** के साथ बैठक की, जिसमें दोनों देशों के बीच चार समझौता ज्ञापनों (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए:
  - **अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा** को बढ़ावा।
  - **विदेशी संबंधों के प्रशिक्षण संस्थानों** के बीच सहयोग।
  - **राजनयिक और आधिकारिक पासपोर्ट धारकों के लिए वीजा छूट**।
  - **2024 से 2028 तक सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम**।
- मॉरिटानिया एक इस्लामिक देश है जो अफ्रीका में **अटलांटिक महासागर** के तट पर स्थित है।

**मलावी**

- **यात्रा के अंतिम चरण** में राष्ट्रपति मुर्मू 17 अक्टूबर को **मलावी** पहुँचीं।
- उन्होंने **मलावी के राष्ट्रपति डॉ. लाजरस मैक्कार्थी चकवेरा** के साथ चर्चा की।
- **समझौते**: दोनों देशों के बीच चार MoUs पर हस्ताक्षर किए गए, जिनमें:
  - **कला एवं संस्कृति**,
  - **युवा मामले**,
  - **खेल**,
  - **फार्मास्युटिकल सहयोग** शामिल थे।
- मलावी दक्षिण-पूर्वी अफ्रीका में स्थित है, जो **तंजानिया, मोज़ाम्बिक और ज़ाम्बिया** से घिरा हुआ है।

## करतारपुर साहिब गुरुद्वारा समझौता 5 वर्षों के लिए बढ़ाया

- **भारत और पाकिस्तान** ने 22 अक्टूबर 2024 को तीर्थयात्रियों को **करतारपुर साहिब गुरुद्वारा** की यात्रा की सुविधा देने के लिए **करतारपुर कॉरिडोर** समझौते का विस्तार अगले पांच वर्षों के लिए किया है।
- **उद्देश्य**: भारतीय तीर्थयात्रियों को **करतारपुर साहिब** गुरुद्वारा, नारोवाल (पाकिस्तान) की यात्रा की सुविधा प्रदान करना।
- यह समझौता 24 अक्टूबर 2019 को हस्ताक्षर किए गए थे, जो अब 2029 तक बढ़ा दिया गया है।

**करतारपुर कॉरिडोर**

- यह **गुरुद्वारा दरबार साहिब करतारपुर (पाकिस्तान)** को **गुरुद्वारा डेरा बाबा नानक (भारत)** से जोड़ता है।
- भारतीय हिस्से में **डेरा बाबा नानक से सीमा तक 4.1 किमी लंबा चार-लेन राजमार्ग** और **अत्याधुनिक यात्री टर्मिनल भवन (PTB)** शामिल है।
  - **करतारपुर गाँव** पाकिस्तान में **रावी नदी के पश्चिमी तट** पर स्थित है।
- **गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब** पाकिस्तान के नारोवाल जिले में स्थित है, जो पंजाब के **गुरदासपुर जिले** में स्थित **डेरा बाबा नानक** से लगभग 4.5 किमी दूर अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास है।
- श्री गुरु नानक देव जी ने यहाँ अपने जीवन के अंतिम 18 वर्ष बिताए थे।
- करतारपुर साहिब कॉरिडोर तीर्थयात्रियों को भारतीय सीमा से पाकिस्तान में गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब तक बिना वीज़ा यात्रा की सुविधा है।

## इज़राइल एशियाई विकास बैंक (ADB) का 69वां सदस्य बना

- इज़राइल एशियाई विकास बैंक (ADB) का **नवीनतम गैर-क्षेत्रीय सदस्य** है।
- ADB बोर्ड ऑफ गवर्नर्स ने अप्रैल 2022 में इज़राइल के प्रवेश को अनुमोदित किया।
- **एशियाई विकास बैंक (ADB)**:
  - **स्थापना**: 1966
  - **मुख्यालय**: मंडलुयोंग, फिलीपींस
  - **वर्तमान अध्यक्ष**: मासात्सुगु असकावा

## ऑपरेशन 'डेज ऑफ रिपेंटेंस'

- इज़राइल ने 26 अक्टूबर 2024 को **ईरान के तेहरान और सैन्य ठिकानों** पर हवाई हमले किए। इसे **ऑपरेशन 'डेज ऑफ रिपेंटेंस' नाम दिया गया।**
- इस हमले में **100 से अधिक लड़ाकू विमान** और **एफ-35 स्टील्थ फाइटर** का उपयोग किया गया। सभी विमान सुरक्षित अपने बेस पर लौट आए।
- यह हमला ईरान द्वारा इजराइल पर किए गए मिसाइल हमले के जवाब में किया गया था।

## WHO ने मिस्र को मलेरिया मुक्त प्रमाणित किया

- WHO ने 20 अक्टूबर 2024 को मिस्र को **मलेरिया मुक्त** प्रमाणित किया।
- किसी देश को मलेरिया मुक्त तभी घोषित किया जाता है, जब वह लगातार तीन वर्षों तक एनोफिलीज मच्छरों द्वारा मलेरिया संक्रमण से मुक्त रहे।
- मिस्र में 1960 के दशक में **असवान बांध** के निर्माण के बाद मलेरिया का खतरा बढ़ा, लेकिन बाद में इसे "पूरी तरह से नियंत्रित" कर लिया गया।

## 'बिजनेस रेडी (B-READY)' परियोजना

- विश्व बैंक समूह ने **बिजनेस रेडी (B-READY)** नामक एक नई डेटा संग्रह और विश्लेषण परियोजना शुरू की है, जो व्यापार और निवेश के माहौल का आकलन करती है।

- B-READY, विश्व बैंक समूह द्वारा जारी किए गए पूर्व **डूइंग बिजनेस इंडेक्स** की जगह लेगा।
- यह निजी निवेश को प्रोत्साहित करने, रोजगार पैदा करने और उत्पादकता में सुधार करने के लिए **समावेशी और सतत विकास** में मदद करता है।
- B-READY तीन स्तंभों पर आधारित है:
    1. **रेगुलेटरी फ्रेमवर्क**
    2. **सार्वजनिक सेवाएं**
    3. **ऑपरेशनल एफिशिएंसी**
- रैंकिंग का पहला सेट 2024 में जारी किया गया, जिसमें **50 देश** शामिल हैं।
- हंगरी, एस्टोनिया, और सिंगापुर क्रमशः **रेगुलेटरी फ्रेमवर्क, सार्वजनिक सेवाएं,** और **ऑपरेशनल एफिशिएंसी** स्तंभों में शीर्ष पर रहे हैं।
- भारत **2026** में इस रैंकिंग में शामिल होगा।

## COP 16 जैव विविधता शिखर सम्मेलन

- **आयोजन:** 21 अक्टूबर से 1 नवंबर 2024 तक कैली (कोलंबिया) में।
- उद्देश्य: प्रकृति के तेजी से हो रहे विनाश को रोकना है।
- यह जैव विविधता पर 1992 कन्वेंशन पर हस्ताक्षर करने वाले देशों की **16वीं बैठक** है।
- भारत ने COP-16 में कुनमिंग-मॉन्ट्रियल वैश्विक जैवविविधता फ्रेमवर्क (KMGBF) के साथ संशोधित राष्ट्रीय जैवविविधता रणनीतियाँ और कार्य योजना (NBSAP) लॉन्च की।
- कैली फंड की स्थापना आनुवंशिक संसाधनों पर डिजिटल सीक्वेंस इनफार्मेशन (DSI) के उपयोग से होने वाले लाभों का निष्पक्ष और न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित करने के लिये की गई।
- कैली फंड का कम-से-कम 50% हिस्सा स्वदेशी लोगों और स्थानीय समुदायों, विशेषकर महिलाओं तथा युवाओं की स्वत: पहचानी गई आवश्यकताओं पर केंद्रित होगा।
- कुनमिंग जैवविविधता कोष (KBF) को COP-16 में चीन के 200 मिलियन अमेरिकी डॉलर के योगदान के साथ लॉन्च किया गया।

## मुसानेद (Musaned) नामक डिजिटल प्लेटफॉर्म

- सऊदी अरब ने विदेशी श्रमिकों के लिए **मुसानेद (Musaned)** नामक एक डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च करने की घोषणा की है।
- इससे श्रमिकों के लिए अधिक सुरक्षित कार्य परिस्थितियों को सुनिश्चित किया जाएगा।
- यह प्लेटफॉर्म **भारत, बांग्लादेश, पाकिस्तान, वियतनाम, फिलीपींस, श्रीलंका**, और कई अन्य एशियाई और अफ्रीकी देशों के श्रमिकों को लाभान्वित करेगा।
- **मुसानेद प्लेटफॉर्म** के तहत, विदेशी कर्मचारी अपने रोजगार अनुबंधों की जांच कर सकेंगे और अपडेट प्राप्त कर सकेंगे।
- इसका उद्देश्य श्रम विवादों को कुशलता से हल करना है और इसे **कॉन्ट्रैक्ट इंश्योरेंस और स्वास्थ्य लाभ** से जोड़ा जा सकता है।

## भारतीय विदेश व्यापार संस्थान का पहला विदेशी परिसर

- भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (IIFT) दुबई में अपना पहला **विदेशी परिसर** खोलेगा।
- यह परिसर **दुबई के एक्सपो सिटी** में इंडिया पैवेलियन में स्थित होगा।
- IIFT और एक्सपो सिटी दुबई **अनुसंधान परियोजनाओं** पर सहयोग करेंगे।
- IIFT 2025 की शुरुआत तक **लघु और मध्यम अवधि के प्रशिक्षण कार्यक्रम** शुरू करेगा।

# 5. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी

### नौसेना का दूसरा वीएलएफ रडार स्टेशन

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तेलंगाना के विकाराबाद जिले में भारतीय नौसेना के दूसरे वेरी लो फ्रीक्वेंसी (VLF) नौसेना स्टेशन की आधारशिला रखी।
- यह स्टेशन 2027 तक चालू हो जाएगा और भारतीय नौसेना के जहाजों और पनडुब्बियों के साथ संचार को बढ़ाएगा।
- यह स्टेशन कमांड ऑर्डर के प्रसारण को सुरक्षित करने में मदद करेगा और भारतीय सशस्त्र बलों को महत्वपूर्ण समर्थन प्रदान करेगा।
- यह भारत का दूसरा VLF स्टेशन होगा; पहला स्टेशन, INS कट्टाबोम्मन, 1990 से तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में संचालित है।

### यूरोपा क्लिपर मिशन

- अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने बृहस्पति और उसके चंद्रमा यूरोपा पर जीवन की संभावनाओं की खोज के लिए यूरोपा क्लिपर मिशन लॉन्च किया है।
- यूरोपा क्लिपर मिशन का उद्देश्य यूरोपा की बर्फीली सतह और उसके उपसतह महासागर का अध्ययन करना है।
- इसे नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स फाल्कन हेवी रॉकेट के माध्यम से लॉन्च किया गया। यह नासा द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा अंतरिक्ष यान है, जो किसी दूसरे ग्रह के महासागरों का अध्ययन करेगा।
- मिशन का लक्ष्य यह निर्धारित करना है कि क्या यूरोपा में जीवन को समर्थन देने की स्थितियाँ हैं।
- यूरोपा, पृथ्वी के चंद्रमा के आकार का है, लेकिन इसके आंतरिक हिस्से में एक विशाल लवणीय महासागर होने का सबूत 1990 के दशक में नासा के गैलीलियो मिशन से मिला था।

### मूनलाइट लूनर कम्युनिकेशंस एंड नेविगेशन सर्विसेज (LCNS)

- यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA) ने मूनलाइट लूनर कम्युनिकेशंस एंड नेविगेशन सर्विसेज (LCNS) कार्यक्रम लॉन्च किया है।
- यह जो चंद्रमा के लिए समर्पित दूरसंचार और नेविगेशन सेवाओं का समूह है।
- मूनलाइट कार्यक्रम का उद्देश्य चंद्रमा के लिए यूरोप का पहला सैटेलाइट समूह स्थापित करना है।
- यह समूह पांच चंद्र उपग्रहों (एक उच्च डेटा दर संचार के लिए और चार नेविगेशन के लिए) से बनेगा।
- यह सैटेलाइट समूह तीन ग्राउंड स्टेशनों के माध्यम से पृथ्वी से जुड़ेगा, जो 400,000 किमी तक फैला एक डेटा नेटवर्क बनाएगा।

### अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए 1000 करोड़ रुपये का उद्यम पूंजी कोष

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (IN-SPACe) के तहत मंजूरी दी।
- उद्देश्य: निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देना और निगरानी करना।
- इसकी अवधि कोष के संचालन की तिथि से पाँच वर्ष तक रहेगी।
- इसके तहत वार्षिक आवंटन 150 से 250 करोड़ रुपये तक किया जा सकेगा।
- निवेश सीमा: प्रारम्भिक विकास चरण के लिए 10-30 करोड़ रुपये और बाद के विकास चरण के लिए 30-60 करोड़ रुपये।
- यह निधि लगभग 40 स्टार्टअप्स का समर्थन करेगी।

## रक्षा प्रौद्योगिकी

### भारत की चौथी परमाणु ऊर्जा चालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी (SSBN)

- भारत की चौथी परमाणु ऊर्जा संचालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी (SSBN) को विशाखापत्तनम के शिप बिल्डिंग सेंटर (SBC) से 16 अक्टूबर 2024 को लॉन्च किया गया।
- इसका कूट नाम S4* है।
- इससे पहले भारत के दूसरे SSBN, INS अरिघाट के अगस्त 2024 में जलावतरण हुआ था।
- तीसरे SSBN, INS अरिधमान का समुद्री परीक्षण चल रहा है और अगले साल इसका जलावतरण किया जाएगा।
- केंद्र की सुरक्षा संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति (CCS) ने हाल ही में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने के लिए दो घरेलू निर्मित परमाणु ऊर्जा संचालित हमलावर पनडुब्बियों (SSNs) के निर्माण को मंजूरी दी है।
  - INS चक्र –S1 (भारत की पहली परमाणु हमलावर पनडुब्बी)
  - INS अरिहंत-S2
  - INS अरिघाट (अरिघात)-S3
  - INS अरिदमन (अरिधमन)-S4
  - हाल ही में लॉन्च की गई पनडुब्बी का नाम एस4* है तथा इसका आधिकारिक नाम अभी निर्धारित नहीं किया गया है।

### S4* की मुख्य विशेषताएँ

- S4* में लगी लगभग 75 प्रतिशत सामग्री स्वदेशी है।
- S4 और S4* दोनों में पूर्व के S2 और S3 की तुलना में बेहतर रिएक्टर लगे है।
- S4* कई K-4 पनडुब्बी प्रक्षेपित बैलिस्टिक मिसाइलों (SLBM) को ले जा सकता है।
- आईएनएस अरिहंत 750 किलोमीटर की मारक क्षमता क् वाली K-15 परमाणु मिसाइलों को ले जा सकता है, जबकि S4* 3,500 किलोमीटर की मारक क्षमता वाली उन्नत K-4 एसएलबीएम को ले जा सकता है।
- परमाणु ऊर्जा संचालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी/शिप सबमर्सिबल बैलिस्टिक न्यूक्लियर (SSBN)
- SSN के समान यह भी परमाणु रिएक्टरों द्वारा संचालित होते हैं, लेकिन उन्हें ऊर्ध्वाधर प्रक्षेपण प्रणालियों से लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों (SLBM) को लॉन्च करने के लिए डिज़ाइन किया जाता है।
- ये एक रणनीतिक निवारक (Strategic Deterrent) के रूप में काम करते हैं और परमाणु का हिस्सा हैं।
- पनडुब्बी से प्रक्षेपित बैलिस्टिक मिसाइलें (SLBMs)
- SLBM एक प्रकार की बैलिस्टिक मिसाइल हैं, जिन्हें पनडुब्बियों से प्रक्षेपित किया जा सकता है।
- आधुनिक SLBM सामान्यतः एमआईआरवी वाली मिसाइल होती हैं, जिसमें कई वारहेड होते हैं, जो प्रत्येक अलग-अलग लक्ष्य को भेद सकते हैं।
- मिसाइलों की 'K' श्रेणी (डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर दिया गया कूट नाम) भारत की स्वदेशी रूप से विकसित SLBM हैं।
- K-15 सागरिका (750 किमी) और K-4 (3500 किमी) K - श्रेणी की मिसाइले हैं।

## 31Q-9B प्रीडेटर ड्रोन की खरीद के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर

- भारत और अमेरिका ने 14 अक्टूबर, 2024 को अमेरिकी रक्षा कंपनी जनरल एटॉमिक्स से 31 MQ-9B प्रीडेटर ड्रोन की खरीद के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।
- यह सौदा लगभग 4 बिलियन डॉलर का है और इसका उद्देश्य भारतीय सेना की लड़ाकू क्षमताओं को बढ़ाना है।
- यह समझौता भारतीय नौसेना के लिए 15 सी गार्जियन ड्रोन और भारतीय थल सेना और वायु सेना (IAF) के लिए 16 स्काई गार्जियन ड्रोन शामिल करता है।
- MQ-9B प्रीडेटर ड्रोन 400 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उड़ान भर सकता है और यह 40,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर 36 घंटे से अधिक समय तक उड़ सकता है।
- ये ड्रोन हेलफायर एयर-टू-ग्राउंड मिसाइलों और स्मार्ट बमों से लैस हो सकते हैं, जिससे भारत की मारक क्षमता में वृद्धि होगी।

## आंध्र प्रदेश में नई मिसाइल परीक्षण रेंज

- देश में नई मिसाइल परीक्षण रेंज नागयालंका, आंध्र प्रदेश में स्थापित की जाएगी।
- हाल ही में केन्द्रीय सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (CCS) द्वारा इसकी मंजूरी दी गई।
- उद्देश्य: रक्षा क्षमताओं को मजबूत करना, विशेष रूप से सामरिक मिसाइल प्रणालियों के परीक्षण करना।
- इसमें सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, एंटी टैंक मिसाइलों, और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) के तहत अन्य परियोजनाओं के परीक्षण किया जाएगा।
- नोट: उत्तरी सीमा पर भारतीय सेना ने हाल ही में अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में एक नई उच्च ऊंचाई वाली पहली फायरिंग रेंज स्थापित की है। यह युद्धाभ्यास रेंज सामरिक युद्ध अभ्यास के लिए महत्वपूर्ण है।

## 2 फास्ट पैट्रोल वेसल (FPV) जहाजों का जलावतरण

- भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने 28 अक्टूबर, 2024 को गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) निर्मित दो फास्ट पैट्रोल वेसल (एफपीवी) 'अदम्य' और 'अक्षर' को एक साथ लॉन्च किया।
- ये दोनों जहाज 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री से बने हैं।
- ये उन्नत एफपीवी आईसीजी को सुरक्षा, निगरानी, नियंत्रण, और निगरानी की प्राथमिक भूमिका में सहायता करेंगे, साथ ही अपतटीय संपत्तियों और द्वीप क्षेत्रों की सुरक्षा भी करेंगे।
- FPV की विशेषताएँ:
    - लंबाई: 52 मीटर
    - चौड़ाई: 8 मीटर
    - अधिकतम गति: 27 समुद्री मील
    - प्रणोदन प्रणाली: नियंत्रण योग्य पिच प्रोपेलर-आधारित
    - विस्थापन: 320 टन

## VSHORADS मिसाइलों के तीन सफल उड़ान परीक्षण

- भारत ने अक्टूबर 2024 में राजस्थान के पोखरण फायरिंग रेंज में स्वदेशी रूप से विकसित बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली (VSHORADS) मिसाइलों के तीन सफल उड़ान परीक्षण किए।
- ये परीक्षण रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) द्वारा किए गए, जिसका उद्देश्य हवाई खतरों जैसे दुश्मन के विमानों, ड्रोन और अन्य कम दूरी के लक्ष्यों का मुकाबला करना है।
- परीक्षणों का उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों की क्षमता को बढ़ाना और उन्हें आधुनिक हवाई रक्षा प्रणाली प्रदान करना था।

- वर्तमान में, भारतीय सशस्त्र बल कम दूरी की हवाई रक्षा के लिए रूसी इग्ला मिसाइलों पर निर्भर हैं, लेकिन VSHORADS प्रणाली से इस कमी को पूरा करने की उम्मीद है।

## बहुउद्देश्यीय पोत 'समर्थक'

- भारतीय नौसेना के लिए L&T शिपयार्ड द्वारा निर्मित बहुउद्देश्यीय पोत परियोजना का पहला जहाज 14 अक्टूबर, 2024 को लॉन्च किया गया, जिसका नाम 'समर्थक' (Samarthak) रखा गया।
- इस परियोजना के तहत दो बहुउद्देश्यीय पोत बनाए जा रहे हैं, जिनके लिए 25 मार्च, 2022 को अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए थे।
- ये पोत जहाजों को खींचने, विभिन्न लक्ष्यों को लॉन्च और पुनर्प्राप्त करने, मानव रहित स्वायत्त वाहनों का संचालन करने और स्वदेशी हथियारों और सेंसरों के परीक्षण के लिए प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करेंगे।
- पोत की अधिकतम गति 15 नॉटिकल मील होगी, और इसका आकार 106 मीटर लंबा और 16.8 मीटर चौड़ा होगा।

## BEL IAI एयरोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड

- यह एक संयुक्त उद्यम कंपनी (JVC) है।
- यह भारत की नवरत्न रक्षा पीएसयू भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) और इज़राइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (IAI) ने संयुक्त रूप है।
- यह कंपनी मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (MRSAM) प्रणालियों के लिए दीर्घकालिक उत्पाद सहायता प्रदान करने के लिए एकल संपर्क बिंदु (SPOC) होगी।
- JVC का उद्देश्य तकनीकी और रखरखाव संबंधी सहायता प्रदान करना है।
- MRSAM एक उन्नत वायु और मिसाइल रक्षा प्रणाली है, जिसे IAI और DRDO द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है।

## WHO ने भारत में ट्रेकोमा के उन्मूलन की पुष्टि की

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने पुष्टि की है कि भारत ने ट्रेकोमा नामक बैक्टीरिया संक्रमण को सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में सफलतापूर्वक समाप्त कर दिया है।
- यह संक्रमण आंखों को प्रभावित करता है और इसका उन्मूलन भारत की एक बड़ी स्वास्थ्य उपलब्धि है।
- भारत अब नेपाल और म्यांमार के बाद दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में ट्रेकोमा उन्मूलन करने वाला तीसरा देश बन गया है।
- इसके अलावा, भारत अब उन 19 देशों में शामिल हो गया है जिन्होंने पहले यह उपलब्धि हासिल की है।
- ट्रेकोमा को रोका जा सकता है, लेकिन इससे होने वाले अंधेपन का इलाज करना मुश्किल है।
- वर्तमान में, ट्रेकोमा विश्व में लगभग 1.9 मिलियन लोगों के अंधेपन के लिए जिम्मेदार है।
- ट्रेकोमा का संक्रमण क्लैमाइडिया ट्रैकोमैटिस जीवाणु के कारण होता है।

## म्यूरिन टाइफस रोग

- हाल ही में, केरल में एक 75 वर्षीय व्यक्ति में म्यूरिन टाइफस की पुष्टि की गई, जो हाल ही में वियतनाम और कंबोडिया की यात्रा से लौटे थे।
- केरल में इस दुर्लभ बीमारी का यह पहला मामला है।
- म्यूरिन टाइफस एक संक्रामक रोग है जो पिस्सू जनित बैक्टीरिया रिकेट्सिया टाइफी के कारण होता है।
- यह रोग संक्रमित पिस्सू के काटने से फैलता है और इसे एंडेमिक टाइफस, पिस्सू जनित टाइफस, या पिस्सू जनित स्पॉटेड फीवर भी कहा जाता है।
- चूहे और नेवले जैसे रोडेंट्स इस बीमारी के मुख्य होस्ट होते हैं, और यह पालतू जानवरों जैसे बिल्लियों और कुत्तों में भी पाया जा सकता है।
- एक बार पिस्सू संक्रमित हो जाने पर, यह जीवन भर रोग फैलाने में सक्षम होता है।
- म्यूरिन टाइफस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में या व्यक्ति से पिस्सू में नहीं फैलता है।
- यह बीमारी मुख्य रूप से तटीय उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाई जाती है।
- भारत में इसके मामले पहले पूर्वोत्तर, मध्य प्रदेश, और कश्मीर में दर्ज किए गए हैं।
- इसके लक्षण हैं: बुखार, सिरदर्द, शरीर में दर्द, जोड़ों में दर्द, मतली, उल्टी और पेट में दर्द।

## अभ्यास काजिंद-2024

- यह भारत और कजाकिस्तान के बीच होने वाला संयुक्त सैन्य अभ्यास है।
- इसका 8वां संस्करण उत्तराखंड के औली में 30 सितंबर से 13 अक्टूबर 2024 तक आयोजित किया गया।
- इस अभ्यास में कुमाऊं रेजिमेंट बटालियन के 120 जवान हिस्सा ले रहे हैं।
- इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय VII के तहत आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना है।

## मालाबार 2024 अभ्यास

- यह बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास है। इसमें भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हुए।

- यह पूर्वी नौसेना कमान के तत्वावधान में विशाखापत्तनम में आयोजित किया गया।
- इसका 28वां संस्करण 08 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2024 तक आयोजित हुआ।
- मालाबार अभ्यास 1992 में भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय अभ्यास के रूप में शुरू हुआ था, जिसमें बाद में जापान और ऑस्ट्रेलिया भी शामिल हो गए।
- मालाबार 2024 में लाइव हथियार फायरिंग, जटिल सतह, वायु और पनडुब्बी रोधी युद्ध अभ्यास और संयुक्त युद्धाभ्यास शामिल हैं।

## नसीम-अल-बहर नौसैनिक अभ्यास 2024

- यह भारत और ओमान का द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास है।
- यह अभ्यास दो चरणों में 13 से 18 अक्टूबर 2024 तक गोवा के तट पर आयोजित किया गया:
  - 13 से 15 अक्टूबर 2024 तक बंदरगाह चरण।
  - उसके बाद समुद्री चरण।

## सिंबेक्स (SIMBEX) 2024

- यह भारत और सिंगापुर के बीच आयोजित होने वाला नौसैनिक अभ्यास है।
- यह 23 से 29 अक्टूबर 2024 तक विशाखापत्तनम में हार्बर चरण (23-25 अक्टूबर) और बंगाल की खाड़ी में समुद्री चरण (28-29 अक्टूबर) में आयोजित किया गया।
- इतिहास: सिम्बेक्स की शुरुआत 1994 में 'एक्सरसाइज लायन किंग' के रूप में हुई थी।

## अभ्यास वज्र प्रहार 2024

- यह भारतीय सेना और अमेरिकी सेना के बीच संयुक्त विशेष बल अभ्यास है।
- वज्र प्रहार का 15वां संस्करण 2 से 22 नवंबर 2024 तक ऑर्चर्ड कॉम्बैट ट्रेनिंग सेंटर, इडाहो, अमेरिका में आयोजित किया गया।
- यह वर्ष 2024 में भारतीय और अमेरिकी सेना के बीच दूसरा अभ्यास है, जिसमें पहला सितंबर 2024 में राजस्थान में आयोजित युद्ध अभ्यास 2024 था।

## 'सागर कवच'

- भारतीय तटरक्षक बल ने 16-17 अक्टूबर 2024 को गुजरात और केंद्र शासित प्रदेश दमन और दीव के तट पर तटीय सुरक्षा अभ्यास 'सागर कवच' का आयोजन किया।
- तटरक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय, गांधीनगर द्वारा समन्वित यह इस वर्ष का दूसरा संस्करण था।
- इसका उद्देश्य मौजूदा मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को मान्य करके समुद्री और तटीय सुरक्षा तैयारियों को बढ़ाना था।
- इसमें भारतीय नौसेना, राज्य पुलिस, समुद्री पुलिस, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी), गुजरात समुद्री बोर्ड (जीएमबी), खुफिया ब्यूरो (आईबी) और बंदरगाह प्राधिकरणों सहित विभिन्न हितधारकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

# 6- खेल परिदृश्य

## मुंबई ने 15वीं बार ईरानी कप जीता

- 5 अक्टूबर को अजिंक्य रहाणे की अगुवाई में मुंबई ने लखनऊ के एकाना क्रिकेट स्टेडियम में शेष भारत (ROI) को हराकर ईरानी कप का खिताब जीता।
- मुंबई ने शेष भारत पर पहली पारी की बढ़त के आधार पर 15वाँ ईरानी कप जीत लिया।
- मुंबई ने अपना पिछला ईरानी कप 27 साल पहले 1997-98 सत्र के दौरान जीता था
- इस मैच में सरफराज खान को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।
- ईरानी कप एक प्रथम श्रेणी घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंट है, यह 1-5 अक्टूबर 2024 तक लखनऊ के इकाना स्टेडियम में आयोजित किया गया था।
- नोट: मुंबई ने मार्च 2024 में रिकॉर्ड 42वीं बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जीता था।

## न्यूजीलैंड की महिला टीम ने T20 क्रिकेट विश्व कप 2024 का खिताब जीता

- न्यूजीलैंड ने 20 अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका को 32 रनों से हराकर अपना पहला महिला टी-20 विश्व कप खिताब जीता।
- यह पहली बार था जब न्यूजीलैंड ने पुरुष या महिला विश्व कप का खिताब जीता था।
- न्यूजीलैंड ने 159 रनों का लक्ष्य दिया और दक्षिण अफ्रीका की टीम ने 9 विकेट पर 126 रन बनाए।
- अमेलिया केर को प्लेयर ऑफ द सीरीज और प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।
- इससे पहले, न्यूजीलैंड ने 2009 और 2010 में फाइनल खेला था, लेकिन जीत नहीं पाई थी।
- महिला टी-20 विश्व कप का पहला संस्करण 2009 में इंग्लैंड में आयोजित किया गया था।
- मूल रूप से यह टूर्नामेंट बांग्लादेश में आयोजित होना था, लेकिन राजनीतिक अस्थिरता के कारण इसे UAE में स्थानांतरित कर दिया गया।
- 2024 तक कुल नौ संस्करण हो चुके हैं, जिसमें ऑस्ट्रेलिया सबसे सफल टीम है, जिसने रिकॉर्ड 6 बार खिताब जीता है (2010, 2012, 2014, 2018, 2020, 2023)।
- इंग्लैंड (2009), वेस्टइंडीज (2016) और न्यूजीलैंड (2024) ने एक-एक खिताब जीता है।

## भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज

- भारत ने बांग्लादेश को कानपुर टेस्ट मैच में हराकर टेस्ट सीरीज 2-0 से जीत ली।
- भारत ने कानपुर टेस्ट मैच (27 सितंबर -1 अक्टूबर 2024) में बांग्लादेश को सात विकेट से हरा दिया।
- इससे पहले भारत ने चेन्नई टेस्ट (19-22 सितंबर 2024) में बांग्लादेश को 280 रन से हराया था।
- भारत ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बाद हार से अधिक टेस्ट मैच जीतने वाला दुनिया का पांचवां देश बना है।
- भारत ने 581 टेस्ट मैच खेले हैं, 180 जीते हैं और 178 टेस्ट मैच हारे हैं।
- ऑस्ट्रेलिया, विश्व क्रिकेट में सबसे सफल टीम है जिसने 866 टेस्ट मैचों में 232 हार के साथ 414 मैच जीते हैं। ऑस्ट्रेलिया के बाद इंग्लैंड 397 और वेस्टइंडीज ने 183 मैच जीत के साथ हैं।
- रविचंद्रन अश्विन को इस शृंखला में 114 रन और 11 विकेट के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज घोषित किया गया।
- रविचंद्रन अश्विन ने टेस्ट सीरीज में 11 प्लेयर ऑफ द सीरीज पुरस्कार जीतने का श्रीलंकाई स्पिनर मुथैया मुरलीधरन के रिकॉर्ड की बराबरी की।

## एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप

- भारत ने 27वीं एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2024 में कुल तीन पदक जीते।
- यह टूर्नामेंट 6 से 13 अक्टूबर 2024 तक कजाकिस्तान के अस्ताना में आयोजित किया गया था।
- भारत ने महिला युगल में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता। अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी की भारतीय जोड़ी सेमीफाइनल में जापान की मिवा हरिमोतो और मियु किहारा से हार गई।
- भारतीय महिला टीम ने टीम स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता। टीम में मनिका बत्रा, अयहिका मुखर्जी, और सुतीर्था मुखर्जी शामिल थीं।
- भारत ने पहली बार महिला युगल और महिला टीम स्पर्धा दोनों में पदक जीता है।
- पुरुष वर्ग में अचंता शरथ कमल, मानव ठक्कर, और हरमीत देसाई की भारतीय टीम सेमीफाइनल में चीनी ताइपे से हार गई, और कांस्य पदक जीता।

## विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप भारत में आयोजित होगी

- महाराष्ट्र के मुंबई में 12 से 17 नवंबर 2024 तक इसका आयोजन किया जाएगा।
- इस चैंपियनशिप की मेजबानी ऑल इंडिया पिकलबॉल एसोसिएशन (AIPA) करेगा।
- यह चैंपियनशिप भारत में पहली बार आयोजित की जाएगी।

- यह प्रतियोगिता पहले वियतनाम और बाली में आयोजित की गई थी।
- पिकलबॉल में टेनिस, बैडमिंटन और टेबल टेनिस के फ़ैक्टर्स शामिल होते हैं।
- ऑल इंडिया पिकलबॉल एसोसिएशन (AIPA) भारत में पिकलबॉल का शासी निकाय है।
- इसकी स्थापना 2007 में सुनील वालावलकर द्वारा की गई थी।

### अखिल शेरॉन

- अखिल शेरॉन ने 16 अक्टूबर को ISSF विश्व कप फाइनल में पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3-पोजिशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।
- इसमें हंगरी के इस्तवान पेनी ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि चेक गणराज्य के जिरी प्रिवत्स्की ने रजत पदक जीता।
- इससे पहले भारत के लिए सोनम मास्कर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में रजत पदक जीता।
- ISSF विश्व कप 2024 13 से 18 अक्टूबर तक नई दिल्ली, भारत में आयोजित किया गया था।

### ISSF जूनियर विश्व चैंपियनशिप 2024

- यह ISSF जूनियर विश्व चैंपियनशिप का चौथा संस्करण था
- इसका आयोजन 26 सितंबर से 7 अक्टूबर 2024 तक पेरू की राजधानी लीमा में हुआ
- अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज़ी खेल महासंघ (ISSF) द्वारा ISSF जूनियर विश्व चैंपियनशिप 2024 का आयोजन किया गया।
- भारत ने कुल 21 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जिसमें 13 स्वर्ण, 2 रजत और 6 कांस्य शामिल थे।
- नॉर्वे 10 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जिसमें 4 स्वर्ण, 3 रजत और 3 कांस्य शामिल थे।

### ISSF जूनियर विश्व कप 2025

- ISSF जूनियर विश्व कप 2025 का आयोजन भारत में किया जाएगा।

### दीपिका कुमारी

- मेक्सिको के त्लाक्सकाला में तीरंदाजी विश्व कप फाइनल में, भारत की दीपिका कुमारी ने महिला रिकर्व वर्ग में रजत पदक जीता।
- फाइनल में उन्हें चीन की ली जियामन ने 0-6 से हराया।
- दीपिका ने मैक्सिको की एलेजांद्रा वालेंसिया को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।
- यह पांचवीं बार है जब दीपिका कुमारी तीरंदाजी विश्व कप में उपविजेता रहीं।

### महिला एकल बेंडिगो इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट

- भारत की तान्या हेमंत ने ताइपे की तुंग सिउ-टोंग को हराकर महिला एकल खिताब जीता।
- आयोजन: ऑस्ट्रेलिया के बेंडिगो में।
- यह तान्या का तीसरा अंतरराष्ट्रीय खिताब और साल का पहला खिताब था।
- तान्या 2024 में पोलिश ओपन और अजरबैजान इंटरनेशनल में उपविजेता रही थीं।
- उन्होंने 2022 में इंडिया इंटरनेशनल और 2023 में ईरान फज्र इंटरनेशनल में खिताब जीता।
- पुरुष युगल फाइनल में, हरिहरन अम्साकरुनन और रुबन कुमार रेथिनासाबापति की भारतीय जोड़ी उपविजेता रही।

### अर्जुन एरिगैसी ने डब्ल्यूआर शतरंज मास्टर्स कप जीत लिया

- अर्जुन एरिगैसी ने फाइनल में मैक्सिम वचियर-लाग्रेव को हराकर डब्ल्यूआर शतरंज मास्टर्स कप जीता।
- अर्जुन अब फाइड सर्किट का नेतृत्व कर रहे हैं।
- वह सर्बिया में शुरू होने वाले यूरोपीय शतरंज क्लब कप में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

### भारतीय जिमनास्ट दीपा करमाकर ने संन्यास लिया

- भारतीय जिमनास्ट दीपा करमाकर ने 7 अक्टूबर को पेशेवर प्रतिस्पर्धा से संन्यास की घोषणा की।
- दीपा ओलंपिक खेलों में प्रतिस्पर्धा करने वाली पहली भारतीय महिला जिमनास्ट हैं।
- उन्होंने 2024 एशियाई महिला कलात्मक जिमनास्टिक चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता, वह इस प्रतियोगिता में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय हैं।
- उन्होंने 2016 रियो ओलंपिक में वॉल्ट स्पर्धा में पदक जीतने से चूक गई थीं।
- दीपा अंतरराष्ट्रीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय हैं, उन्होंने 2018 आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक विश्व कप में महिलाओं की वॉल्ट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।
- दीपा ने 2014 ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक और 2018 विश्व कप में कांस्य पदक जीता।
- दीपा को पद्म श्री (2017) और अर्जुन पुरस्कार (2015) से सम्मानित किया गया था।
- उन्हें मेजर ध्यानचंद खेल रत्न (तब: राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार) से वर्ष 2016 में सम्मानित किया गया था।

### 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन उत्तराखंड में होगा

- भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा 38वें ग्रीष्मकालीन राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी उत्तराखंड को दी गई है।
- 37वें राष्ट्रीय खेल 25 सितंबर से 9 नवंबर 2023 तक गोवा में आयोजित किए गए थे।

- इसके अलावा शीतकालीन खेल पहली बार जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के बाहर उत्तराखंड में, 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक आयोजित होंगे।

## 16वें महिला इंडियन ओपन भारत में आयोजित होगा

- इसका आयोजन हरियाणा के गुरुग्राम में आयोजित किया जाएगा।
- 31 देशों की 114 खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में भाग लेंगी।
- भारत से 27 खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा में शामिल होंगी।
- प्रमुख खिलाड़ी: हिताशी बक्शी, वाणी कपूर, गौरिका बिश्नोई, अमनदीप द्राल, और रिधिमा दिलावरी।
- यह भारत का सबसे प्रतिष्ठित महिला गोल्फ इवेंट है। इसकी शुरुआत 2007 में हुई थी।
- वर्ष 2016 में अदिति अशोक महिला इंडियन ओपन जीतने वाली पहली भारतीय बनी थीं।

## डब्ल्यूटीटी फीडर कैग्लियारी 2024

- आयोजन: इटली।
- इसमें भारत की यशस्विनी घोरपड़े और कृत्विका रॉय ने महिला युगल खिताब जीता।
- भारतीय जोड़ी ने फाइनल में दक्षिण कोरिया की यू सिवु और किम ह्युन को 3-1 से हराया।

## कोको गॉफ ने डब्ल्यूटीए चाइना ओपन टेनिस प्रतियोगिता जीती

- 20 वर्षीय अमेरिकी टेनिस स्टार कोको गॉफ ने चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा को हराकर डब्ल्यूटीए चाइना ओपन टेनिस प्रतियोगिता जीती।
- यह प्रतियोगिता बीजिंग, चीन में आयोजित की गई थी और यह एक डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट है।

## आर्यना सबालेंका ने डब्ल्यूटीए वुहान 1000 एकल खिताब जीता

- दुनिया की नंबर 2 महिला टेनिस खिलाड़ी, बेलारूस की आर्यना सबालेंका, ने दुनिया की नंबर 7 खिलाड़ी, चीन की झेंग किनवेन, को हराकर अपना लगातार तीसरा डब्ल्यूटीए वुहान 1000 एकल खिताब जीता।
- यह प्रतियोगिता 7-13 अक्टूबर तक चीन के वुहान में आयोजित की गई थी।

## जैनिक सिनर ने एटीपी शंघाई मास्टर्स 1000 का एकल खिताब जीता

- विश्व के नंबर एक पुरुष टेनिस खिलाड़ी इटली के जैनिक सिनर ने फाइनल में सर्बिया के नोवाक जोकोविच को हराकर एटीपी शंघाई मास्टर्स 1000 का एकल खिताब जीता।
- यह प्रतियोगिता 2 से 13 अक्टूबर तक चीन के शंघाई में आयोजित की गई थी।

## पंकज आडवाणी ने सिंगापुर ओपन बिलियर्ड्स चैंपियनशिप जीती

- शीर्ष भारतीय बिलियर्ड्स खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने सिंगापुर के जेडन ओंग को हराकर सिंगापुर ओपन बिलियर्ड्स खिताब जीता।
- पंकज आडवाणी बिलियर्ड्स और स्नूकर के सभी प्रारूपों में विश्व खिताब जीतने वाले दुनिया के एकमात्र खिलाड़ी हैं।

## राफेल नडाल

- स्पेन के राफेल नडाल ने 10 अक्टूबर को संन्यास की घोषणा की।
- वह नवंबर में होने वाले डेविस कप फाइनल के बाद रिटायर हो जाएंगे।
- नडाल अपने करियर में 22 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते है, जो नोवाक जोकोविच (24 ग्रैंड स्लैम) के बाद पुरुषों में दूसरे सबसे अधिक खिताब हैं।
- नडाल को 'किंग ऑफ क्ले' का उपनाम मिला है, क्योंकि उन्होंने फ्रेंच ओपन में सर्वाधिक 14 एकल खिताब जीते।
- नडाल के 22 ग्रैंड स्लैम खिताबों में 14 फ्रेंच ओपन, 4 यूएस ओपन, 2 विंबलडन, और 2 ऑस्ट्रेलियन ओपन शामिल हैं।

## पहला खो-खो विश्व कप 2025 में भारत में आयोजित होगा

- भारतीय खो-खो महासंघ (KKFI) द्वारा पहला खो-खो विश्व कप 2025 में भारत में आयोजित किया जाएगा।
- इस आयोजन में 6 महाद्वीपों के 24 देश हिस्सा लेंगे, जिसमें 16 पुरुष और 16 महिला टीमें भाग लेंगी।
- महासंघ का लक्ष्य टूर्नामेंट से पहले कम से कम 50 लाख खिलाड़ियों को पंजीकृत करना है।
- इस विश्व कप का उद्देश्य इस स्वदेशी भारतीय खेल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाना है।

## पूर्व भारतीय महिला हॉकी कप्तान रानी रामपाल का संन्यास

- पूर्व भारतीय महिला हॉकी कप्तान रानी रामपाल ने 24 अक्टूबर 2024 को खेल से संन्यास लेने की घोषणा की।
- रानी रामपाल पहली भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी हैं जिनके नाम पर किसी स्टेडियम का नाम रखा गया है।
- रायबरेली में भारतीय रेलवे की मॉडर्न कोच फैक्ट्री के स्टेडियम का नाम बदलकर रानी गर्ल्स हॉकी टर्फ कर दिया गया है।
- रानी भारत की सबसे सफल हॉकी खिलाड़ियों में एक रही है।
- उनके नेतृत्व में 2021 के टोक्यो ओलंपिक में महिला हॉकी टीम को चौथे स्थान पर पहुंचाया, जो अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था।
- सम्मान:
  - मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार (2020)
  - पद्मश्री (देश का चौथा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, 2020)
- नोट: रानी रामपाल हाल ही में सब-जूनियर महिला खिलाड़ियों के राष्ट्रीय कोच के रूप में नियुक्त हुई हैं।

## खेलों में ध्यानचंद लाइफटाइम पुरस्कार के स्थान पर अर्जुन पुरस्कार (आजीवन) शुरू होगा

- केंद्रीय खेल मंत्रालय ने 24 अक्टूबर 2024 को इस वर्ष से ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार बंद करने का निर्णय लिया।
- इसके स्थान पर अर्जुन पुरस्कार (पुरस्कार) शुरू किया जाएगा, जो खेल विकास में आजीवन योगदान के लिए दिया जाएगा।
- महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के नाम पर 2002 में स्थापित ध्यानचंद लाइफटाइम पुरस्कार ओलंपिक खेलों, पैरालंपिक खेलों, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों आदि खेलों में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को दिया जाता है।
- नोट: वर्ष 2023 में, मंजूषा कंवर (पूर्व शटलर), विनीत कुमार (पूर्व हॉकी खिलाड़ी) और कविता सेल्वराज (कबड्डी खिलाड़ी) को ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

## बैलन डी'ओर 2024 पुरस्कार

- आयोजन: थिएटर डू चेटेलेट, पेरिस, फ्रांस (28 अक्टूबर, 2024)
- पुरुष वर्ग: स्पेन और मैनचेस्टर सिटी के रोड्री ने बैलन डी'ओर पुरस्कार जीता।
- रोड्री ने मैनचेस्टर सिटी को इंग्लिश प्रीमियर लीग खिताब जिताने और स्पेन की यूरोपीय चैम्पियनशिप जीत में मुख्य भूमिका निभाई।
- महिला वर्ग: ऐताना बोनमती ने बार्सिलोना फेमिनी और स्पेन की टीम को विश्व कप जिताने के लिए महिलाओं का बैलन डी'ओर जीता।
- पुरुष वर्ग में सर्वश्रेष्ठ क्लब: रियल मैड्रिड
- सर्वश्रेष्ठ महिला क्लब: बार्सिलोना फेमिनी
- सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर (पुरुष): एमिलियानो मार्टिनेज
- सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी: लामिन यामल
- गर्ड मुलर पुरस्कार (सबसे अधिक गोल): हैरी केन और किलियन एमबाप्पे (52 गोल)

# 7- पुरस्कार एवं सम्मान

## नोबेल पुरस्कार 2024

| नोबेल पुरस्कार 2024 | | |
|---|---|---|
| **क्षेत्र** | **विजेता** | **योगदान** |
| **साहित्य** | हान कांग (Han Kang) (दक्षिण कोरिया) (इस वर्ष की एकमात्र महिला विजेता) | **गहन काव्यात्मक गद्य** के लिए दिया गया। उनके लेखन में **ऐतिहासिक आघात** और **मानव जीवन की नाजुकता** को उजागर किया गया है। **हान कांग यह पुरस्कार जीतने वाली** पहली दक्षिण कोरियाई लेखिका **हैं।** |
| **शांति** | जापानी संगठन निहोन हिडांक्यो (Nihon Hidankyo) | परमाणु हथियारों के खिलाफ अभियान चलाता है। **इस संगठन को हिबाकुशा (Hibakusha) भी कहा जाता है,** जो दुनिया को परमाणु हथियारों से मुक्त कराने के प्रयास करता है। |
| **अर्थशास्त्र** | डारोन एसेमोग्लू (USA), साइमन जॉनसन (USA), और जेम्स एरॉबिन्सन . (USA) | **"संस्थानों के गठन और समृद्धि को प्रभावित करने के अध्ययन" के लिए** प्रदान किया गया है। इनके अध्ययन ने संस्थानों और आर्थिक विकास के बीच संबंधों को बेहतर ढंग से समझने में सहायता मिली। |
| **चिकित्सा** | विक्टर एम्ब्रोस (USA) और गैरी रुवकुन (USA) | माइक्रोआरएनए **की खोज और जीन विनियमन में उसकी भूमिका के लिए** |
| **भौतिकी** | जॉन हॉपफील्ड (USA) और जेफ्री हिंटन (ब्रिटिश-कैनेडियन) | **"आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क (ANN) के साथ मशीन लर्निंग को सक्षम बनाने** वाले आधारभूत खोजों और आविष्कारों" के लिए |
| **रसायन विज्ञान** | डेमिस हसाबिस (UK)**,** जॉन जम्पर (USA) **और** डेविड बेकर (USA) | डेमिस हसबिस**,** जॉन जम्पर: **प्रोटीन संरचना का पूर्वानुमान करने वाली तकनीक** विकसित करने के लिए<br>डेविड बेकर: **कम्प्यूटेशनल प्रोटीन डिजाइन** के लिए |

**नोबेल पुरस्कार 2024**

- क्षेत्र विजेता योगदान
- साहित्य हान कांग (Han Kang) (दक्षिण कोरिया)
- (इस वर्ष की एकमात्र महिला विजेता) गहन काव्यात्मक गद्य के लिए दिया गया।
- उनके लेखन में ऐतिहासिक आघात और मानव जीवन की नाजुकता को उजागर किया गया है।
- हान कांग यह पुरस्कार जीतने वाली पहली दक्षिण कोरियाई लेखिका हैं।
- शांति जापानी संगठन निहोन हिडांक्यो (Nihon Hidankyo) परमाणु हथियारों के खिलाफ अभियान चलाता है।
- इस संगठन को हिबाकुशा (Hibakusha) भी कहा जाता है, जो दुनिया को परमाणु हथियारों से मुक्त कराने के प्रयास करता है।
- अर्थशास्त्र डारोन एसेमोग्लू (USA), साइमन जॉनसन (USA), और जेम्स ए. रॉबिन्सन (USA) "संस्थानों के
- गठन और समृद्धि को प्रभावित करने के अध्ययन" के लिए प्रदान किया गया है।
- इनके अध्ययन ने संस्थानों और आर्थिक विकास के बीच संबंधों को बेहतर ढंग से समझने में सहायता मिली।
- चिकित्सा विक्टर एम्ब्रोस (USA) और गैरी रुवकुन (USA) माइक्रो आरएनए की खोज और जीन विनियमन में उसकी भूमिका के लिए
- भौतिकी जॉन हॉपफील्ड (USA) और जेफ्री हिंटन (ब्रिटिश-कैनेडियन) "आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क (ANN) के साथ मशीन लर्निंग को सक्षम बनाने वाले आधारभूत खोजों और आविष्कारों" के लिए
- रसायन विज्ञान डेमिस हसाबिस (UK), जॉन जम्पर (USA) और डेविड बेकर (USA) डेमिस हसबिस, जॉन जम्पर: प्रोटीन संरचना का पूर्वानुमान करने वाली तकनीक विकसित करने के लिए
- डेविड बेकर: कम्प्यूटेशनल प्रोटीन डिजाइन के लिए

## नोबेल पुरस्कार

- नोबेल पुरस्कार विजेताओं को एक डिप्लोमा, स्वर्ण पदक, और एक मिलियन डॉलर की नकद राशि दी जाती है।
- यह पुरस्कार हर साल 10 दिसंबर को स्टॉकहोम और ओस्लो में आयोजित समारोहों के दौरान प्रस्तुत किए जाते हैं, जो अल्फ्रेड नोबेल की मृत्यु की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में होते हैं।
- नोट: अर्थशास्त्र के नोबेल को आधिकारिक रूप से अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में आर्थिक विज्ञान में स्वेरिग्स रिक्सबैंक पुरस्कार के नाम से जाना जाता है।
- शांति का नोबेल पुरस्कार ओस्लो (नॉर्वे) में जबकि अन्य सभी नोबेल पुरस्कार स्टॉकहोम (स्वीडन) में प्रदान किये जाते हैं।
- नोबेल पुरस्कार विजेताओं का चयन चार संस्थाओं के द्वारा किया जाता है
  - द रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज – भौतिकी, रसायन और आर्थिक विज्ञान
  - द नोबेल असेंबली एट करोलिंस्का इंस्टिट्यूट – चिकित्सा विज्ञान
  - द स्वीडिश एकेडमी – साहित्य
  - द नॉर्वेजियन नोबेल कमिटी – शांति पुरस्कार

## RBI गवर्नर शक्तिकांत दास को शीर्ष केंद्रीय बैंकर का सम्मान

- RBI गवर्नर शक्तिकांत दास को लगातार दूसरे वर्ष ग्लोबल फाइनेंस मैगजीन ने शीर्ष केंद्रीय बैंकर का दर्जा दिया गया।
- इसके तहत सेंट्रल बैंक रिपोर्ट कार्ड 2024 में शक्तिकांत दास को A+ ग्रेड दिया गया।
- यह सम्मान 26 अक्टूबर 2024, वाशिंगटन डीसी, अमेरिका में आयोजित समारोह में दिया गया।
- शक्तिकांत दास के अलावा डेनमार्क के क्रिश्चियन केटल थॉमसन और स्विट्जरलैंड के थॉमस जॉर्डन को भी A+ श्रेणी में स्थान दिया गया।
- यह ग्रेडिंग मापदंड मुद्रास्फीति नियंत्रण, आर्थिक विकास, मुद्रा स्थिरता, और ब्याज दर प्रबंधन पर आधारित था।
- नोट: हाल ही में अमेरिका की ग्लोबल फाइनेंस मैगजीन ने 2024 के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को भारत में सर्वश्रेष्ठ बैंक के रूप में मान्यता दी।

## बिभव कुमार तालुकदार को 'द हैरी मेसेल अवार्ड' से सम्मानित किया गया

- असम के बिभव कुमार तालुकदार को 'द हैरी मेसेल अवार्ड' से सम्मानित किया गया।
- यह अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) के प्रजाति अस्तित्व आयोग (SSC) द्वारा दिया गया।
- यह सम्मान आबू धाबी में 5वीं IUCN SSC नेताओं की बैठक के दौरान दिया गया।
- बिभव कुमार को प्रजातियों के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान, विशेष रूप से SSC में नेतृत्व के लिए यह पुरस्कार दिया गया।

## श्री श्री रविशंकर को फिजी का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार

- फिजी ने श्री श्री रविशंकर को सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया।
- यह पुरस्कार उन्हें मानवीय भावना के उत्थान और विविध समुदायों को शांति और सद्भाव में जोड़ने के लिए दिया गया है।
- फिजी गणराज्य के राष्ट्रपति रातू विलियम एम. कैटोनीवरे ने उन्हें 'फिजी के मानद अधिकारी' की उपाधि दी।
- श्री श्री रविशंकर ने 1981 में 'आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन' की स्थापना की, जिसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण और महिला एवं युवा सशक्तिकरण के क्षेत्रों में सेवा कार्यों द्वारा खुशी और सद्भाव फैलाना है।

## यूरोप का सखारोव पुरस्कार

- यूरोपीय संसद द्वारा विचार की स्वतंत्रता के लिए अपना वार्षिक सखारोव पुरस्कार वेनेजुएला के विपक्षी नेताओं मारिया कोरिना मचाडो और एडमंडो गोंजालेज को दिया गया।
- यह पुरस्कार स्वतंत्रता और लोकतंत्र को बहाल करने की लड़ाई में वेनेजुएला के लोगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए दिया गया।
- एडमुंडो और मारिया ने वेनेजुएला में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण के लिए लड़ाई लड़ी।
- सखारोव पुरस्कार 1988 में शुरू किया गया था और यह मानवाधिकारों और लोकतंत्र की रक्षा करने वाले व्यक्तियों और संगठनों को दिया जाता है।
- 2023 में यह पुरस्कार महसा अमिनी और ईरान में "महिला, जीवन, स्वतंत्रता" आंदोलन को दिया गया।

## SAIL को एसएचआरएम-एचआर उत्कृष्टता पुरस्कार

- स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (SAIL) को SHRM-HR उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- यह पुरस्कार निम्नलिखित श्रेणियों में दिया गया-
  - समावेश, समानता, और विविधता में उत्कृष्टता।
  - वितरित कार्यबल के प्रबंधन में उत्कृष्टता।
- यह पुरस्कार सेल में किए जा रहे उत्कृष्ट मानव संसाधन अभ्यास और पहलों हेतु दिया गया।
- स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (SAIL)
  - स्थापना: 1954 में।

- उपक्रम: इस्पात मंत्रालय के तहत एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम।
- मुख्यालय: नई दिल्ली।
- भारत की सबसे बड़ी स्टील उत्पादक कंपनी।

## MIDORI पुरस्कार 2024

- यह पुरस्कार कजाकिस्तान की वेरा वोरोनोवा और पेरू की यसाबेल अगस्टिना काल्डेरोन कार्लोस को दिया गया।
- यह पुरस्कार जैव विविधता कन्वेंशन (CBD) के पार्टियों के सम्मेलन (COP 16) की सोलहवीं बैठक के उच्च-स्तरीय सेगमेंट के दौरान 29 अक्टूबर, 2024 को कोलंबिया के कैली में दिया गया।
- यह पुरस्कार AEON पर्यावरण फाउंडेशन और जैव विविधता कन्वेंशन के सचिवालय द्वारा स्थापित किया गया है।
- MIDORI पुरस्कार हर दो साल में जैव विविधता की रक्षा में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को प्रदान किया जाता है।

- प्रत्येक विजेता को 100,000 डॉलर का नकद पुरस्कार और एक स्मारक पट्टिका मिलती है।
- अब तक यह पुरस्कार 17 देशों के 19 व्यक्तियों को मिल चुका है।

## कॉन्शियस कंपनी अवार्ड्स में मानवतावादी पुरस्कार 2024

- मानवतावादी और आध्यात्मिक नेता मोहनजी को जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका में 9वें कॉन्शियस कंपनी अवार्ड्स में वैश्विक मानवीय नेतृत्व के लिए मानवतावादी पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया।
- यह कार्यक्रम नैतिक और दूरदर्शी नेताओं को सम्मानित करता है।
- कॉन्शियस कंपनी पुरस्कार उन व्यक्तियों और संगठनों को दिए जाते हैं जो नैतिक व्यवहार और स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देते हैं।

# 8- चर्चित व्यक्तित्व

## न्यायमूर्ति संजीव खन्ना

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना को 11 नवंबर 2024 को भारत का 51वाँ मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया।
- उन्होंने डी.वाई. चंद्रचूड़ का स्थान लिया।
- न्यायमूर्ति खन्ना 13 मई 2025 को सेवानिवृत्त होंगे।
- न्यायमूर्ति खन्ना ने दिल्ली उच्च न्यायालय में 2005 में अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में पदभार संभाला था।
- 18 जनवरी 2019 को न्यायमूर्ति संजीव खन्ना को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया।
- वह चुनावी बांड योजना को असंवैधानिक घोषित करने वाली पीठ में शामिल थे।

**भारत का मुख्य न्यायाधीश (CJI)**

- वर्तमान: संजीव खन्ना
- पहले: हीरालाल जे. कानिया
- सर्वाधिक कार्यकाल: वाई. वी. चंद्रचूड़
- न्यूनतम कार्यकाल: कमल नारायण सिंह
- अभी तक कोई महिला सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश नहीं बनी है।
- नियुक्ति: राष्ट्रपति द्वारा।
- शपथ: अनुच्छेद 124(6) के तहत राष्ट्रपति द्वारा। (संविधान की तृतीय अनुसूची के अनुसार)
- सेवानिवृत्ति आयु: 65 वर्ष।
- हटाना: कदाचार या अक्षमता के आरोप में संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित प्रस्ताव द्वारा।
- नोट: न्यायाधीश का कोई कार्यकाल नहीं होता है। न्यायाधीशों के लिए कोई न्यूनतम आयु नहीं होती है।
- वर्तमान में सर्वोच्च न्यायालय में एक मुख्य न्यायाधीश के अलावा 33 अन्य न्यायाधीश है।

## नायब सिंह सैनी

- नायब सिंह सैनी ने 17 अक्टूबर 2024 को हरियाणा के 11वें मुख्यमंत्री के रूप में पुनः शपथ ली।
- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने पंचकुला में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।
- इसके अलावा और उनके मंत्रिपरिषद के 13 मंत्रियों ने भी शपथ ली।
- नोट: हरियाणा विधान सभा चुनाव में BJP ने लगातार तीसरी बार सरकार बनाई है।

**मंत्रिपरिषद की संख्या**

- 91वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम 2003 के अनुसार, किसी राज्य में मंत्रिपरिषद की कुल संख्या, उस राज्य की विधानसभा के कुल सदस्यों का 15% से अधिक नहीं हो सकती।
- हरियाणा विधानसभा में कुल 90 सदस्य हैं, अतः मंत्रिपरिषद की अधिकतम संख्या 13 हो सकती है।

## उमर अब्दुल्ला

- उमर अब्दुल्ला ने 16 अक्टूबर 2024 को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।
- सुरिंदर कुमार चौधरी (जम्मू क्षेत्र से नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक) ने उप-मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।
- उमर अब्दुल्ला, नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता, दूसरी बार जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री बने।
- इससे पहले वह 2009 से 2014 तक तत्कालीन जम्मू-कश्मीर राज्य के मुख्यमंत्री रहे थे।
- हाल ही में संपन्न चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस की अगुवाई में गठबंधन को बहुमत मिला था।
- नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 42 सीटें और कांग्रेस ने 6 सीटें जीतीं।
- भारतीय जनता पार्टी 29 सीटों के साथ विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल है।

**जम्मू और कश्मीर मंत्रिपरिषद:**

- जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 के अनुसार, जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री सहित मंत्रिपरिषद की अधिकतम संख्या विधानसभा के कुल सदस्यों के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती।
- जम्मू और कश्मीर विधानसभा की कुल संख्या 116 है, जिसमें से 114 सदस्य सीधे जनता द्वारा चुने जाते हैं और 2 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं जिन्हें उप-राज्यपाल द्वारा नामित किया जाएगा।
- 114 सीटों में से 24 सीटें पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर की हैं, जो वर्तमान में रिक्त हैं। इसलिए, वर्तमान में विधानसभा की अधिकतम संख्या 92 (90 निर्वाचित + 2 नामांकित महिला सदस्य) है।
- इस प्रकार, मुख्यमंत्री सहित मंत्रिपरिषद के सदस्यों की अधिकतम संख्या 9 से अधिक नहीं हो सकती।

## आरती सरीन

- शल्य चिकित्सक वाइस एडमिरल आरती सरीन सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा की महानिदेशक (DGAFMS) बनने वाली पहली महिला बनीं।
- उन्होंने 1 अक्टूबर 2024 को 46वें DGAFMS के रूप में पदभार ग्रहण किया।
- उन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह का स्थान लिया।

## विजया रहाटकर

- विजया रहाटकर को राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) की अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की गई है।
- राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 3 के तहत उनकी नियुक्ति तीन वर्ष की अवधि या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, के लिए की गई है।
- वह NCW की 9वीं अध्यक्ष हैं। उन्होंने रेखा शर्मा का स्थान लिया।
- विजय रहाटकर महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष (2016-2021) और औरंगाबाद की मेयर भी रह चुकी हैं।
- डॉ. अर्चना मजूमदार को NCW का सदस्य नियुक्त किया है।

**राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW)**

- इसकी स्थापना 1992 में राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 के तहत की गई।
- यह वैधानिक निकाय है।
- यह महिलाओं से जुड़े नीतिगत मामलों पर केंद्र और राज्य सरकारों को सलाह देता है।
- आयोग का मुख्य कार्य महिलाओं के संवैधानिक और कानूनी अधिकारों की समीक्षा करना, शिकायतों का निवारण करना और संसदीय एवं विधायी सिफारिशें करना है।
- आयोग को सिविल न्यायालय की शक्तियां दी गई हैं।
- मुख्यालय: नई दिल्ली

## एस परमीश

- एस परमीश 15 अक्टूबर को भारतीय तटरक्षक बल के नए प्रमुख बने।
- वह उन्नत अपतटीय गश्ती पोत समर और अपतटीय गश्ती पोत विश्वस्त जैसे जहाजों की कमान संभाल चुके है।
- उन्होंने तटीय सुरक्षा और संचालन के लिए उप महानिदेशक और पूर्वी समुद्र तट के लिए तटरक्षक कमांडर के रूप में भी काम किया।

## विपिन कुमार

- विपिन कुमार ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के अध्यक्ष का पदभार संभाला।
- इससे पहले, उन्होंने शिक्षा मंत्रालय में स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्य किया।
- भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की स्थापना 1 अप्रैल, 1995 को संसद के एक अधिनियम द्वारा की गई थी।

## अभ्युदय जिंदल

- भारतीय वाणिज्य मंडल (ICC) द्वारा नई दिल्ली में आयोजित वार्षिक पूर्ण अधिवेशन में अभ्युदय जिंदल को नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- जिंदल बोस्टन विश्वविद्यालय से स्नातक हैं और उन्हें अर्थशास्त्र और व्यवसाय प्रबंधन में विशेषज्ञता है।
- उन्होंने जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक (MD) के रूप में कंपनी में महत्वपूर्ण सुधार किए थे।

## मनोज कुमार दुबे

- मनोज कुमार दुबे को भारतीय रेलवे वित्त निगम (IRFC) का अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (CMD) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त किया गया है।
- IRFC रेल मंत्रालय के तहत एक मिनीरत्न सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है।
- दुबे इससे पहले कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (कॉनकॉर) के निदेशक (वित्त) और मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में कार्यरत थे।
- IRFC 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक के बाजार पूंजीकरण के साथ भारत की शीर्ष सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में से एक है।

## नोएल टाटा

- नोएल टाटा को टाटा समूह की परोपकारी शाखा टाटा ट्रस्ट का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- उन्होंने रतन टाटा (हाल ही में निधन) का स्थान लिया।
- नोएल टाटा टाटा स्टील और वोल्टास सहित कई सूचीबद्ध कंपनियों के बोर्ड में रह चुके हैं।
- टाटा ट्रस्ट की टाटा संस में 66% हिस्सेदारी है।
- वह टाटा इंटरनेशनल और टाटा इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष रहे हैं।

## अविरल जैन

- अविरल जैन 1 अक्टूबर 2024 को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया में कार्यकारी निदेशक बने।
- इस नियुक्ति से पहले, वे महाराष्ट्र के क्षेत्रीय निदेशक के रूप में कार्यरत थे।
- अविरल को पर्यवेक्षण, मुद्रा प्रबंधन, विदेशी मुद्रा विनियमन और मानव संसाधन प्रबंधन जैसे क्षेत्रों के विशेषज्ञ है।
- वह भारतीय बैंकिंग और वित्त संस्थान (IIBF) के प्रमाणित एसोसिएट हैं।

## प्रकाश मान सिंह राउत

- नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने प्रकाश मान सिंह राउत को नया मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया।
- राष्ट्रपति ने मुख्य न्यायाधीश राउत को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।
- संविधान परिषद द्वारा इस पद के लिए प्रकाश मान सिंह राउत के नाम की सिफारिश की गई थी।
- उन्होंने बिशवंभर प्रसाद श्रेष्ठ का स्थान लिया।

### नीमा रिन्जी शेरपा

- नेपाली पर्वतारोही नीमा रिंजी शेरपा (18 वर्षीय) ने 8,000 मीटर से अधिक ऊंची सभी 14 चोटियों पर चढ़ने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति बनकर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया।
- उन्होंने 9 अक्टूबर को तिब्बत में 8,027 मीटर ऊंची शिशा पंगमा पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की।

### शिगेरु इशिबा

- शिगेरु इशिबा जापान के 102वें प्रधानमंत्री बने हैं।
- जापानी संसद के निचले सदन, हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव द्वारा शिगेरु इशिबा को प्रधानमंत्री के रूप में अनुमोदित किया गया, जिसके बाद जापानी सम्राट नारुहितो ने उन्हें नियुक्त किया।
- शिगेरु इशिबा ने लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के फुमियो किशिदा की जगह ली है।
- पूर्व प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने राजनीतिक घोटालों के आरोपों के कारण सितंबर 2024 में इस्तीफा दिया था।
- जापानी संविधान के अनुसार, संसद के निचले सदन द्वारा अनुमोदित होने के बाद, सम्राट उस व्यक्ति को प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त करता है।
- जापानी संसद को डायट कहा जाता है, जिसमें ऊपरी सदन (हाउस ऑफ काउंसिलर्स) और निचला सदन (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव) होते हैं।

### कैस सैयद

- कैस सैयद को दूसरी बार ट्यूनीशिया का राष्ट्रपति चुना गया है।
- उनका कार्यकाल 5 वर्ष रहेगा।
- ट्यूनीशिया अरब सभ्यता वाला एक अफ्रीकी देश है और यह उत्तरी अफ्रीका के मगरेब क्षेत्र का हिस्सा है।
- इसे 1956 में फ्रांस से आजादी मिली थी।

### क्लाउडिया शिनबाम

- क्लाउडिया शिनबाम 1 अक्टूबर 2024 को मेक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति बनीं।
- उन्होंने मेक्सिको में एंड्रेस मैनुअल लोपेज़ ओब्रेडोर की जगह ली।
- वह मेक्सिको की 66वीं राष्ट्रपति हैं।
- वह 2030 तक छह साल के कार्यकाल के लिए पद पर रहेंगी।

**मेक्सिको:**

- उत्तरी अमेरिका के दक्षिणी भाग में स्थित एक देश।
- राजधानी: मेक्सिको सिटी
- सरकार: संघीय राष्ट्रपति गणराज्य

### प्राबोवो सुबिआंतो

- प्राबोवो सुबिआंतो ने 20 अक्तूबर 2024 को इंडोनेशिया के आठवें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।
- उन्होंने जोको विडोडो का स्थान लिया।
- प्रबोवो सुबिआंतो इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री रह चुके हैं।
- इस दौरान जिब्रान राकाबुमिंग राका ने भी उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली।

### लुओंग कुओंग

- लुओंग कुओंग वियतनाम के राष्ट्रपति चुने गए है।
- 21 अक्टूबर को, कुओंग को 15वीं अवधि की नेशनल असेंबली (एनए) के चल रहे 8वें सत्र में 2026 तक के कार्यकाल के लिए अध्यक्ष चुना गया।
- कुओंग ने तोह लाम का स्थान लिया।
- तोह लाम सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी का महासचिव नियुक्त किया गया है।
- वियतनाम में महासचिव की भूमिका सबसे शक्तिशाली पद है, जबकि राष्ट्रपति पद अधिकतर औपचारिक होता है और इसमें विदेशी गणमान्य व्यक्तियों से मिलना शामिल होता है।
- वर्तमान प्रधानमंत्री वियतनाम के फाम मिन्ह चीन्ह हैं।
- वियतनाम की राजधानी हनोई है।

### याह्या अफरीदी

- न्यायमूर्ति याह्या अफरीदी को पाकिस्तान के अगले मुख्य न्यायाधीश के रूप में चुना गया है।
- हाल ही में, पाकिस्तान में 26वाँ संविधान संशोधन पारित किया गया है, जिससे न्यायपालिका में महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं।
- न्यायमूर्ति याह्या अफरीदी को न्यायमूर्ति मंसूर अली शाह की जगह चुना गया।

## निधन

### रतन टाटा

- प्रख्यात उद्योगपति रतन टाटा का 9 अक्तूबर को 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
- रतन टाटा ने 30 वर्षों तक टाटा ग्रुप का नेतृत्व किया और टाटा संस के चेयरमैन भी रहे।
- उनका जन्म 28 दिसंबर 1937 को सूनू और नवल टाटा के घर हुआ।

**महत्वपूर्ण योगदान:**

- 1991 में जेआरडी टाटा के बाद टाटा संस के अध्यक्ष बने।
- उनके कार्यकाल में टाटा समूह ने टेटली टी (2000), कोरस ग्रुप (2007) और जगुआर और लैंड रोवर (2008) का अधिग्रहण किया।

**प्रमुख पुरस्कार और सम्मान**

- 2008: पद्म विभूषण (भारत का दूसरा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार)
- 2000: पद्म भूषण (भारत का तीसरा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार)

## पी वेणुगोपाल .

- भारत का पहला हृदय प्रत्यारोपण करने वाले डॉ. पी. वेणुगोपाल का 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
- अपने करियर में उन्होंने 50,000 से अधिक हार्ट सर्जरी कीं।
- उन्होंने 2023 में अपनी पत्नी के साथ संयुक्त रूप से अपना संस्मरण "हार्टफेल्ट" प्रकाशित किया।
- वे अपनी व्यक्तिगत और व्यावसायिक ईमानदारी के मामले में समझौता न करने वाले व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे।
- उन्होंने पश्चिमी दुनिया से भारत में हार्ट सर्जरी चिकित्सा में कई उन्नत अवधारणाएँ पेश कीं।
- चिकित्सा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें 1998 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।

## कनक राजू

- लोक नृत्य और लोक संस्कृति के प्रतीक कनक राजू का हाल ही में निधन हो गया।
- उन्हें 2021 में पारंपरिक नृत्य शैली गुस्साडी में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।
- राज गोंड जनजाति से आने वाले कनक राजू ने गुस्साडी के लयबद्ध नृत्य को लोकप्रिय बनाया।

## रोहिणी गोडबोले

- प्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी रोहिणी गोडबोले का 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
- वह एक प्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी और लैंगिक समानता समर्थक थीं।
- उन्हें 2019 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- फ्रांस सरकार ने 2021 में उन्हें नेशनल मेडल ऑफ मेरिट से सम्मानित किया।

# 9-चर्चित स्थल

### वाशिम (महाराष्ट्र): बंजारा विरासत संग्रहालय का उद्घाटन

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 अक्टूबर को महाराष्ट्र के वाशिम में पोहरदेवी में बंजारा विरासत संग्रहालय का उद्घाटन किया।
- संग्रहालय में 13 दीर्घाएँ हैं जो बंजारा समुदाय के नेताओं और बंजारा आंदोलन को दर्शाती हैं।
- प्रधानमंत्री ने संत सेवालाल महाराज और संत रामराव महाराज की स्मारकों पर पुष्पांजलि अर्पित की।

**बंजारा समुदाय:**

- बंजारा समुदाय को आमतौर पर खानाबदोश लोग कहा जाता है।
- वे खुद को अग्निवंशी राजपूतों के वंश से संबंधित मानते हैं।
- बंजारा तीन जनजातियों में विभाजित हैं: मटुरिया, लबाना, चारण।
- यह समुदाय आंध्र प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में फैला हुआ है।
- बंजारा की भाषा लम्बाडी है, जो राजस्थानी बोलियों में से एक है। अन्य भाषाओं में हिंदी, तेलुगु आदि भी बोलते हैं।

### काशी देश का पहला हिंदी साहित्य संग्रहालय :(वाराणसी)

- उत्तर प्रदेश सरकार काशी (वाराणसी) में देश का पहला हिंदी साहित्य संग्रहालय स्थापित करेगी।
- यह संग्रहालय किसी भाषा को समर्पित देश का पहला संग्रहालय होगा।
- कोलकाता में रवीन्द्रनाथ टैगोर को समर्पित एक साहित्यिक संग्रहालय है, लेकिन काशी में प्रस्तावित संग्रहालय देश का पहला भाषा-आधारित संग्रहालय होगा।

### अनुसंधान, नवाचार और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए 3 A.I. केंद्रों की घोषणा

- केंद्र सरकार द्वारा 15 अक्टूबर को स्वास्थ्य देखभाल, कृषि और टिकाऊ शहरों पर केंद्रित तीन कृत्रिम बुद्धिमत्ता उत्कृष्टता केंद्र (AI-CoE) की घोषणा की गई।
- ये केंद्र एम्स दिल्ली, आईआईटी रोपड़ और आईआईटी कानपुर में स्थापित किए जाएंगे।
    - एम्स दिल्ली स्थित केंद्र: स्वास्थ्य के क्षेत्र में आईआईटी दिल्ली के साथ मिलकर काम करेगा।
    - आईआईटी रोपड़ स्थित केंद्र: कृषि के क्षेत्र में काम करेगा।
    - आईआईटी कानपुर स्थित केंद्र: टिकाऊ शहरों के लिए काम करेगा।
- ये केंद्र अनुसंधान, नवाचार और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और जन कल्याण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।
- इन केंद्रों का नेतृत्व उद्योग भागीदारों और स्टार्टअप्स के सहयोग से शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों द्वारा किया जाएगा।
- ये तीनों केंद्र अंतरविषयक अनुसंधान करेंगे, अत्याधुनिक अनुप्रयोग विकसित करेंगे, और स्केलेबल समाधान तैयार करेंगे।
- नोट: बजट 2023-24 में इन केंद्रों की स्थापना की घोषणा की गई थी।

### हानले (लद्दाख): एशिया की सबसे बड़ी और दुनिया की सबसे ऊंची इमेजिंग चेरेंकोव वेधशाला का उद्घाटन

- परमाणु ऊर्जा विभाग (DAE) ने 4 अक्टूबर को हानले, लद्दाख में मेजर एटमॉस्फेरिक चेरेनकोव एक्सपेरिमेंट (MACE) वेधशाला का उद्घाटन किया।
- यह एशिया का सबसे बड़ा इमेजिंग चेरेंकोव टेलीस्कोप है और 4,300 मीटर की ऊँचाई पर स्थित, दुनिया का सबसे ऊँचा टेलीस्कोप भी है।
- MACE का निर्माण BARC (बार्क) द्वारा (ECIL) और अन्य भारतीय उद्योग भागीदारों के सहयोग से स्वदेशी रूप से किया गया है।
- यह टेलीस्कोप सुपरनोवा, ब्लैक होल और गामा-किरण विस्फोट जैसी उच्च-ऊर्जा गामा-किरणों की घटनाओं को समझने के वैश्विक प्रयासों में योगदान देगा।

### मुंबई (महाराष्ट्र): भारतीय कौशल संस्थान (IIS) का उद्घाटन

- प्रधानमंत्री ने 9 अक्टूबर 2024 को मुंबई में भारतीय कौशल संस्थान (IIS) का उद्घाटन किया।
- इस संस्थान का परिसर मुंबई के चूनाभट्टी में स्थित है।
- उद्देश्य: भारतीय युवाओं की रोजगार क्षमता को बढ़ाना।
- यह संस्थान फैक्ट्री ऑटोमेशन, डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग, मेक्ट्रोनिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स और एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करेगा।
- यह सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) मॉडल के तहत स्थापित किया गया है, जिसमें कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय और टाटा आईआईएस के बीच सहयोग है।

### लोथल: राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर के विकास को मंजूरी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 10 अक्टूबर 2024 को गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (NMHC) के विकास को स्वीकृति दी।
- यह परियोजना केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के नेतृत्व में सागरमाला परियोजना के तहत

विकसित की जाएगी।

- भारतीय बंदरगाह संघ को इस परियोजना के कार्यान्वयन की नोडल एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया है, जबकि भारतीय बंदरगाह रेल निगम लिमिटेड (IPRCL) कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में कार्य करेगी।
- यह परियोजना दुनिया के सबसे बड़े समुद्री परिसरों में से एक बनने की परिकल्पना की गई है और इसे दो चरणों में पूरा किया जाएगा।
- यह परियोजना पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय रोजगार और व्यवसायों को पुनर्जीवित करेगी।

## लोथल

- लोथल सिंधु घाटी सभ्यता का एकमात्र ज्ञात बंदरगाह शहर है और यह 4500 साल पुराना पुरातात्विक स्थल है।
- इसकी खोज 1952 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पुरातत्वविद् एसआर राव ने की थी।
- यह अहमदाबाद जिले के धोलका तालुका में स्थित है।
- लोथल का शाब्दिक अर्थ है 'मृतकों का टीला'।
- यह शहर 2400 ईसा पूर्व में व्यापारिक बंदरगाह के रूप में विकसित हुआ था।

## दुबई: आईआईटी मद्रास द्वारा पहला अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान और नवाचार केंद्र स्थापित होगा

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास 2025 के शुरुआत में अनुसंधान, नवोन्मेष और उद्यमिता के लिए पहला अंतरराष्ट्रीय केंद्र दुबई में खोलेगा।
- आईआईटीएम ग्लोबल दुबई सेंटर अत्याधुनिक क्षेत्रों जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डेटा विज्ञान, रोबोटिक्स और सतत ऊर्जा में विशेषज्ञता हासिल करेगा।
- यह भारत के उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक नये सेतु की भूमिका निभाएगा।
- दुबई में केंद्र स्थापित करने हेतु IIT मद्रास और दुबई के अर्थव्यवस्था एवं पर्यटन विभाग (DET) के बीच हुए समझौता हुआ है।
- यह केंद्र 'IITM ग्लोबल' के तहत स्थापित अपनी तरह का यह पहला कार्यक्रम होगा जो दुबई के लिए प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्रों जैसे एआई, डेटा विज्ञान, रोबोटिक्स और सतत ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान, नवोन्मेष, आईपी लाइसेंसिंग और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को बढ़ावा देगा।

## पटना (बिहार): 'बापू टावर' का उद्घाटन

- महात्मा गांधी की जयंती पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2 अक्टूबर को पटना के गांधी मैदान में बापू टावर का उद्घाटन किया।
- यह प्रतिष्ठित पांच मंजिला इमारत बेलनाकार और आयताकार संरचनाओं से बनी है, जिसमें महात्मा गांधी के जीवन को समर्पित कई दीर्घाएँ हैं।
- इसमें महात्मा गांधी की बिहार यात्रा और चंपारण सत्याग्रह पर एक विशेष खंड है, जो ऑडियो-विजुअल सामग्री के साथ प्रस्तुत किया गया है।
- यह टावर 129 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित है और बिहार के आधुनिक सांस्कृतिक परिदृश्य के सबसे बड़े आकर्षणों में से एक है।

## काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान: भारत का दूसरा तितली विविधता केंद्र बना

- काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में 446 से अधिक तितली प्रजातियाँ पाई गई हैं।
- अरुणाचल प्रदेश के नमदाफा राष्ट्रीय उद्यान के बाद यह भारत का दूसरा तितली विविधता केंद्र बन गया है।
- पहली बार 27 से 29 सितंबर तक "तितली संरक्षण बैठक-2024" आयोजित की गई, जिसमें पूरे भारत से 40 तितली प्रेमियों ने भाग लिया।
- इसका उद्देश्य तितली संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और विस्तृत तितली रिकॉर्ड और उनकी स्थिति पर जानकारी देना था।

## वायनाड (केरल): एक्स-बैंड रडार स्थापित

- केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने केरल के वायनाड जिले में एक्स-बैंड रडार स्थापित किया, जो विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन के बाद एक महत्वपूर्ण कदम है।
- यह रडार विशेष रूप से भूस्खलन की चेतावनी देने के लिए उच्च टेम्पोरल सैंपलिंग करेगा, जिससे कणों की गतिविधियों की निगरानी होगी।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने 1950 के दशक से मौसम संबंधी अनुप्रयोगों के लिए रडार का उपयोग करना शुरू किया था।
- यह रडार उपकरण रेडियो तरंगों का उपयोग करके दूरी, वेग और वस्तुओं की भौतिक विशेषताओं का पता लगाता है।
- वायनाड में एक्स-बैंड रडार स्थापित करने की पहल में मंगलुरु में सी-बैंड रडार भी शामिल है, जिसकी अवलोकन सीमा 250 किलोमीटर है।

## ग्वालियर (मध्य प्रदेश): बायो-सीएनजी प्लांट वाली गौशाला का उद्घाटन

- यह गौशाला 100 टन गाय के गोबर का उपयोग करके प्रतिदिन तीन टन प्राकृतिक गैस का उत्पादन कर सकती है।
- इसे इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के सहयोग से स्थापित किया गया है।
- ग्वालियर में स्थित 'लाल टिपारा गौशाला' का पीएम मोदी ने वर्चुअली उद्घाटन किया।
- यह भारत की पहली आधुनिक और आत्मनिर्भर गौशाला है, जिसे ₹32 करोड़ की लागत से विकसित किया गया है।

### तिरुवनंतपुरम: मुथलापोझी बंदरगाह को विकसित करने के लिए मंजूरी

- केंद्र सरकार ने केरल के तिरुवनंतपुरम में मुथलापोझी बंदरगाह को विकसित करने का निर्णय लिया है।
- इस पुनर्विकास परियोजना में जल और भूमि दोनों सुविधाओं का विकास शामिल है।
- प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत केंद्र सरकार 106.2 करोड़ रुपये का योगदान करेगी, जबकि राज्य 70.8 करोड़ रुपये देगा।
- स्मार्ट-ग्रीन पोर्ट पहल और तटीय संरक्षण के लिए अतिरिक्त 13 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।
- केंद्र सरकार ने पुणे स्थित केंद्रीय जल और विद्युत अनुसंधान स्टेशन (CWPRS) को इस परियोजना के लिए चालू किया है।

### थानो गाँव (उत्तरखंड): में भारत के पहले 'लेखकों के गांव' का उद्घाटन

- थानो गाँव का उद्घाटन पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संयुक्त रूप से किया।
- यह देहरादून से लगभग 24 किलोमीटर दूर स्थित है।
- यह परियोजना पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक की परिकल्पना है, जो स्वयं एक प्रतिष्ठित लेखक हैं।
- स्पर्श हिमालय महोत्सव-2024 के दौरान इस गांव की पहली रचना 'हिमालय में राम' का विमोचन भी किया गया।
- गांव में लेखन कुटीर, नक्षत्र और नवग्रह वाटिका, सभागार, योग-ध्यान केंद्र, चर्चा केंद्र और रेस्तरां जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।
- यहां लेखकों को अपनी रचनाओं के लिए शांत एवं रचनात्मक वातावरण प्रदान किया जाएगा।

### भुवनेश्वर (ओडिशा): 18वाँ प्रवासी भारतीय दिवस 2025

- प्रवासी भारतीय दिवस का आयोजन 8 से 10 जनवरी, 2025 तक भुवनेश्वर (ओडिशा) में किया जाएगा।
- इस संबंध में केंद्रीय विदेश मंत्रालय द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने मंजूरी दी।
- इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और ओडिशा के मुख्यमंत्री सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल होंगे।
- प्रवासी भारतीय दिवस (PBD) प्रतिवर्ष 9 जनवरी को मनाया जाता है, यह दिवस महात्मा गांधी के 1915 में दक्षिण अफ्रीका से भारत आगमन की याद में मनाया जाता है।

### लद्दाख: सौर हाइड्रोजन माइक्रोग्रिड स्थापित

- NTPC और भारतीय सेना ने लद्दाख के चुसुल में सौर हाइड्रोजन-आधारित माइक्रोग्रिड स्थापित करने के लिए साझेदारी की।
- इस परियोजना की आधारशिला 25 अक्टूबर 2024 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा रखी गई।
- यह परियोजना सेना के ऑफ-ग्रिड स्थानों में हरित हाइड्रोजन के उपयोग से स्थिर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगी।
- यह प्रणाली हाइड्रोजन को ऊर्जा भंडारण माध्यम के रूप में उपयोग करने के लिए डिज़ाइन की गई है।

### अमरावती (आंध्र प्रदेश): अमरावती ड्रोन शिखर सम्मेलन 2024

- आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती में 22-23 अक्टूबर 2024 को आयोजित किया गया।
- यह ड्रोन प्रदर्शनी कृष्णा नदी के तट पर पुन्नमी घाट पर आयोजित की गई।
- यह आंध्र प्रदेश ड्रोन कॉरपोरेशन द्वारा आयोजित किया गया।
- इस सम्मेलन में 5,000 से ज़्यादा ड्रोनों ने हिस्सा लिया।
- **उद्देश्य:** उद्योग विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं, छात्रों और नवोन्मेषकों के लिए एक मंच तैयार करना।
- यह नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारतीय उद्योग परिसंघ और ड्रोन फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा समर्थित था।
- आंध्र प्रदेश सरकार का लक्ष्य इस शिखर सम्मेलन के माध्यम से राज्य को देश की ड्रोन राजधानी के रूप में स्थापित करना है।

### मोरमुगाओ बंदरगाह - एनवायरनमेंट शिप इंडेक्स पर सूचीबद्ध होने वाला देश का पहला बंदरगाह

- मोरमुगाओ बंदरगाह प्राधिकरण एनवायरनमेंट शिप इंडेक्स (ESI) पोर्टल पर प्रोत्साहन प्रदाता के रूप में सूचीबद्ध होने वाला पहला भारतीय बंदरगाह बन गया।
- हरित शिपिंग को प्रोत्साहित करने के लिए मोरमुगाओ बंदरगाह के प्रयास को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता मिली है।
- मोरमुगाओ बंदरगाह ने ईएसआई के माध्यम से हरित जहाज प्रोत्साहन शुरू किया।
- इस बंदरगाह का 'हरित श्रेय' प्रोत्साहन कार्यक्रम अक्टूबर 2023 में शुरू हुआ।
- ESI स्कोर के आधार पर बंदरगाह शुल्क पर छूट प्रदान की जाती है, जो उच्च पर्यावरणीय प्रदर्शन वाले जहाजों को पुरस्कृत करती है।
- यह पहल समुद्री परिचालन में दीर्घकालिक उत्सर्जन में कमी लाने के लक्ष्य का समर्थन करती है।

# 10- महत्वपूर्ण तथ्य

## देश का पहला स्व-संचालित इनडोर वायु गुणवत्ता मॉनिटर

- केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने तिरुवनंतपुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर देश के पहले स्व-संचालित इनडोर वायु गुणवत्ता मॉनिटर पवन चित्र का अनावरण किया।
- पवन चित्र का विकास CSIR-NIIST द्वारा किया गया है, जो सौर ऊर्जा से संचालित है और पूरी तरह से ऑफ-ग्रिड है।
- इसे स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्रियों से बनाया गया है और प्रकाश संश्लेषण की प्राकृतिक प्रक्रिया की नकल करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

## पाँच भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने को मंज़ूरी

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 3 अक्टूबर 2024 को मराठी, बंगाली, असमिया, पाली और प्राकृत को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया।
- वर्ष 2013 से मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने की माँग की जा रही थी।
- अब तक भारत में छह शास्त्रीय भाषाएँ थीं: तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, संस्कृत और ओडिया।
- तमिल को वर्ष 2004 में पहली शास्त्रीय भाषा का दर्जा मिला था।
- जुलाई 2024 में साहित्य अकादमी की अध्यक्षता में भाषा विज्ञान विशेषज्ञ समिति ने शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने के मानदंडों को संशोधित किया।
- जब किसी भाषा को शास्त्रीय भाषा के रूप में नामित किया जाता है, तो शिक्षा मंत्रालय उसके उपयोग को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन प्रदान करता है, जैसे:
  - प्रतिष्ठित भाषा विद्वानों के लिए दो प्रमुख वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार।
  - शास्त्रीय भाषाओं में अध्ययन के लिए उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना।

## नीति आयोग का महिला उद्यमिता प्लेटफार्म चैप्टर पाने वाला पहला राज्य

- तेलंगाना नीति आयोग का महिला उद्यमिता प्लेटफार्म चैप्टर पाने वाला पहला राज्य बना है।
- नीति आयोग ने महिला उद्यमिता प्लेटफार्म (WEP) का पहला राज्य चैप्टर लॉन्च किया।
- यह मंच डब्ल्यूई हब और तेलंगाना सरकार के सहयोग से स्थापित किया गया है।
- उद्देश्य: महिला उद्यमियों को विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ावा देना और समर्थन प्रदान करना।
- WE हब राज्य में सभी WEP गतिविधियों के लिए नोडल एजेंसी होगी।
- यह मंच डिजिटल कौशल, वित्तीय सेवाओं तक पहुंच, परामर्श और बाजार संपर्क जैसे अनुकूलित समर्थन प्रदान करेगा।
- वीई हब विशेष रूप से महिला उद्यमियों के लिए भारत का पहला इनक्यूबेशन सेंटर है।

## "स्कैम से बचाओ" अभियान लॉन्च

- भारत सरकार और मेटा ने ऑनलाइन स्कैम्स के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए "स्कैम से बचाओ" अभियान शुरू किया।
- यह पहल इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY), गृह मंत्रालय (MHA), सूचना और प्रसारण मंत्रालय (MIB) और भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) के सहयोग से शुरू की गई है।
- इसका मुख्य उद्देश्य साइबर धोखाधड़ी और घोटालों से नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।
- यह अभियान भारतीय नागरिकों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने और उन्हें इन खतरों से खुद को बचाने के लिए है।

## आंध्र प्रदेश में आबादी को बढ़ावा देने हेतु नीति लाई जाएगी

- आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने बढ़ती उम्रदराज़ आबादी को देखते हुए युवा आबादी को बढ़ावा देने के लिए कानून बनाने की योजना बनाई है।
- मुख्यमंत्री ने राज्य के नागरिकों से अधिक बच्चे पैदा करने का आग्रह किया।
- आंध्र सरकार एक ऐसा कानून लाने की योजना बना रही है जिसके तहत केवल दो से अधिक बच्चे वाले लोग ही स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने के पात्र होंगे।
- सरकार अधिक बच्चे पैदा करने वाले परिवारों को प्रोत्साहन देने की दिशा में भी विचार कर रही है।
- 2047 के बाद आंध्र प्रदेश में बुजुर्गों की संख्या युवाओं से ज़्यादा हो जाएगी।

## तेलंगाना जाति सर्वेक्षण शुरू करने वाला तीसरा राज्य बना

- तेलंगाना सरकार ने राज्य में व्यापक घरेलू जाति सर्वेक्षण की प्रक्रिया शुरू की।
- उद्देश्य: ओबीसी, एससी, एसटी और अन्य कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए सामाजिक, आर्थिक, रोजगार, शैक्षिक और राजनीतिक अवसरों की योजना बनाना और क्रियान्वयन करना है।

- इसका लक्ष्य सभी समुदायों के बीच लक्षित और समान संसाधन वितरण सुनिश्चित करना है।
- तेलंगाना, बिहार और आंध्र प्रदेश के बाद जाति आधारित जनगणना शुरू करने वाला तीसरा राज्य बन गया है।
- यह सर्वेक्षण घर-घर जाकर किया जाएगा और इसे 60 दिनों के भीतर पूरा किया जाएगा।

## 'डिजिटल मेमोरियल ऑफ वेलोर'

- नई दिल्ली में 25 अक्टूबर को रेलवे सुरक्षा बल द्वारा 'डिजिटल मेमोरियल ऑफ वेलोर' वेबसाइट का शुभारंभ किया गया।
- यह वेबसाइट साहसी कर्मियों के बलिदान को सम्मानित करने के लिए बनाई गई है, जहां नागरिक शहीदों की तस्वीर को पुष्पमाला और मोमबत्ती से डिजिटल रूप से सजा सकते हैं।
- यह एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है जो शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक पवित्र स्थान प्रदान करता है।
- वेबसाइट पर पिछले वर्ष शहीद हुए 14 वीरों की तस्वीरें, नाम और रैंक के साथ उपलब्ध हैं।
- रेलवे सुरक्षा बल और रेलवे सुरक्षा विशेष बल (आरपीएसएफ) के 1,011 शहीदों की सूची भी इसमें सम्मिलित है, जिन्होंने राष्ट्र की सेवा में अपने प्राणों का बलिदान दिया।

## चक्रवाती तूफान 'दाना'

- यह चक्रवात बंगाल की खाड़ी के पूर्व-मध्य से ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्रों से टकराया।
- इस दौरान हवा की गति 100 से 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रही।
- चक्रवाती परिसंचरण अंडमान सागर से उत्पन्न हुआ और बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र बना।
- चक्रवात एक बड़ा वायु द्रव्यमान होता है जो कम वायुमंडलीय दबाव के एक केंद्र के चारों ओर घूमता है।

## पुराने लिपुलेख दर्रे से पवित्र कैलाश शिखर का दर्शन

- भारत के तीर्थयात्रियों ने 3 अक्टूबर 2024 को पहली बार भारतीय क्षेत्र के अंदर पुराने लिपुलेख दर्रे से पवित्र कैलाश शिखर का दर्शन किया।
- लिपुलेख दर्रा उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले की व्यास घाटी में स्थित है।
- इससे पहले, तीर्थयात्रियों को कैलाश शिखर के दर्शन के लिए तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र की यात्रा करनी पड़ती थी।

## माउंट कैलाश:

- माउंट कैलाश हिमालय पर्वत के सुदूर दक्षिण-पश्चिम कोने में स्थित है।
- इसे बौद्ध, जैन, हिंदू और तिब्बती धर्म बोन के लिए एक महत्वपूर्ण तीर्थस्थल माना जाता है।
- हिंदू मान्यताओं के अनुसार, कैलाश पर्वत पर भगवान शिव का निवास है।
- तिब्बती बौद्धों का मानना है कि कैलाश बुद्ध डेमचोक का घर है, जो सर्वोच्च सद्भाव का प्रतीक है।
- जैन धर्म में, कैलाश को माउंट अष्टपद कहा जाता है और यह वह स्थान है जहां ऋषभदेव ने पुनर्जन्म से मुक्ति प्राप्त की थी।

## साइबर कमांडो प्रशिक्षण

- C3iHub, IIT कानपुर ने छह महीने का आवासीय साइबर कमांडो प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया
- ये उच्च प्रशिक्षित पेशेवर भारत के साइबर पारिस्थितिकी तंत्र को सुरक्षित करने और संभावित खतरों का जवाब देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे
- देश की साइबर सुरक्षा तत्परता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, IIT कानपुर में C3iHub ने "साइबर कमांडो प्रशिक्षण कार्यक्रम" शुरू किया है।
- यह प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा में अत्याधुनिक कौशल से लैस करने के लिए डिज़ाइन किया गया एक विशेष छह महीने का आवासीय पाठ्यक्रम है।
- यह पहल केंद्रीय गृह मंत्रालय और गृह मंत्रालय (MHA) के तहत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) के बीच एक सहयोग है।
- ये प्रशिक्षित साइबर कमांडो डिजिटल स्पेस की सुरक्षा में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्रीय एजेंसियों की सहायता करेंगे।

## महाराष्ट्र में देशी गाय की नस्लों को 'राज्यमाता-गोमाता' घोषित

- 30 सितंबर 2024, महाराष्ट्र सरकार ने राज्य की देशी गाय की नस्लों को 'राज्यमाता-गोमाता' घोषित किया।
- देशी गाय की नस्लों की घटती संख्या को देखते हुए यह निर्णय लिया गया।
- इसके अलावा देशी गायों के पालन-पोषण के लिए सब्सिडी योजना को भी मंजूरी दी, जिसके तहत गोशालाओं को प्रति गाय प्रतिदिन 50 रुपये दिए जाएंगे।

## अन्न दर्पण (ANNA DARPAN) प्रणाली

- भारतीय खाद्य निगम (FCI) ने अपनी मौजूदा आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन प्रणाली को आधुनिक बनाने के लिए एक डिजिटल परिवर्तन पहल शुरू की है।
- इस पहल में अन्न दर्पण (ANNA DARPAN) नामक एक माइक्रोसर्विस-आधारित एकीकृत आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन प्रणाली का कार्यान्वयन शामिल है।

- इस प्रणाली का उद्देश्य मंडियों, मिलों, डिपो और विभिन्न स्तरों पर संपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला संचालन और सेवाओं को सुव्यवस्थित करना है।

### असम के 8 जनजातीय उत्पादों को GI टैग प्रदान किया गया

- भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री (Geographical Indications Registry) ने असम क्षेत्र के 8 उत्पादों को GI टैग प्रदान किया।

**चावल की बीयर की किस्में:**

- बोडो जौ ग्वारन: बोडो समुदाय द्वारा बनाई गई चावल की बीयर, लगभग 16.11% अल्कोहल होता है।
- मैबरा जौ बिडवी: बोडो जनजातियों द्वारा पूजनीय व स्वागत पेय के रूप में परोसा जाता है।
- बोडो जौ गिशी: पारंपरिक रूप से किण्वित चावल आधारित मादक पेय।

**पारंपरिक खाद्य पदार्थ:**

- बोडो नेफम: एक महत्वपूर्ण और पसंदीदा व्यंजन।
- बोडो ओंडला: चावल के पाउडर से बनी करी।
- बोडो ग्वखा और बोडो नार्ज़ी: एक अर्ध-किण्वित भोजन।

**अन्य:**

- बोडो अरोनाई: एक सुंदर कपड़ा (1.5-2.5 मीटर लंबा और 0.5 मीटर चौड़ा)।

### e-श्रमवन स्टॉप सॉल्यूशन-

- केंद्रीय श्रम एवं नियोजन मंत्रालय ने 'ई श्रम-वन स्टॉप सॉल्यूशन' पोर्टल लॉन्च किया, जिसमें प्रारंभिक तौर पर 12 योजनाएं एकीकृत की गई हैं।
- पोर्टल का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी को एक प्लेटफॉर्म पर प्रभावी तरीके से एकीकृत करना है।
- सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से भी आग्रह किया कि वे असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए अपनी योजनाओं को ईश्रम प्लेटफॉर्म पर लाएं।
- 'ईश्रम वन स्टॉप सॉल्यूशन' का उद्देश्य असंगठित श्रमिकों के पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाना और सरकारी योजनाओं तक उनकी पहुंच को सुगम बनाना है।

### ग्राम पंचायत स्तर पर मौसम पूर्वानुमान का शुभारंभ

- केन्द्रीय पंचायती राज मंत्रालय और भारत मौसम विज्ञान विभाग ने पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सहयोग से ग्राम पंचायत स्तर पर मौसम पूर्वानुमान का शुभारंभ किया।
- इसका उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए तैयारियों को बढ़ाना और किसानों की मदद करना है।
- इस पहल के तहत ग्राम पंचायतों को पांच-दिवसीय मौसम पूर्वानुमान और प्रति घंटे अपडेट मिलेंगे, जिससे ग्रामीण समुदाय बेहतर कृषि योजना बना सकेगा।
- यह पहल पंचायतों को जलवायु चुनौतियों का समाधान करने और कृषि एवं आपदा तैयारियों के लिए निर्णय लेने में सुधार करने में सक्षम बनाएगी।

# प्रमुख सम्मेलन/महोत्सव

### अंतर्राष्ट्रीय मेथनॉल सेमिनार और एक्सपो 2024

- नीति आयोग द्वारा 17 अक्टूबर से नई दिल्ली में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मेथनॉल सेमिनार और एक्सपो 2024 का आयोजन किया गया।
- यह कार्यक्रम संयुक्त राज्य अमेरिका के मेथनॉल संस्थान के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।
- मेथनॉल उत्पादन, अनुप्रयोगों और तकनीकी विकास पर जोर दिया जाएगा।
- मेथनॉल को बायोमास, कोयला और नवीकरणीय स्रोतों से उत्पादित किया जा सकता है।
- मेथनॉल सबसे स्वच्छ और सस्ता ईंधन है, जो जीवाश्म ईंधन की तुलना में अधिक किफायती है।

### AROHA-2024 अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

- भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने 17 अक्टूबर को नई दिल्ली में समग्र आयुर्वेद के लिए अनुसंधान और वैश्विक अवसरों की उन्नति (AROHA-2024) पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- उद्देश्य: आयुर्वेद को वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में स्थापित करना।
- इस समारोह का आयोजन अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा किया गया था।

### 149वीं अंतर-संसदीय संघ (IPU) सभा

- यह सभा 13-17 अक्टूबर 2024 को जिनेवा, स्विट्जरलैंड में आयोजित हुई।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 149वीं अंतर-संसदीय संघ (IPU) सभा में संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।
- इस फोरम की मुख्य थीम थी: "अधिक शांतिपूर्ण और संधारणीय भविष्य के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार (STI) का उपयोग करना"।

### हैंड हैंड इन्वेस्टमेंट फोरम-इन-2024

- हैंड-इन-हैंड इन्वेस्टमेंट फोरम 2024 का आयोजन वर्ल्ड फ़ूड फोरम के दौरान रोम में किया गया।
- संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (FAO) के महानिदेशक क्यू डोंग्यू द्वारा शुरू की गई पहल में 72 देश शामिल हुए।

- यह फोरम निवेशकों, विकास बैंकों, निजी क्षेत्र, और विकास भागीदारों को एक मंच पर लाता है, जहाँ कृषि खाद्य निवेश के अवसर प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

## विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा (WTSA) 2024

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अक्टूबर को नई दिल्ली के भारत मंडपम में विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा (WTSA) 2024 का उद्घाटन किया।
- पहली बार भारत और एशिया-प्रशांत क्षेत्र ने इस वैश्विक कार्यक्रम की मेजबानी की।
- इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में 190 से अधिक देशों के 3,000 से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जो दूरसंचार, डिजिटल और ICT क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अक्टूबर को नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 के 8वें संस्करण का उद्घाटन किया।
- इस संस्करण की थीम थी: "द फ्यूचर इज नाउ"।
- प्रधानमंत्री ने डिजिटल इंडिया के चार प्रमुख स्तंभों को सूचीबद्ध किया:
    - कम कीमत वाले उपकरण
    - देशभर में डिजिटल कनेक्टिविटी
    - आसानी से सुलभ डेटा
    - डिजिटल फर्स्ट का लक्ष्य

## अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'हिन्द-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद'

- भारतीय नौसेना का वार्षिक शीर्ष-स्तरीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'हिन्द्-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद' का आयोजन 3-5 अक्तूबर तक नई दिल्ली- में किया गया।
- इस सम्मेलन का विषय है 'हिन्द्-प्रशांत में संसाधन-भू-राजनीति तथा सुरक्षा'।
- यह सम्मेलन रणनीतिक स्तर पर भारतीय नौसेना के अंतर्राष्ट्रीय संपर्क का मुख्यन घटक है।
- इसमें हिन्द-प्रशांत के समग्र समुद्री सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा की गई।

## चाणक्य रक्षा वार्ता – 2024

- भारतीय सेना और सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज (CLAWS) द्वारा 24-25 अक्टूबर को चाणक्य रक्षा वार्ता – 2024 का आयोजन किया गया।
- थीम: "राष्ट्र निर्माण में प्रेरक: व्यापक सुरक्षा के माध्यम से विकास को बढ़ावा देना"।
- यह वार्ता गहन चर्चा की सुविधा प्रदान करेगी और रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा देती है।
- इसमें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नेता, नीति निर्माता और विषय विशेषज्ञ शामिल हुए।
- इसका उद्देश्य 2047 तक लचीले, सुरक्षित और समृद्ध भारत के दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करना है।

## दूसरा भारतीय लाइटहाउस महोत्सव 2024

- केंद्रीय पत्तन, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने ओडिशा के पुरी में दूसरे भारतीय लाइटहाउस महोत्सव का उद्घाटन किया।
- इस महोत्सव का उद्देश्य भारत के आइकोनिक लाइटहाउस के समृद्ध समुद्री इतिहास को सांस्कृतिक रूप से जीवंत माहौल में पुनर्जीवित करना है।
- ओडिशा के समुद्र तट पर बालासोर जिले के नारायणपुर में और भद्रक जिले के धामरा में दो नए लाइटहाउस की घोषणा की गई।
- गुजरात के जामनगर में नया कलवन रीफ लाइटहाउस और ओडिशा के पारादीप पोर्ट में दो प्रमुख परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की गई।
- भारतीय लाइटहाउस महोत्सव का पहला संस्करण 2023 में गोवा में आयोजित हुआ था।

## 14वां अखिल भारतीय होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा सम्मेलन

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के गांधीनगर में 14वें अखिल भारतीय होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित किया।
- यह दो दिवसीय सम्मेलन होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा को मजबूत करने पर केंद्रित था।

## मेरा होउ चोंगबा महोत्सव 2024

- मणिपुर के पहाड़ी और घाटी के लोगों के बीच सौहार्दपूर्ण बंधन को मजबूत करने के लिए "मेरा होउ चोंगबा महोत्सव 2024" का आयोजन इम्फाल में किया गया।
- इसका मुख्य कार्यक्रम पवित्र स्थल कांगला में आयोजित किया गया।
- यह त्योहार दोनों क्षेत्रों के बीच सद्भाव और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का प्रतीक है।
- मेरा होउ चोंगबा मणिपुर का एकमात्र त्योहार है, जहाँ राज्य के पहाड़ी और घाटी दोनों समुदाय एक साथ इसे मनाते हैं।

# 11- इंडेक्स एवं रिपोर्ट्स

## वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI) रिपोर्ट 2024

- वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI) रिपोर्ट 2024 संयुक्त रूप से UNDP और ऑक्सफोर्ड पावर्टी और ह्यूमन डेवलपमेंट इनिशिएटिव (OPHI) द्वारा जारी की गई है।
- इसके अनुसार 6.3 बिलियन लोगों में से 1.1 बिलियन लोग तीव्र बहुआयामी गरीबी में जीवन जी रहे हैं, जिनमें से आधे से अधिक बच्चे हैं।
- गरीबी में रहने वाले लोगों की सबसे बड़ी संख्या वाले पाँच देश:
  1. भारत (234 मिलियन)
  2. पाकिस्तान (93 मिलियन)
  3. इथियोपिया (86 मिलियन)
  4. नाइजीरिया (74 मिलियन)
  5. कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (66 मिलियन)
- इन पाँच देशों में कुल 1.1 बिलियन गरीब लोगों में से 48.1% लोग रहते हैं।
- दुनिया के 1.1 बिलियन गरीब लोगों में से 83.2% लोग उप-सहारा अफ्रीका और दक्षिण एशिया में रहते हैं।
- रिपोर्ट के अनुसार 455 मिलियन गरीब लोग हिंसक संघर्ष वाले देशों में रहते हैं, जिससे प्रगति प्रभावित हो रही है।

**MPI सूचकांक:**

- MPI तीन आयामों और 10 संकेतकों में अभाव (deprivation) को ट्रैक करता है:
  - o स्वास्थ्य: बाल मृत्यु दर, पोषण
  - o शिक्षा: स्कूली शिक्षा के वर्ष, नामांकन
  - o जीवन स्तर: पेयजल, सैनिटेशन, बिजली, रसोई ईंधन, फ्लोर, संपत्ति

## वैश्विक भुखमरी सूचकांक (ग्लोबल हंगर इंडेक्स-GHI) 2024

- जारीकर्ता: कंसर्न वर्ल्डवाइड और वर्ल्ड हंगर हेल्प (जर्मनी में Welthungerhilfe) नामक यूरोपीयन NGO द्वारा।
- इस इंडेक्स में भारत 127 देशों में 105वें स्थान पर है।
- वर्ष 2024 के हंगर इंडेक्स में भारत का स्कोर 27.3 है, जो "गंभीर श्रेणी" में आता है।
- इसमें नेपाल 68वें, श्रीलंका 56वें और बांग्लादेश 84वें स्थान और पाकिस्तान 109वें स्थान पर है।
- चीन, UAE और कुवैत सहित 22 देश इस इंडेक्स में पहले स्थान पर हैं।
- GHI का उपयोग अंतरराष्ट्रीय मानवीय एजेंसियों द्वारा कुपोषण और बाल मृत्यु दर संकेतकों के आधार पर भुखमरी के स्तर को मापने और ट्रैक करने के लिए किया जाता है।

## GHI स्कोर की गणना

- प्रत्येक देश का GHI स्कोर 3 आयामों के 4 पैमानों निकाला जाता है।
  1. अल्पपोषण
  2. शिशु मृत्यु दर
  3. चाइल्ड अंडरन्यूट्रिशन
- चाइल्ड वेस्टिंग
- चाइल्ड स्टंटिंग
- इन तीनों आयामों को 100 पॉइंट का स्टैंडर्ड स्कोर दिया जाता है।
- इस स्कोर में अल्पपोषण, शिशु मृत्यु दर और चाइल्ड अंडरन्यूट्रिशन तीनों का एक-एक तिहाई हिस्सा होता है।
- स्कोर स्केल पर 0 सबसे अच्छा स्कोर होता है, वहीं 100 सबसे खराब।

## शहरी शासन सूचकांक

- यह सूचकांक मुंबई स्थित गैर-लाभकारी संगठन प्रजा फाउंडेशन द्वारा जारी किया गया।
- यह सूचकांक केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय शहरी मामलों के संस्थान (NIUA) के सहयोग से तैयार किया गया है।
- उद्देश्य: शहरी सरकारों को सशक्त बनाना और स्थानीय शासन में नागरिकों की भागीदारी बढ़ाना।
- यह सूचकांक चार बुनियादी स्तंभों और 42 संकेतकों के आधार पर राज्यों का मूल्यांकन करता है।
- **स्तंभों में शामिल घटक:**
  - सशक्त शहरी निर्वाचित प्रतिनिधि एवं विधायी संरचनाएँ
  - सशक्त नगर प्रशासन
  - सशक्त नागरिक
  - राजकोषीय सशक्तीकरण

इस सूचकांक में 28 राज्यों, 2 केंद्र शासित प्रदेशों, और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सहित 31 शहरों की रैंकिंग की गई है।

| शीर्ष प्रदर्शनकर्ता पाँच राज्य/UT | निम्न प्रदर्शनकर्ता पाँच राज्य/UT |
|---|---|
| 1. केरल | नागालैंड |
| 2. ओडिशा | मणिपुर |
| 3. महाराष्ट्र | मेघालय |
| 4. छत्तीसगढ़ | पंजाब |
| 5. मध्य प्रदेश | चंडीगढ़ |

- केवल 12 नगर पालिकाओं (रायपुर, दिल्ली, अहमदाबाद, बेंगलुरु, भोपाल, तिरुवनंतपुरम, मुंबई, आइजोल, चेन्नई,

लखनऊ, देहरादून और कोलकाता) के पास नए कर लागू करने के स्वतंत्र अधिकार हैं।
- केरल एकमात्र राज्य है जिसने मेयर को आयुक्त की 'वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट' लिखने का अधिकार दिया है।
- शिमला एकमात्र नगर निगम है जो पार्षदों को डिजिटल तंत्र के माध्यम से प्रश्न प्रस्तुत करने की सुविधा देता है।
- केवल छह शहरों (रायपुर, गुरुग्राम, भोपाल, भुवनेश्वर, जयपुर, और हैदराबाद) में नागरिकों द्वारा दर्ज शिकायतों का निवारण किया जाता है।

## रूल ऑफ लॉ इंडेक्स 2024

- जारीकर्ता: वर्ल्ड जस्टिस प्रोजेक्ट (WJP) द्वारा जारी।
- रूल ऑफ लॉ इंडेक्स 2024 में भारत 142 देशों में से 79वें स्थान पर है।
- इस सूचकांक में डेनमार्क ने पहला स्थान पर है।
- इसके बाद नॉर्वे, फिनलैंड, स्वीडन और जर्मनी का स्थान है।
- पाकिस्तान को इस सूचकांक में 140वां स्थान प्राप्त हुआ, जो इसे दुनिया का तीसरा सबसे कमजोर कानून और सुरक्षा वाला देश बनाता है; माली और नाइजीरिया उससे नीचे हैं।
- WJP द्वारा इस सूचकांक में 8 श्रेणियों में 44 संकेतकों का उपयोग करके देशों का मूल्यांकन किया गया है।
- दक्षिण एशियाई रैंकिंग: नेपाल (69), श्रीलंका (75) के बाद भारत का तीसरा स्थान है।
- वेनेजुएला को इस सूचकांक में अंतिम स्थान पर है।

## USA, फ्रांस और आर्मेनिया भारतीय मिलिट्री एक्सपोर्ट के शीर्ष तीन देश बने

- स्वदेशी रक्षा उपकरणों के निर्यात को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत, संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस और आर्मेनिया भारतीय सैन्य निर्यात के शीर्ष तीन ग्राहक बने हैं।
- भारत 100 से अधिक देशों को सैन्य उपकरण निर्यात कर रहा है।
- यू.एस. को निर्यात: लॉकहीड मार्टिन और बोइंग के लिए विमानों और हेलीकॉप्टरों के निर्मित महत्वपूर्ण हिस्से।
- फ्रांस को निर्यात: सॉफ्टवेयर और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण।
- आर्मेनिया को निर्यात: ATAGS आर्टिलरी गन, पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम, स्वाथी हथियार लोकेटिंग रडार।
- उत्पादन के इस मूल्य में निजी क्षेत्र का योगदान 21% है।

## वैश्विक प्रकृति संरक्षण सूचकांक 2024

- जारीकर्ता: बेन-गुरियन विश्वविद्यालय और BioDB.com द्वारा जारी।
- वैश्विक प्रकृति संरक्षण सूचकांक, 2024 में भारत को 45.5 (100 में से) के अत्यंत निम्न स्कोर के साथ 176वें स्थान पर रखा गया है।
- 180 देशों की इस रैंकिंग में भारत किरिबाती (180), तुर्की (179), इराक (178) और माइक्रोनेशिया (177) के साथ सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले पांच देशों में शामिल है।
- अक्टूबर 2024 में शुरू किया गया पहला सूचकांक चार मानदंडों का उपयोग करके संरक्षण प्रयासों का मूल्यांकन करता है:

1. भूमि प्रबंधन
2. जैव विविधता के लिए खतरे
3. क्षमता और शासन
4. भविष्य के रुझान

- भारत की खराब रैंकिंग का मुख्य कारण जैव विविधता के लिए बढ़ते खतरे और अपर्याप्त भूमि प्रबंधन है।

## 21वीं पशुधन गणना शुरू

- केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री ने 21वीं पशुधन गणना अभियान का शुभारंभ किया।
- इस पहल का उद्देश्य भारत में पशु स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है।
- इस सर्वेक्षण के तहत 15 प्रजातियों को शामिल किया जाएगा: मवेशी, भैंस, मिथुन, याक, भेड़, बकरी, सूअर, गाय, घोड़े, खच्चर, गधे, कुत्ते, खरगोश और हाथी।
- इसके साथ ही मुर्गी पक्षियों की भी गणना की जाएगी।
- यह गणना लेटेस्ट डेटा प्रदान करेगी, जो रोग नियंत्रण, नस्ल सुधार और ग्रामीण आजीविका से जुड़ी समस्याओं को हल करने में सहायक होगी।
- इस गणना में डिजिटल प्रौद्योगिकी का उपयोग भी किया गया है और यह पशुधन पालन में महिलाओं की भूमिका, नस्ल प्रबंधन, पशु स्वास्थ्य और उत्पादकता पर ध्यान केंद्रित करेगी।

## एमिशन गैप रिपोर्ट 2024

- जारीकर्ता: संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा जारी।
- इस रिपोर्ट में देशों से नई NDC (Nationally Determined Contributions) स्थापित करने और उच्च महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को अपनाने की अपील की गई है।
- इसके अनुसार देशों को 2030 तक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 42% और 2035 तक 57% की कटौती करने की आवश्यकता है, ताकि ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने का पेरिस समझौते का लक्ष्य हासिल किया जा सके।
- वर्तमान नीतियाँ इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए भी अपर्याप्त हैं।
- रिपोर्ट के अनुसार यदि कोई बदलाव नहीं हुआ, तो तापमान में 3.1 डिग्री सेल्सियस वृद्धि को रोकना कठिन होगा।

## अखिल भारतीय ग्रामीण वित्तीय समावेशन सर्वेक्षण (NAFIS) 2021-22

- जारीकर्ता: NABARD द्वारा जारी।
- यह 1 लाख ग्रामीण परिवारों के सर्वेक्षण पर आधारित है, जिसमें COVID के बाद की अवधि के आर्थिक और वित्तीय संकेतक शामिल हैं।

**NAFIS 2021-22 के प्रमुख निष्कर्ष:**

- मासिक आय: परिवारों की औसत मासिक आय में 57.6% की वृद्धि हुई, जो 2016-17 में 8,059 रुपये से बढ़कर 2021-22 में 12,698 रुपये हो गई।
- कृषि परिवारों की औसत आय 13,661 रुपये और गैर-कृषि परिवारों की आय 11,438 रुपये रही।
- आय स्रोत: सरकारी या निजी क्षेत्र में वेतनभोगी रोजगार सबसे बड़ा आय स्रोत रहा, जो कुल आय का 37% है।
- वित्तीय बचत: औसत वार्षिक वित्तीय बचत 2016-17 की 9,104 रुपये से बढ़कर 2021-22 में 13,209 रुपये हो गई।
- **बीमा कवर:** बीमा कवर वाले परिवारों का प्रतिशत 2016-17 के 25.5% से बढ़कर 2021-22 में 80.3% हो गया।
- **पेंशन:** पेंशन प्राप्त करने वाले परिवारों का प्रतिशत 2016-17 के 18.9% से बढ़कर 2021-22 में 23.5% हो गया।
- **वित्तीय साक्षरता:** अच्छी वित्तीय साक्षरता प्रदर्शित करने वाले उत्तरदाताओं का प्रतिशत 17% अंक बढ़कर 2021-22 में 51.3% हो गया।

# महत्वपूर्ण दिवस

| तारीख | दिवस | महत्वपूर्ण तथ्य |
|---|---|---|
| 1 अक्टूबर | **अंतर्राष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस** | • **2024 की थीम: 'गरिमा के साथ वृद्धावस्था: दुनिया भर में वृद्ध व्यक्तियों के लिए देखभाल और सहायता प्रणालियों को मजबूत करने का महत्व'** (Ageing with Dignity: The Importance of Strengthening Care and Support Systems for Older Persons Worldwide)। <br> • **संयुक्त राष्ट्र** ने 14 दिसंबर 1990 को यह निर्णय लिया कि 1 अक्टूबर को **अंतर्राष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस** के रूप में मनाया जाएगा। |
| 2 अक्टूबर | **महात्मा गांधी जयंती (155वीं), अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस** | • **15 जून 2007** को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में घोषित किया। <br> **महात्मा गांधी** <br> • **जन्म**: 2 अक्तूबर 1869, पोरबंदर, गुजरात। <br> • **पूरा नाम**: मोहन दास कर्मचंद गांधी। <br> • गांधी जी के प्रमुख आंदोलन: **चंपारण आंदोलन**, **खेड़ा आंदोलन**, **असहयोग आंदोलन**, **भारत छोड़ो आंदोलन**, और **सविनय अवज्ञा आंदोलन**। <br> • **मृत्यु**: 30 जनवरी 1948, नई दिल्ली, नाथूराम गोडसे द्वारा हत्या। |
| 2 अक्टूबर | **लाल बहादुर शास्त्री जयंती (120वीं)** | **लाल बहादुर शास्त्री** <br> • **जन्म**: 2 अक्टूबर 1904, वाराणसी, उत्तर प्रदेश। <br> • **मृत्यु**: 11 जनवरी 1966, ताशकंद, उज्बेकिस्तान। <br> • मरणोपरांत **भारत रत्न** से सम्मानित होने पहले व्यक्ति। <br> • 1965 के **भारत-पाक युद्ध** के दौरान देश को **'जय जवान, जय किसान'** का नारा दिया। <br> • भारत के **दूसरे प्रधानमंत्री** (9 जून 1964 से 11 जनवरी 1966) <br> • 1965 में **भारत-पाक युद्ध** के बाद पाकिस्तान के राष्ट्रपति **अयूब ख़ान** के साथ **ताशकंद समझौते** पर हस्ताक्षर किए। |
| 5 अक्टूबर | **विश्व शिक्षक दिवस** | • यह दिवस **1966 में आईएलओ/यूनेस्को की सिफारिश** को अपनाने की वर्षगांठ का प्रतीक है। <br> • **2024 का विषय: "शिक्षकों की आवाज़ को महत्व देना: शिक्षा के लिए एक नए सामाजिक अनुबंध की ओर।"** <br> • **1994** में यूनेस्को ने 5 अक्टूबर को **विश्व शिक्षक दिवस** के रूप में घोषित किया था। |
| 8 अक्टूबर | **भारतीय वायु सेना दिवस** | • 2024 में वायुसेना अपनी **92वीं वर्षगांठ चेन्नई** में आयोजित। <br> • **वायुसेना दिवस 2024 का विषय: 'भारतीय वायुसेना: सक्षम, सशक्त और आत्मनिर्भर'**। <br> **भारतीय वायुसेना:** <br> ○ स्थापना: **8 अक्टूबर 1932** <br> ○ **राष्ट्रपति** तीनों सेनाओं के सर्वोच्च कमांडर हैं। <br> ○ वर्तमान **वायुसेना प्रमुख: अमर प्रीत सिंह**। |
| 9 अक्टूबर | **विश्व डाक दिवस** | • उद्देश्य: **डाक सेवाओं** की सामाजिक और आर्थिक विकास में भूमिका के प्रति जागरूकता फैलाना है। <br> • **2024 का थीम: 'विभिन्न देशों में संचार को सक्षम बनाने और लोगों को सशक्त बनाने के 150 वर्ष'**। <br> • यह दिवस **यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (UPU)** की स्थापना की स्मृति में मनाया जाता है। |
| 10 अक्टूबर | **विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस** | • उद्देश्य: **मानसिक स्वास्थ्य** के मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। |

| | | |
|---|---|---|
| | | • **विश्व मानसिक स्वास्थ्य संघ (World Federation for Mental Health)** ने 1992 में इस दिवस की शुरुआत की।<br>• **2024 का थीम: 'कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य'** (Mental Health at Work) |
| 11 अक्टूबर | **अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस** | • उद्देश्य: **बालिका सशक्तिकरण** को बढ़ावा देना और बालिकाओं के अधिकारों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है।<br>• **2024 का थीम: 'भविष्य के लिए लड़कियों का दृष्टिकोण'** (Girls' Vision for the Future)<br>• **संयुक्त राष्ट्र महासभा** ने 2011 में इस दिवस को मान्यता दी।<br>• **पहला अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस** 2012 में मनाया गया था। |
| 12 अक्टूबर | **विश्व आर्थराइटिस दिवस** | • उद्देश्य: **गठिया (आर्थराइटिस)** के बारे में जागरूकता फैलाना है।<br>• **2024 का थीम: 'यह आपके हाथों में है, आप कदम उठाएं'** (It's in your hands, take action)<br>• **आर्थराइटिस** जोड़ों का रोग है, जिसमें **सूजन और जकड़न** होती है। |
| 13 अक्टूबर | **अंतर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस** | • उद्देश्य: **प्राकृतिक आपदा** के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।<br>• **2024 का थीम: 'एक सुदृढ़ भविष्य के लिए अगली पीढ़ी को सशक्त बनाना'** (Empowering the next generation for a resilient future)<br>• 2009 से यह दिवस **संयुक्त राष्ट्र महासभा** द्वारा 13 अक्टूबर को मनाया जा रहा है। |
| 14 अक्टूबर | **विश्व मानक दिवस** | • इसे **अंतर्राष्ट्रीय इलेक्ट्रोटेक्निकल आयोग (IEC)**, **अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (ISO)**, और **अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (ITU)** के सदस्य मनाते हैं।<br>• **2024 का थीम: "एक बेहतर दुनिया के लिए साझा दृष्टिकोण: बदलती जलवायु के लिए मानक"**। |
| 15 अक्टूबर | **अंतर्राष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस** | • उद्देश्य: **कृषि विकास**, **ग्रामीण विकास**, **खाद्य सुरक्षा**, और **ग्रामीण गरीबी उन्मूलन** में महिलाओं के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना है।<br>• **2024 का थीम: 'Rural Women Cultivating Good Food for All'**।<br>• **संयुक्त राष्ट्र महासभा** ने **18 दिसंबर 2007** को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी। |
| 15 अक्टूबर | **राष्ट्रीय महिला किसान दिवस** | • उद्देश्य: **कृषि में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी** बढ़ाना है।<br>• 2016 में केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने 15 अक्टूबर को **राष्ट्रीय महिला किसान दिवस** के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। |
| 16 अक्टूबर | **विश्व खाद्य दिवस** | • उद्देश्य: **खाद्यान्न की महत्ता** को समझने और उसकी बर्बादी रोकने के लिए लोगों को प्रेरित करना है।<br>• **2024 का थीम: 'बेहतर जीवन और बेहतर भविष्य के लिए भोजन का अधिकार'** (Right to Foods for a Better Life and a Better Future)<br>• यह दिवस **संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन (FAO)** की स्थापना के सम्मान में मनाया जाता है, जो **16 अक्टूबर 1945** को स्थापित हुआ था। (मुख्यालय: **रोम, इटली**) |
| 17 अक्टूबर | **अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस** | • **उद्देश्य:** गरीबी दूर करने के लिए किए जा रहे वैश्विक प्रयासों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।<br>• **2024 का थीम: 'सामाजिक और संस्थागत दुर्व्यवहार को समाप्त करना, न्यायपूर्ण, शांतिपूर्ण और समावेशी समाज के लिए मिलकर कार्य करना'** (Ending Social and Institutional Maltreatment: Acting together for just, peaceful and inclusive societies)<br>• **संयुक्त राष्ट्र** ने इस दिवस को मनाने की पहल **22 दिसंबर 1992** को की थी।<br>• लक्ष्य: **2030** तक विश्व से **गरीबी उन्मूलन** करना है। |

| | | |
|---|---|---|
| **आश्विन मास की पूर्णिमा (शरद पूर्णिमा)** | **वाल्मिकी जयंती** | • इस वर्ष यह **17 अक्टूबर** को मनाई गई।<br>• इसे **प्रगट दिवस** के नाम से भी जाना जाता है।<br>• महर्षि वाल्मीकि को **रामायण** के रचयिता और **संस्कृत भाषा के पहले कवि** के रूप में जाना जाता है।<br>• महर्षि वाल्मीकि को **'आदि कवि'** के रूप में भी जाना जाता है। |
| 21 अक्टूबर | **पुलिस स्मृति दिवस** | • 21 अक्टूबर **1959** में भारत-चीन सीमा पर **सीआरपीएफ** के 10 जवान शहीद हो गए थे।<br>• **1962** में इस दिन को **पुलिस स्मृति दिवस** के रूप में मान्यता दी गई थी। |
| 24 अक्टूबर | **संयुक्त राष्ट्र दिवस** | • 24 अक्टूबर 1945 को **संयुक्त राष्ट्र की स्थापना।**<br>• 'संयुक्त राष्ट्र' शब्द का पहली बार उपयोग अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति **फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट** ने किया था।<br>• वर्तमान में इस संगठन में **193 सदस्य देश** हैं, जबकि स्थापना के समय केवल **51 सदस्य** थे।<br>• संयुक्त राष्ट्र महासचिव: **एन्टोनियो गुटेरस।** |
| 24 अक्टूबर | **विश्व पोलियो दिवस** | • रोटरी इंटरनेशनल द्वारा बनाई पहली पोलियो वैक्सीन के शोधकर्ता जोनास साल्क के सम्मान में मनाया जाता है।<br>• वर्ष 2024 की थीम: "हर बच्चे तक पहुंचने के लिए एक ग्लोबल मिशन" (A Global Mission to Reach Every Child)।<br>• पोलियो को पोलियोमाइलाइटिस भी कहा जाता है। यह संक्रामक वायरल बीमारी है, जो मुख्य रूप से 5 साल से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित करती है।<br>• पोलियो से प्रभावित बच्चे को पैरालिसिस होता है और कभी-कभी मृत्यु तक हो जाती है।<br>• भारत को वर्ष 2014 में पोलियो मुक्त घोषित किया गया। |
| 24 अक्टूबर | **विश्व विकास सूचना दिवस** | • यह दिवस आम जनता के बीच **सूचना के प्रसार** के महत्व को दर्शाता है।<br>• **उद्देश्य: विकास की समस्याओं** की ओर दुनिया का ध्यान आकर्षित किया जा सके और उनके समाधान हेतु प्रयास किए जा सकें।<br>• **कारण: 24 अक्टूबर, 1970** को द्वितीय राष्ट्र विकास दशक के लिए **अंतर्राष्ट्रीय विकास रणनीति** को अपनाया गया था। |
| 29 अक्टूबर | **आयुर्वेद दिवस** | • आयुर्वेद दिवस **धन्वंतरि जयंती** पर मनाया जाता है।<br>• **धन्वंतरि जयंती** आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को मनाते है।<br>• **आयुर्वेद दिवस 2024 का विषय:** "वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार"। |
| 31 अक्टूबर | **राष्ट्रीय एकता दिवस** | • यह **वल्लभभाई पटेल की जयंती** के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।<br>• **राष्ट्रीय एकता दिवस** को भारत सरकार ने **2014 में शुरू** किया।<br>• वल्लभभाई पटेल ने **स्वतंत्र भारत के राष्ट्रीय एकीकरण में** महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।<br>• सरदार पटेल की **150वीं जयंती** के अवसर पर **2024 से 2026 तक दो वर्षीय राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम** का आयोजन होगा।<br>**सरदार वल्लभ भाई पटेल**<br>• **जन्म: 31 अक्तूबर 1875** को गुजरात के **नाडियाड** में।<br>• **भारत के लौह पुरुष** के रूप में जाना जाता है।<br>• भारत के पहले **उप-प्रधानमंत्री और गृहमंत्री** रहे।<br>• **गुजरात के नर्मदा किनारे** स्थित केवाडिया में सरदार पटेल की विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा **(182 मीटर) 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी'** है। |

| | | |
|---|---|---|
| 31 अक्टूबर | **विश्व नगर दिवस** | • उद्देश्य: **शहरीकरण की चुनौतियों का समाधान** करना और **सतत शहरी विकास में योगदान** देना है।<br>• **वर्ष 2024 का विषय**: "शहरों के लिए जलवायु और स्थानीय कार्रवाई का नेतृत्व कर रहे युवा"।<br>• संयुक्त राष्ट्र ने इस दिवस को मनाने का निर्णय **2013 में लिया** था। |

## संयुक्त राष्ट्र निशस्त्रीकरण सप्ताह

- प्रत्येक वर्ष **24 से 30 अक्तूबर** तक **संयुक्त राष्ट्र निशस्त्रीकरण सप्ताह** मनाया जाता है।
- यह सप्ताह **संयुक्त राष्ट्र की स्थापना की वर्षगांठ** का प्रतीक है और **हथियारों के प्रसार को कम करने** के लिए जागरूकता बढ़ाने का प्रयास करता है।
- **UNDC (United Nations Disarmament Commission)** की स्थापना **1952 में** की गई थी।
- इसका मुख्यालय **न्यूयॉर्क, अमेरिका** में है और **मुहम्मद उस्मान इकबाल जादून** इसके प्रमुख हैं।

# Samyak
An Institute For Civil Services

# IAS
## FOUNDATION
क्लास 12th के बाद ग्रेजुएशन के साथ 3 वर्षीय कोर्स

# RAS
## FOUNDATION
क्लास 12th के बाद ग्रेजुएशन के साथ 3 वर्षीय कोर्स

# PSI
## PAPER 1st & PAPER 2nd

**Special Batch For**
**RAS PRELIMS**
**FAST TRACK BATCH**
**300 HOURS** INTENSIVE CLASSES BASED ON MOST IMPORTANT TOPICS

**RAS-2021 RESULT**
राजस्थान में पहली बार
**TOP 10 में 9 TOPPERS**

RANK 1 विक्रांत शर्मा
RANK 2 प्रिया बजाज
RANK 4 विश्वजीत
RANK 5 भारती गुप्ता
RANK 6 आकांक्षा दुबे
RANK 7 कंचन चौधरी
RANK 8 शुभम शर्मा
RANK 9 निधि उदसरिया
RANK 10 सत्यनारायण

TOTAL **650+** Selection

## Samyak Gurukul
A Residential Coaching For Civil Services
शिक्षा | स्वास्थ्य | संस्कार | सफलता

**राजस्थान में पहली बार IAS/RAS की तैयारी के लिए पूर्ण सुरक्षित माहौल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आवासीय कोचिंग**

गुरुकुल की सुविधाएँ
- विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन
- गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजन
- योग प्राणायाम
- सेपरेट हॉस्टल (Boys / Girls)
- आधुनिक क्लासरूम
- लाइब्रेरी




ONLINE COURSE & TEST SERIES AVAILABLE ON APP
SCAN QR & DOWNLOAD APP NOW

Live & Recorded Classes
Test Series & Solution
Personal Mentorship
Toppers' Strategic Sessions

**HEAD OFFICE: NEAR RIDDHI - SIDDHI, JAIPUR 9875170111**